संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, रविवार, 30 अप्रैल 2023 | ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 12 अंक: 117 पृष्ठ: 12 | RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने अखिल भारतीय वैदिक विज्ञान सम्मेलन का उद्घाटन किया।

# 'डबल इंजन से होगा कर्नाटक में विकास'

## मुझे कांग्रेस वालों ने 91 बार गालियां दीं, ये इतनी मेहनत गुड गवर्नेंस में करते तो खराब हालत नहीं होतीः मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरू**

**कर्नाटक** में 10 मई को विधानसभा चुनाव होंगे। वोटिंग से 11 दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य के दो दिन के दौरे पर शनिवार को बीदर पहुंचे। उन्होंने तीन सभाएं कीं। सबसे पहले सुबह 11 बजे हुमनाबाद में जनसभा को 36 मिनट संबोधित किया। दूसरी- दोपहर सवा एक बजे विजयपुरा में। यहां वे 27 मिनट बोले। मोदी पौने 3 बजे बेलागावी के कुडाची में 38 मिनट बोले। बीदर में प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे कांग्रेस के लोगों ने 91 बार गालियां दीं। गालियों के शब्दकोष में टाइम खराब करने के बजाय अगर कांग्रेस ने इतनी मेहनत गुड गवर्नेंस में की होती तो इनकी इतनी दयनीय स्थिति नहीं होती। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 27 अप्रैल को कलबुर्गी में एक चुनावी सभा के दौरान प्रधानमंत्री को जहरीले सांप की तरह बताया था। मोदी का इशारा खड़गे पर था। खड़गे ने कहा था कि आप सोच सकते हैं कि यह जहर है या नहीं, लेकिन अगर उसे चखेंगे, तो आपकी मौत हो जाएगी। हालांकि, विवाद बढ़ने के बाद खड़गे ने माफी मांग ली थी।

### 'लखपति दीदी' बनाया'

**पीएम** ने कहा कि जब तक कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार रही उसने गरीबों के घर बनाने की रफ्तार धीमी कर दी। डबल इंजन की सरकार बनने के बाद कर्नाटक में गरीबों को 9 लाख के आस पास पक्के घर मिलना तय हुआ। भाजपा ने बीदर में करीब 30 हजार घर बनाए हैं यानी बीदर की 30 हजार बहनों को हमने 'लखपति दीदी' बनाया है। कांग्रेस को कभी गरीब की तकलीफ समझ ही नहीं आई, इन्होने कभी गरीबी देखी ही नहीं। कांग्रेस वो दल है जो विकास में भी राजनीति करती है, रोड़े अटकाती है।

**हमने बंजारा साथियों को भी विकास से जोड़ा: पीएम**

पीएम ने आगे कहा, करोड़ों माताओं-बहनों के बैंक खाते बीजेपी ने खुलवाए, उसमें सरकारी मदद सीधे पहुंचे यह व्यवस्था बीजेपी ने की।

**पीएम उम्मीदवार बना, तब बीदर की जनता ने आशीर्वाद दिया था:** प्रधानमंत्री ने 2014 का वाकया याद करते हुए कहा कि ये मेरा सौभाग्य है कि इस विधानसभा चुनाव में मेरी शुरूआत बीदर से हो रही है। बीदर का आशीर्वाद मुझे तब भी मिला था जब मैं प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बना था। आज इतनी बड़ी संख्या में यहां आ कर आपने पूरे देश को संदेश दे दिया है कि इस बार, भाजपा सरकार। यह चुनाव कर्नाटक को देश में नंबर-1 राज्य बनाने का चुनाव है।

पीएम ने कहा कि कर्नाटक को देश का नंबर-1 राज्य बनाने के लिए यहां डबल इंजन सरकार का होना बेहद जरूरी है।

## सूडान से भारत लाए गए 365 भारतीय

ऑपरेशन कावेरी के तहत सूडान से 365 भारतीय दिल्ली लौटे।

**टीम एक्शन इंया/नई दिल्ली**

**सूडान** में लड़ाई के बीच से निकाले गए 365 भारतीय दिल्ली लौटे। इन्हें पोर्ट सूडान से पहले सऊदी अरब के जेद्दाह ले जाया गया था। ये सूडान से बचाए गए भारतीयों का छठा बैच है। इसके अलावा शनिवार सुबह 231 भारतीयों के साथ एक और विमान नई दिल्ली पहुंचा था। वहीं, शुक्रवार रात भारतीय वायुसेना ने युद्ध में धधक रहे सूडान की जमीन पर उतरकर अपनी तरह का पहला ऑपरेशन चलाया है।

संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार | G20 | आजादी का अमृत महोत्सव

जन शक्ति

एक सामूहिक सामर्थ्य

का शुभारंभ

भारत की कलात्मक विविधता का उत्सव मनाती एक प्रदर्शनी

संग्रहाध्यक्ष : डॉ. अलका पांडे

'मन की बात' के 100वें संस्करण

के अवसर पर

रविवार, 30 अप्रैल, 2023 । संध्या 6:30 बजे

राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय, जयपुर हाउस
इंडिया गेट हेक्सागान, नई दिल्ली

मुख्य अतिथि

अंजलि इला मेनन
प्रख्यात कलाकार

गरिमामयी उपस्थिति

जी. किशन रेड्डी
माननीय केन्द्रीय संस्कृति, पर्यटन एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री

मीनाक्षी लेखी
माननीया संस्कृति एवं विदेश राज्य मंत्री

CBC 0910V13/0004/2324

कार्यक्रम में आप सादर आमंत्रित हैं।

# अंसारी ब्रदर्स पर भी कसा कानून का शिकंजा!

**टीम एक्शन इंडिया/**
**लखनऊ/गाजीपुर**

**उत्तर प्रदेश** में 29 अप्रैल, शनिवार का दिन योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा प्रदेश में कानून का राज स्थापित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों में एक बड़ी उपलब्धि के रूप में दर्ज हो गया। प्रदेश में कभी दहशत का पर्याय रहा माफिया अंसारी ब्रदर्स आज सपरिवार सलाखों के पीछे पहुंच गया। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि योगी सरकार के सुशासन और माफिया के खिलाफ प्रभावी पैरवी के चलते वर्षों पुराने गैंगस्टर केस में मुख्तार अंसारी को 10 साल की सजा और पांच लाख का जुमार्ना हुआ है। उसके भाई अफजाल अंसारी को चार साल की सजा और एक लाख रुपये के जुमार्ने की सजा सुनाई गई है। सजा सुनाए जाते ही अफजाल अंसारी की सांसदी भी चली गई है। योगी सरकार की कोर्ट में प्रभावी पैरवी का ही नतीजा है कि एक के बाद एक प्रदेश के अपराधियों को सजा मिल रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की कमान संभालते ही प्रदेश में जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अपराध और अपराधियों के खिलाफ सख्त एक्शन लेना शुरू कर दिया था। इसका परिणाम सामने है कि आज प्रदेश माफिया और अपराधियों से पूरी तरह से भय मुक्त हो गया है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार में पहली बार इससे पहले भी माफिया मुख्तार को सजा हो चुकी है। मुख्तार का बेटा अब्बास अंसारी पहले ही मनी लांड्रिंग के केस में सलाखों के पीछे है। मुख्तार अंसारी की पत्नी अफशा अंसारी, छोटा बेटा उमर अंसारी भी कई मामलों में फंसे हुए हैं और इस समय फरार चल रहे हैं। मुख्तार की बहू निखत अंसारी जेल में है। यह वही बड़े माफिया हैं जो पहले की सरकारों में खुलेआम किसी किंग की तरह जीते थे। अपना अत्याचार प्रदेश की जनता पर बेखौफ होकर करते थे। लोगों के मन मस्तिष्क में एक बोर्ड लग गया था।

### पैरवी का असर

= एमपी-एमएलए कोर्ट ने माफिया मुख्तार को सुनायी 10 साल की सजा, अंसारी ब्रदर्स को 15 साल पुराने गैंगस्टर मामले में सुनायी सजा

उत्तर भारत का प्रमुख मीडिया समूह

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक एक्शन इंडिया

आपका हार्दिक स्वागत करता है

संस्थापक :
श्रद्धेय राकेश भारद्वाज

स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह

रविवार, दिनांक 30 अप्रैल 2023 प्रारम्भ : सांय 4.00 बजे

स्थान: "श्री दयानंद खत्री कुटीर" साफियाबाद रोड़, नरेला, दिल्ली-40

सांस्कृतिक कार्यक्रम | सम्मान समारोह | जलपान सांय 4 बजे से

कार्यक्रम संयोजक :
रामा खत्री
ब्यूरो चीफ, बाहरी दिल्ली

# जयराम ठाकुर ने हिमाचल के युवा उद्यमी दिशांत कपिल की किताब अर्बन मंक का किया विमोचन

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता विपक्ष जयराम ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश के युवा उद्यमी दिशांत कपिल की किताब अर्बन मंक विमोचन किया। दिशांत कपिल हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा से संबंध रखने वाले हैं इससे पहले वे दिल्ली में विभिन्न कारपोरेट में काम कर चुके हैं। यह उनकी पहली किताब है जो भगवत गीता से प्रेरित है और भगवत गीता के 18 अध्याय को वर्तमान जीवन से जोड? का प्रयास करती है। इस मौके पर शिमला के सांसद व भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप बतौर विशेष अतिथि कार्यक्रम में मौजूद रहे ।अपने संबोधन में जयराम ठाकुर में प्रदेश के युवा के द्वारा लिखी इस किताब की सराहना करते हुए कहा कि आज हम अपनी संस्कृति से विमुख होते जा रहे हैं ऐसे में इस तरह के प्रयास युवाओं को अपनी संस्कृति से जुड़ेंगे।आज के

आधुनिक युग में गीता एक मार्गदर्शक का की भूमिका निभा सकती है। गीता में धर्म से लेकर कर्म व त्याग का महत्व दशार्या गया है हमें जीवन के हर क्षेत्र में गीता एक सही राह दिखा सकती है ।उन्होंने अपनी व्यक्तिगत अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि आज भी इस मुकाम पर पहुंचे उस मुकाम पर पहुंचने के लिए उन्होंने कर्म पर भरोसा किया है ।आज जिस कार्य के लिए लोगों ने उन पर भरोसा जताया है उसे करने में दिन-रात जुटे हुए हैं इस मौके पर बतौर विशेष अतिथि कार्यक्रम में मौजूद सांसद व भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप ने इस प्रयास को एक युवा सोच द्वारा उठाया गया सराहनीय कदम बताते हुए कहा कि आज हमे भागवत गीता से प्रेरणा लेने की जरूरत है। इस कार्यक्रम में मौजूद सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए इस किताब के लेखक दिशात कपिल ने कहा कि वर्तमान जीवन की परिस्थितियों ने उन्हें भागवत गीता की ओर प्रेरित किया। यह मेरी जीवन की पहली किताब है और इस पहली किताब के पहले पन्ने पहले अक्षर को लिखते ही उस दिन भी मैंने तय कर लिया था इस किताब का विमोचन जयराम ठाकुर और सुरेश कश्यप जी की मौजूदगी में होगा। और मेरा सपना आज पूरा होने जा रहा है।

इस किताब में मैंने अपनी जिंदगी के अनुभव और गीता पढ? के बाद मेरे विचार में जो बदलाव आया है उन्हीं को शब्दों के रूप में आप सबके सामने लाने का एक प्रयास किया है। गीता बहुत बड़ा विषय है उस पर कुछ लिख पाना अपने आप में बहुत बड़ी चुनौती है ।लेकिन मैंने अपनी छोटे से जीवन से जो अनुभव और जीवन को देखने की दृष्टि को गीता के माध्यम से अनुभव किया है उन्हीं को इस किताब के माध्यम से आप लोगों के बीच लाने का प्रयास कर रहा हूं। हो सकता है मेरे इस प्रयास में कई त्रुटियां हो कई गलतियां हो इसमें मैं आप सभी लोगों से सहयोग की अपेक्षा रखता रखता हूं। गीता में हमेशा कर्म को ही प्रधानता दी है और आज हमारे बीच में जो शख्सियत मौजूद थे इसका जीता जागता उदाहरण है।

जयराम ठाकुर ने अपने कर्म से ही आज प्रदेश की राजनीति में अलग मुकाम हासिल किया है। इनका जीवन का संघर्ष ईमानदारी वह पार्टी के प्रति निष्ठा मेरे जैसे कितने कार्यकताओं को प्रेरणा देता है कि यदि आप ईमानदारी से अपने कर्तव्य पथ पर चलते हैं तो निश्चित तौर पर आपको सफलता मिलेगी इस पुस्तक को लिखने में मेरे परिवार का भी बहुत सहयोग रहा है इस मौके पर उनका भी धन्यवाद करना चाहूंगा। इस मौके पर विधायक राकेश जमवाल डीएस ठाकुर ठाकुर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# नवनियुक्त एसडीएम राजकुमार ठाकुर ने राजगढ़ में कार्यभार संभाला

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

सिरमौर के राजगढ़ उपमंडल में नए एसडीएम राजकुमार ठाकुर ने अपना पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के बाद राजकुमार ठाकुर ने कहा कि वह पहले भी राजगढ़ में तहसीलदार सेवा कर चुके हैं और यहाँ के पुरे क्षेत्र और लोगों से परिचित हैं। राजगढ़ तक फैला हुआ उपमंडल है। उनकी प्राथमिकता बनी रहती है कि उनके और पुरे उपमंडल के अन्य आने वाले आने वाले क्षेत्रों के लोगो के कार्य में उसी दिन हो जाएं। उन्होंने कहा कि राजगढ़ उपमंडल एक हरभरा और सुन्दर क्षेत्र है। यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। इसलिए पर्यटकों की दृष्टी से संबंधित स्थानों का चयन कर विकास किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सरकार के विभिन्न उपक्रम और योजनाओं का कार्यान्वन करने का भरसक प्रयास किया जाएगा।

ताकी सभी बातचीत और योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंच सके। उनका यह प्रयास भी रहेगा कि आपदा के समय में वह स्वयं व संबंधित अधिकारी पीडितो को उत्तरदायी सहायता दे सके और राजगढ़ में स्वच्छ व योग्य योग्य प्रशासन की स्थापना हो सके। उन्होंने कहा कि राजगढ़ के सभी समझौते से समन्वय स्थापित कर विकास कार्यो को गति देने का प्रयास किया जाएगा। ताकि राजगढ़ क्षेत्र का सवार्गीण विकास हो सके।

# सुमित खिमटा ने उपायुक्त का पदभार संभाला

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

सुमित खिमटा ने आज शुक्रवार को उपायुक्त सिरमौर का पदभार संभाल लिया है। वर्ष 2015 बैच के आईएएस अधिकारी खिमटा इससे पूर्व उपायुक्त लाहौल-स्पिति के पद पर तैनात थे। उपायुक्त ने कहा कि उनकी प्राथमिकता प्रदेश सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों योजनाओं और निदेर्शों को सही परिप्रेक्ष्य के साथ तीव्रिता इके जिला में लागू करना है। उन्होंने कहा कि क्षमता, जवाबदेवी, पारदर्शिता के तीन मूल सिद्धांतों अनुरूप वह कार्य करेंगें। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध स्वास्थ्य और शिक्षण सेवाओं का लाभ सभी लोगों को मिले यह सुनिश्चित बनाया जाएगा साथ ही इन संस्थानों में ढांचागत सुविधायें विकसित की जाएंगी। उपायुक्त ने कहा कि जिला में हेलीपोर्ट,

राजीव गांधी मॉडल स्कूल और इलैक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास की तरफ विशेष ध्यान दिया जाएगा ताकि जिला के दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि वेल्फेयर एडमिनिस्ट्रेशन के तहत सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाया जाएगा। सुमित खिमटा ने कहा कि आम जन के स्वास्थ्य के दृष्टिगत फूड सेफटी के मापदंडों को भी जिला में लागू किया जाएगा। इसके अलावा जनता के राजस्व सम्बन्धी कार्यों के समयबद्ध निपटारे किये जाएंगे। उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने पूर्व में विभिन्न प्रशासनिक व अन्य पदों पर कार्य करते हुए अपनी बेहतरीन सेवायें प्रदान की हैं।

# जगन कटोच बने अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश सचिव, अनिल परमार को मिला जिला अध्यक्ष का दायित्व

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के जगन कटोच को प्रदेश सचिव नियुक्त किया है इसके साथ ही भोरंज विधनसभा अनिल परमार को जिला अध्यक्ष का दायित्व दिया गया है अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र राणा ने कहां है कि यह नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी नियुक्त दोनों पदाधिकारियों ने कहा है कि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा उन्हें जो दायित्व दिया गया है उनका वह ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे

उन्होंने अपने इस नियुक्ति पर पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल सूचना प्रसारण एवं खेल मंत्री भारत सरकार अनुराग सिंह ठाकुर का विशेष धन्यवाद किया है इसके साथ-साथ उन्होंने महासभा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र राणा उपाध्यक्ष विनोद ठाकुर महासचिव प्रभात सिंह जमवाल का भी धन्यवाद किया है।

# दुकान में सेंध लगाने वाले को पुलिस ने दबोचा

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

जिला सिरमौर के मुख्यालय नाहन में पुलिस की टीम ने चोरी के मामले में एक व्यक्ति को मात्र 3 दिनों में गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रंजीत निवासी हावड़ा पश्चिम बंगाल के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को कानपुर उत्तर प्रदेश से हिरासत में लिया है। पुलिस अब आगामी कार्यवाही के लिए आरोपी को रिमांड हेतु न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करेगी। गौरतलब है कि 25 अप्रैल को विशारद वर्मा, निवासी गुन्नुघाट बाजार, नाहन ने पुलिस थाना सदर नाहन में शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसकी नाहन बाजार में सुभाष ज्वेलर के नाम से आभूषणों की दूकान है।

विशारद ने बताया था कि उसने आभूषणों की टुट-फुट को ठीक करने के लिए एक कारीगर रंजीत नामक व्यक्ति को अपनी दुकान में काम पर रखा था।

उसने बताया कि रंजीत दुकान के रिपेयर के सामान को ठीक करवाने के लिए अम्बाला हरियाणा भी जाया करता था। 24 अप्रैल को विशारद ने रंजीत को सोने का सामान कडे, टॉप्स, पैंडल, मंगलसुत्र, झुमकी, अंगुठी इत्यादि लेकर अम्बाला भेजा था। जिसके बाद रंजीत सामान लेकर अगले दिन तक भी वापस नहीं आया और ना ही उसने विशारद का फोन उठाया। जब विशारद ने उसके कमरे पर जाकर देखा तो वह वहां मौजूद नहीं था।

शिकायतकर्ता ने बताया कि पिछले महीने भी रंजीत इससे 80,000 रुपए एडवांस ले गया था।

शिकायतकर्ता ने बताया कि रंजीत दुकान के दराज से 22 ग्राम सोना भी चुरा कर ले गया जिसकी कीमत 14 लाख के आसपास है। वहीं, शिकायत के बाद जिला पुलिस ने आरोपी की धरपकड़ के लिए एक टीम का गठन किया और अन्य राज्यों की स्थानीय पुलिस से संपर्क साधा।

## न्यूज फ्लैश

### लोजा मानल पंचायत में सरकारी धन के दुरुपयोग की शिकायत उपायुक्त को सौंपा

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

शिलाई विकासखंड की ग्राम पंचायत लोजा मानल में विकासकार्यों में सरकारी धन के दुरुपयोग की शिकायत के बाद कोई कार्रवाई ना होने से स्थानीय लोगों में नाराजगी है। गांव का एक प्रतिनिधिमंडल आज जिला मुख्यालय नाहन डीसी सिरमौर से मिलने पहुंचा। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत प्रधान ने मनमानी करते हुए मनरेगा में भारी अनियमितताएं बढ़ती है। उन्होंने कहा कि मनरेगा मस्टर रोल में फर्जी हाजिरीयां भरी गई है और ऐसे लोगों के नाम पर पैसा निकाला गया है जिन्होंने मनरेगा के तहत पंचायत में कोई काम नहीं किया है। ग्रामीणों ने इस बात पर हैरानी जताई कि बार-बार शिकायत के बावजूद भी इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। जबकि शिकायत में अनियमितताओं के पुख्ता सबूत शिकायत में दिए गए है। लोगों ने कहा कि पंचायत में हुई अनियमितताओं का मामला स्थानीय विधायक व हिमाचल सरकार में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान के सामने भी उठाया गया है और उन्हें उम्मीद है कि वह इस मामले में उचित कार्रवाई करवाएंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार के समय में खुद हर्षवर्धन चौहान ने कई पंचायतों में विकास कार्य में हुई अनियमितताओं के मामले को उजागर किया था ऐसे में उम्मीद है कि इस मामले को भी मंत्री गंभीरता से लेंगे।

### 350 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए नाहन में कैंपस इंटरव्यू 1 मई को

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

जिला रोजगार अधिकारी सिरमौर अक्षय शर्मा ने बताया कि मैसर्ज टेली सर्विस हैदराबाद द्वारा विभिन्न 350 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए एक मई को जिला रोजगार कार्यालय नाहन में कैंपस इंटरव्यू लिये जाएंगे। मैसर्ज टेली सर्विसेस हैदराबाद को दसवीं, जमा दो, आईटीआई डिप्लोमा, स्नातक योग्यता वाले अभ्यर्थियों की आवश्यकता है। इन पदों पर भर्ती हेतु उम्मीदवार की आयु 18 वर्ष से 36 वर्ष के बीच होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा चयनित उम्मीदवारों को 2 लाख रुपये से 3.6 लाख रुपये वार्षिक वेतन दिया जाएगा। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 01 मई 2023 को कैंपस इंटरव्यू के लिए अपने साथ दो पास-पोर्ट साईज फोटो, मूल प्रमाण पत्र एवं बायोडाटा की कॉपी तथा अनुभव प्रमाण पत्र साथ लेकर प्रातः 10 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय नाहन में अपनी उपस्थित दर्ज करवायें।

# शिक्षा के साथ रोजगार भी सुनिश्चित करवाता है हिमालयन ग्रुप : बंसल

**टीम टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

जिला सिरमौर के औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब स्थित हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडी के फामेर्सी विभाग के 13 छात्रों को कैंपस इंटरव्यू के माध्यम से देश के नामी कंपनी में चयन हुआ है। हिमाचल प्रदेश ही नहीं अपितु उत्तर भारत में जाने माने शिक्षण संस्थानों में नाम कमा चुके हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी के 13 छात्रों का चयन कालाअंब स्थित एलन क्योर फार्मा में विभिन्न पदों पर हुआ है। हिमालयन समूह कालाअंब के

कैंपस चेयरमैन रजनीश बंसल, वाइस चेयरमैन विकास बंसल और सीईओ मंनत बंसल ने बताया कि एलन क्योर फार्मा के एचआर हेड विरेंद्र कुमार द्वारा संस्थान के बी फामेर्सी के चतुर्थ वर्ष के छात्रों का इंटरव्यू लिया गया था। उसके पश्चात साक्षात्कार के दो राउंड पूरे होने के पश्चात 13 छात्रों का चयन रोजगार के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि एक साथ फामेर्सी विभाग के बी फार्मा के अंतिम वर्ष के 13 छात्रों को नामी फार्मा उद्योग में रोजगार मिलना जहां विद्यार्थियों के लिए बड़ी उपलब्धि है। वहीं संस्थान का नाम भी रोशन हुआ है। हिमालयन समूह के चेयरमैन रजनीश बंसल ने बताया कि जिन 13 छात्रों का चयन फामेर्सी के अंतिम वर्ष के छात्रों का हुआ है ।चयनित छात्रों में निष्ठाए त्रेहन, अक्षय तोमर, वंदना, कर्ण सैनी, गरिमा, सिद्धार्थ, ज्ञानदीप, कियाउमी, लामा, अनिल, पुनियो सूंपी, रवि कुमार, अभिषेक व अमित शामिल हैं। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन रजनीश बंसल व वाइस चेयरमैन विकास बंसल ने चयनित छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की बधाई दी। उन्होंने कहा कि संस्थान के हर विभाग के छात्रों को कैंपस इंटरव्यू के माध्यम से रोजगार के नए अवसर प्रदान किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों के छात्र देश-विदेश की नामी बहुराष्ट्रीय कंपनियों में प्लेसमेंट हासिल कर चुके हैं। इस दौरान हिमालयन समूह कालाअंब के चेयरमैन रजनीश बंसल, वाइस चेयरमैन विकास बंसल ने बताया कि उनका हमेशा प्रयास रहा है कि यहां के छात्र पढ़-लिखकर अपने मां-बाप व

### बुहाल की महिला ने पेड़ से फं दा लगाकर दी जान

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहपुर/विजय समयाल**

पुलिस थाना फतेहपुर के तहत पड़ती पँचायत ठेहड़ के बार्ड नम्बर दो बुहाल की एक महिला ने खेतों में एक पेड़ से लटक कर अपनी जीबनलीला समाप्त कर ली है। मिली जानकारी अनुसार उक्त गाँब की करीब 46 बर्षीय महिला बबली देबी बीती देर शाम गले में चुनी का फंदा लगाकर एक पेड़ से झूल गई। जिस कारण उसकी मौत हो गई। मृतका के पति जीत सिंह ने पुलिस को दिए व्यान में बताया है कि बो बीती शाम जब घर पहुंचा तो घर के दरबाजे बन्द थे।

# चंद्र आभा मेमोरियल ब्लाइंड स्कूल में मनाया आजादी का महोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

**कुल्लू।** चंद्र आभा मेमोरियल ब्लाइंड स्कूल कुल्लू में आजादी का महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर नेत्रहीन बच्चों में विभिन्न खेलों की प्रतिस्पधार्एं करवाई गई। इस अवसर पर इंडियन फॉरेस्ट सर्विस ऑफिसर बसु मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और नेशनल एसोसिएशन फॉर दी ब्लाइंड हिमाचल प्रदेश स्टेट ब्रांच की सचिव शालिनी वत्स किमटा विशेष रूप से उपस्थित रही। इस अवसर पर 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, खो-खो, लंबी कूद, रिले प्लेस, पार्सल पास, स्किपिंग व

शतरंज जैसी प्रतियोगिताएं करवाई गई। इन खेलों का उद्देश्य बच्चों का मानसिक, वौद्धिक व शरीरिक विकास के अलावा कितनी भी चुनौतियों के सामने सक्षम होना है। इस अवसर पर शालिनी वत्स किमटा ने बताया कि चंद्र आभा विधायक हरिद्वार की तर्ज पर अखिल भारतीय नेत्रहीन विद्यालयों के लिए आयोजित अनम प्रेम अखय तृतीय कार्यक्रम में बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करना चाहता है। इस कार्यक्रम में विभिन्न कार्यशालाएं थी। संगीत और कैरियर पहलू, रेडियो जॉकी और बॉक्स ओवर कार्यशाला, न्यूज रिपोर्टिंग और एंकरिंग कार्यशाला, फोटो ग्राफ ी जुनून, स्किल डेवलपमेंट, कैंडल मेकिंग और कैरियर पहलू कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में 9 बच्चों ने भाग लिया। मुख्यातिथि इंडियन फॉरेस्ट सर्विस ऑफिसर बसु ने ऐसे कार्यक्रमों की सराहना की।

# शिमला के भवनों की बेसमेंट को पार्किंग/गैराज के लिए खोला जाएगा: हर्षवर्धन

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने शिमला में एलान किया कि प्रदेश सरकार नगर निगम चुनाव के बाद शिमला के भवनों की बेसमेंट को पार्किंग/गैराज के लिए खोला जाएगा। इसके लिए बाकायदा पॉलिसी लाई जाएगी ताकि लोगों को बड़ी राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि एटिक को पहले ही सरकार मंजिल बनाने का फैसला कर जनता को लाभ दे चुकी है। सरकार जल्द ही हिमाचल प्रदेश को उन्होंने कहा कि ट्रिपल इंजन की भाजपा सरकार नगर निगम शिमला के चुनाव करवाने में भी पूरी तरह नाकाम रही। क्योंकि उन्हें पता था कि विधानसभा चुनाव से पूर्व निगम चुनाव में करारी हार मिलेगी तो फजीहत होगी। अब कांग्रेस सरकार ने चुनाव करवाए तो झूठी गारन्टियाँ देने चले है। जब 5 साल केंद्र, प्रदेश और निगम तीनों जगह भाजपा सरकार थी तो तब निगम और शिमला की समस्याओं की सुध क्यों नहीं ली। शिमला की जनता को पीलिया युक्त पानी पिलाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपने 4 महीने के छोटे से कार्यकाल में ही अपनी बड़ी गारंटियों को पूरा कर दिया है। 1.36 लाख कर्मचारियों को पेंशन, 2.31 लाख महिलाओं को चरणबद्ध तरीके से 1500 रुपये मासिक की गारंटी को पूरा कर लिया है। कांग्रेस सरकार ने अन्य गारंटियों पर भी काम किया जा रहा है। यही वजह है कि 4 माह पूर्व हारी भाजपा को फिर से हार मिलेगी और कांग्रेस जीतेगी। हरचवर्धन ने कहा कि आज भाजपा जयराम ठाकुर के नाम पर नहीं बल्कि अनुराग ठाकुर को गली गली घुमाकर चुनाव लड़ रही है। क्या वजह है कि जयराम 4 महीने में ही हाशिए पर आ गए।

# एनटीपीसी के सभी स्टेशन की कुल क्षमता 716444 मेगावाट

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

एनटीपीसी की कुल स्थापित क्षमता 71644 मेगावाट है। एनटीपीसी कोलडैम द्वारा कमिशनिंग से लेकर अब तक 24.51 बिलियन यूनिट से भी ऊपर विद्युत उत्पादन किया गया है। एनटीपीसी को भविष्य में 2032 तक 1.30 हजार मेगावाट का उत्पादन कर एक सर्वश्रेष्ठ कंपनी बनना है। देश के कुल पावर जनरेशन में 15 से 26 प्रतिशत योगदान एनटीपीसी कर रहा है। यह सब हमारे दक्ष अभियंताओं व कर्मचारियों, अधिकारियों व पूरी फोर्स की मेहनत का फल है। कहा कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर 50 प्रतिशत विद्युत उत्पादन रिन्यूअल

एनर्जी से होगा। एनटीपीसी प्लांट अपने ग्राहकों के लिए प्रतिबद्धता को पूरा करने में सदैव तत्पर रहते है। जल टैक्स पर उन्होंने बताया की नोटिफिकेशन मिल गई है और हम इसके भुगतान के लिए भी तैयार है, लेकिन अभी तक हमारे पास क्लियर गाइडलाइन नहीं है। केंद्र सरकार की तरफ से यह मत है कि वाटर सेस नहीं लगना चाहिए है और राज्य सरकार कह रही है कि देना होगा। कहा कि इससे पावर कॉस्ट पर फर्क पड़ेगा उन्होंने कहा कि एनटीपीसी देश की तरक्की के लिए बढ़-चढकर योगदान दे रही है। यह जानकारी एनटीपीसी कोलडैम के मुख्य महाप्रबंधक कुलविंदर सिंह ने प्रेस के साथ रूबरू होते हुए सांझा की। बता दें एनटीपीसी कोलडैम के मुख्य महाप्रबंधक कुलविंदर सिंह इसी महीने में सेवानिवृत भी हो रहे है। उन्होंने उनके कार्यकाल में मीडिया द्वारा दिए गए सहयोग का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी कोलडैम द्वारा प्रभावित गांवों के विकास के लिये प्रतिबद्ध है, लोगों के जीवन शैली में परिवर्तन को प्राथमिकता मानती है। एनटीपीसी कोलडैम द्वारा सामुदायिक विकास कार्य भी करवाए जा रहे है। एनएसआईसी मंडी के माध्यम से आस-पास के क्षेत्रों में युवाओं, महिलाओं के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिसमें कढ़ाई बुनाई, कम्पयूटर व हस्तशिल्प आदि प्रशिक्षण मुख्य है। हेल्थ में मोबाइल मेडिकल यूनिट फॉर ओल्ड एज होम एंड इमरजेंसी सर्विसेज के लिए दी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष एनटीपीसी कोलडैम द्वारा परियोजना के आसपास के अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा वाटर स्पोर्ट्स सेंटर का उदघाटन किया गया। एनटीपीसी कोलडैम को स्टेशन को मानव संसाधन के क्षेत्र में सर्वोत्तम प्रथाओं के लिए प्लैटिनम श्रेणी में एचआर एक्सीलेंस अवार्ड 2022 तथा सीएसआर गतिविधियों के लिए भी प्लैटिनम श्रेणी में एपेक्स इंडिया सीएसआर एक्सीलेंस अवार्ड 2022 प्राप्त हुआ है।

### पुलिस ने की शराब सैंपलिंग: सागर

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

जहरीले शराब कांड के एक साल के बाद फिर से सुंदरनगर अवैध शराब का अड्डा बनता जा रहा है। ताजा मामले में दो ठेकेदारों ने एक दूसरे के विरुद्ध मामले दर्ज करवाए हैं, जिसको लेकर पुलिस ने आगामी कार्यवाही शुरू कर दी हैं। मामले को लेकर एएसपी मंडी सागर चंद्र ने मंडी जिला के सभी पुलिस थानों में अवैध शराब की शिकायतें पहुंचती रहती हैं जिन पर पुलिस समय पर भी कार्यवाही करती हैं। उन्होनें कहा कि सुंदरगनर में हुए मामले को लेकर पुलिस ने शराब की सैंपलिंग ली हैं।उन्होनें कहा कि मामले का शोसल मीडिया पर भी कुछ लोगों द्वारा उछाला जा रहा है।

### मुख्यमंत्री ने समकालीन न्यायिक विकास एवं सुदृढ़ीकरण पर आयोजित सम्मेलन का शुभारंभ किया

# न्यायिक प्रणाली में प्रौद्योगिकी का उपयोग पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करेगा: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस न्याय एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से समकालीन न्यायिक विकास एवं सुदृढ़ीकरण कंटेम्परेरी ज्यूडिशियल डिवलेपमेंट एंड स्ट्रेंथनिंग जस्टिस थ्रू लॉ एंड टैक्नोलॉजी विषय पर आयोजित उत्तर क्षेत्र-दो के क्षेत्रीय सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए कहा कि न्यायिक प्रणाली में प्रौद्योगिकी का उपयोग पारदर्शिता, उत्पादिता और दक्षता सुनिश्चित कर सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रौद्योगिकी के उपयोग से न्यायपालिका सहित आज हर क्षेत्र में आम लोगों के जीवन को सरल

बनाने में मदद मिली है। उन्होंने न्यायिक प्रणाली में परिवर्तन एवं सुदृढ़ीकरण के लिए प्रौद्योगिकी को एक सहायक के रूप में रेखांकित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक के उपयोग से न्यायपालिका की कार्यप्रणाली में गति आई है। कोविड-19 महामारी के दौरान वर्चुअल सुनवाई सभी के लिए वरदान साबित हुई है, जिससे लोगों के धन और समय दोनों की बचत हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक सजग और आत्मविश्वासी समाज के साथ-साथ देश के विकास के लिए एक विश्वसनीय और त्वरित न्यायिक प्रणाली आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जब न्याय मिलता नज? आता है, तो संवैधानिक संस्थाओं में आम आदमी का विश्वास और भी बढ़ जाता है तथा कानून-व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण और इसमें निरंतर सुधार भी संभव हो पाता है। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि न्याय में देरी देश के समक्ष सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है और न्यायपालिका इसके समाधान के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वैकल्पिक विवाद निवारण विभिन्न विवादों को सुलझाने का एक साधन है और इस व्यवसाय से जुड़े सभी लोगों के लिए तकनीक के अनुरूप कानूनी शिक्षा तैयार करना एक महत्वपूर्ण लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह सम्मेलन नए विचारों की व्युत्पत्ति और देश में कानूनी सुधारों का मार्ग प्रशस्त करने की दिशा में दूरगामी सिद्ध होगा जिससे देश के लोगों को शीघ्र न्याय सुनिश्चित हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संविधान हम, भारत के लोग के रूप में सभी को एकता के सूत्र में पिरोता है। इसका लक्ष्य और उद्देश्य हमारे लोकतंत्र की मूलभूत विशेषता है। संविधान हमारे लोकतंत्र का आधार है, और यह तीन स्तंभों पर टिका हुआ है। उन्होंने कहा कि इन स्तंभों को अपने-अपने कार्य-क्षेत्र में काम करना चाहिए जिससे कि पारदर्शिता, सामाजिक समृद्धि तथा आपसी सामंजस्य और प्रगाढ़ हो सकेगा।

# लाहौल सुरेश कुमार हुए सेवानिवृत्त

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू /श्याम कुल्वी**

जनजातीय जिला लाहौल स्पीति में जिला लोक संपर्क विभाग कार्यालय केलांग में कार्यरत सहायक लोक संपर्क अधिकारी लाहौल सुरेश कुमार आज सेवानिवृत्त हुए। उपायुक्त लाहौल स्पीति राहुल कुमार ने इस मौके पर सहायक लोक संपर्क अधिकारी सुरेश कुमार को शुभकामनाएं देते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य और दीघार्यु की कामना की। विभाग में अपने कार्यकाल के दौरान निदेशालय लोक संपर्क विभाग शिमला में, जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय धर्मशाला व कुल्लू में उन्होंने अपनी बेहतरीन सेवाएं दी। कर्मठ, निष्ठावान, ईमानदार, सरल व मृदुभाषी स्वभाव के सुरेश कुमार विभाग में अपने 23 वर्ष के कार्यकाल में समय के पाबंद, बेहतरीन सेवाओं के लिए हमेशा तल्लीनता से सेवारत रहे। विभाग द्वारा आज उन्हें उनकी शानदार सेवाओं के लिए

केलांग कार्यालय में सम्मानित कर सादगी व गरिमा पूर्ण तरीके से उन्हें विदाई दी गई। जिला लोक सम्पर्क अधिकारी खेम चौहान ने उनकी दीघार्यु व स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए उन के परिवार जनों को भी शुभकामनाएं दी।
सुरेश कुमार के लाहौल कार्यकाल के दौरान किये गए विभागीय कार्यों को भी कार्यलय के कर्मिओं ने सराहना की ओर बधाई दी। इस दौरान प्रेस क्लब के सदस्यों ने सहायक लोक सम्पर्क अधिकारी के कार्यों व अपने कर्तब्य के प्रति निष्ठा को याद करते हुए उनके सुखमय भविष्य की कामना करते हुए उन्हें रुक्सत किया। सेवानिवृत्त सहायक लोक संपर्क अधिकारी ने इस मौके पर स्टाफ एवं मीडिया कर्मियों का विभागीय कार्यों के निष्पादन में सहयोग के लिए धन्यवाद किया।

## न्यूज फ्लैश

### पूर्व मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र सराज से सौतेले व्यवहार पर उतरे मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू लगभग 45 संस्थान बंद

**टीम एक्शन इंडिया/गोहर/सुभाग सचदेवा**

लगता है मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पूर्व मुख्यमंत्री से कोई निजी खूंदस निकाल रहे हैं। सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार आते ही मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर का विधानसभा क्षेत्र सराज अनाथ हो गया लगता है। ऐसे लगता है सराज का कोई वारिस ही नहीं है।अभी सरकार बनने को 5 महीने भी नहीं हुए सराज विधानसभा क्षेत्र से लगभग 45 संस्थान बंद कर दिए गए हैं। सराज विधानसभा क्षेत्र बिना प्रशासनिक अधिकारियों के ही प्रशासन चल रहा है। ना तो एसडीएम है ना बी डी ओ है ना अधिशासी अभियंता है सहायक अभियंता है न हॉस्पिटल में डॉक्टर न ही स्कूलों में अध्यापक है। लगता है मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पूर्व मुख्यमंत्री जयराम के साथ किसी निजी खूंदस के चलते सिराज वासियों को तंग कर रहे। सराज भाजपा के पूर्व मंडल महामंत्री एवं प्रदेश भाजपा कार्यसमिति के सदस्य गुलजारीलाल सराज भाजपा अनुसूचित जाति जनजाति अध्यक्ष एवं जिला परिषद सदस्य किशोर कुमार पुर्व जिला परिषद सदस्य दीवान चंद जिवा नंद ललित शर्मा भीष्म ठाकुर कला ठाकुर रजनी शर्मा सहित दर्जनों भाजपा सदस्यों ने प्रदेश कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा गरीबों की मसीहा बनने के बड़े-बड़े दावा कर रहे मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू गरीबों की विनाश का कारण बन रहे हैं उन्होंने हैरानी जताते हुए कहा पूर्व सरकार में सिराज विधानसभा क्षेत्र किस सडकों के निर्माण रिटेनिंग वाल वेस्ट वाल वह अन्य छोटे-मोटे काम करने के लिए सरकार द्वारा लगभग 12 करोड़ रुपए के काम करवाए गए थे जिनके टेंडर हो गए थे मगर अवार्ड होने से पहले आचार संहिता लगने के कारण टेंडर अवार्ड नहीं हो पाए। काम संपूर्ण हो चुके हैं वहीं पर अब सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार बनने के बाद यह सभी टेंडर रद्द कर दिए गए हैं जिसे हैं छोटे-छोटे ठेकेदारों को लगभग 12 करोड का नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं पर सिराज विधानसभा क्षेत्र में सुखविंदर सिंह सरकार बनते ही लगभग 45 पैंतालिस छोटे बड़े संस्थान डिनोटिफाई किए गए हैं। बात प्रशासनिक अधिकारियों की करें तो सराज क्षेत्र से एसडीम थुनाग का तबादला हो गया है वहां पर नियुक्ति नहीं हुई एसडीएम बाली चौकी का तबादला हो चुका है वहां पर कोई नियुक्ति नहीं हो पाई भी डी ओ सराज का लगभग एक माह से पद खाली पड़ा है अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सराज काफी समय से पद खाली पड़ा है स्कूलों में अध्यापक नहीं है स्वास्थ्य सुविधाएं चरमरा चुकी हैं मगर सरकार का सराज विधानसभा क्षेत्र में किसी प्रकार की सुविधाएं देने का कोई ध्यान नहीं है। सराज वासी अपने आप को असहाय और लावारिस महसूस कर रहे हैं । सराज की जनता ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से मांग की है सराज विधानसभा क्षेत्र भी उनके अधिकार क्षेत्र में आता है हिमाचल का एक अभिन्न अंग है यहां की विकास कार्यों व अन्य सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए खाली पड़ी पोस्टों को तुरंत भरा जाए जो प्रशासनिक अधिकारी उनके पद खाली पड़े हैं वहां पर नियुक्ति दी जाए ताकि यहां का विकास अन्य कार्य सुचारू रूप से हो सके।

### बीपीएल की लिस्ट में की धांधली के खिलाफ एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

पावंटा साहिब की ग्राम पंचायत धौलाकुंआ में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ग्राम पंचायत के लोगों को सूचना नहीं दी गई। जिसमें प्रधान, उप प्रधान और सचिव शामिल रहे, यहाँ प्रधान के पति ने अपनी मनमानी की और फर्जी लिस्ट तैयार करके अपने चहेतों को बुलाकर ग्राम सभा का कोरम करवाया जो पूर्ण तरह से फर्जी थी। जानकरी देते हुए ग्रामीणों ने बताया की ग्राम सभा में बी.पी.एल. का चयन हुआ जो बिल्कुल निराधार व गलत है। उपरोक्त व्यक्तियों ने जनता के जाने के बाद अपने चहेतों के कुछ नाम जोकि पेशे से ठेकेदार व अच्छे रसूख वालों के नाम बीपीएल परिवार में शामिल कर लिये जिनके पास दो मंजिला मकान, गाड़ियां है जबकि गरीब परिवार के लोगों को बीपीएल सूचि से हटा दिया गया।

# स्टेज एंकरिंग में धूम मचा रहा है मंडी का जयंत भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

स्टेज एंकरिंग भी अब कला की विधा बनती जा रही है। जिसमें कई युवा अपनी आवाज से मंच संचालन कर दर्शक को बांधें रखने की कला में माहिर होते हैं। ऐसे ही हुनरमंद एंकर हैं मंडी के जयंत भारद्वाज जो हर तरह के श्रोताओं के समक्ष मंच संचालन का हुनर दिखाते हैं। हाल ही में संपन्न भाषा एवम् संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित चार दिवसीय हिमाचल उत्सव मंडी में जयंत भारद्वाज ने अपने मंच संचालन से सबका दिल जीत लिया। मंच संचालन के दौरान जयंत ने अपने चुटकुलों तथा शायरी से सभी का भरपूर मनोरंजन किया तथा समय समय पर हिन्दी व पहाड़ी गीत भी गाये। मंडी के जाने माने साहित्यकारों, कलाकारों तथा कवियों ने जयंत की एंकरिंग की भरपूर तारीफ की तथा अपना आशीर्वाद दिया। मुख्य अतिथि के रूप में आयीं स्क्क मंडी सौम्या साम्बशिवन ने जयंत की एंकरिंग कि तारीफ करते हुए कहा कि वे केरल की रहने वाली हैं और हिमाचल में आने के बाद पहली बार किसी ने मंच से उनका सही नाम पुकारा। एडीसी मंडी निवेदिता नेगी ने भी जयंत की एंकरिंग को खूब सराहा। कार्यक्रम के अंतिम दिन जिला भाषा अधिकारी की ओर से जयंत को मंच पर सम्मानित भी किया।

# कांग्रेस की सरकार के समय शिमला में फैला था पीलिया : जयराम

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

भाजपा नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा हमने शिमला नगर निगम के सभी वार्डों में जन संपर्क किया है और इस दौरान जनता में भाजपा के लिए अद्भित जोश देखने को मिला, यह हमारी अपेक्षा से ऊपर है। जनता की बात सुनी जाए तो यह सामने आता है की जनता का मूड भाजपा के पक्ष में है। पूरे शहर में और प्रदेश में निराशा का माहौल है और इसका खामयाजा कांग्रेस पार्टी को इन नगर निगम चुनावों में झेलना पड़ेगा। कांग्रेस पार्टी ने विधान सभा चुनावों में सत्ता हासिल करने के लिए सारी सीमाएं लांघ दी थी और इस बार नगर निगम चुनावों में कांग्रेस

पार्टी ऐसा नहीं कर पाएगी।हमारी डॉक्यूमेंट्री, जो आज आपके समक्ष रखी गई है उसमें भाजपा का काम बोल रहा है, भाजपा ने सभी योजनाओं को जमीन पर उतारा है और काम करके दिखाया है। आगर हम नगर निगम में 25 साल कांग्रेस के और 5 साल भाजपा के तुलना करे तो भाजपा के 5 साल कांग्रेस पर भारी पड़ रहे है। हम यकीन के साथ कह सकते है की शिमला शहर के विकास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बड़ा योगदान है उन्होंने शिमला को स्मार्ट सिटी की बड़ी सौगात दी है। शिमला को रोप वे, एलिवेटर, रोड, पानी, बिजली और स्वच्छता मिली है जो की भाजपा के अथक प्रयासों का फल है। जयराम ने कहा की कांग्रेस के नेताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फोटो से तकलीफ हो रही है और जब भी पीएम मोदी का नाम सामने आता है तो कांग्रेस को फिकर हो ही जाती है। आज कांग्रेस को अपनी सारी गरंटिया गेल पड़ गई है और अब तो कांग्रेस की गारंटी सीमा भी समाप्त हो गई है। हमने देखा है की नगर निगम चुनावों में कांग्रेस के प्रचार में पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह का फोटो सभी जगह से गायब है साथ ही कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का फोटो भी गायब है। सोचना तो कांग्रेस पार्टी को चाहिए। भाजपा ने हिमाचल प्रदेश की जनता को 125 यूनिट फ्री दिए, महिलाओं के बस किराया को आधा किया। यह हमारी गारंटी नहीं थी पर फिर भी हमने काम किया।

# खिलाड़ियों ने दमदार खेल का किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

पड्डुल मैदान में आयोजित टेबल टेनिस प्रतियोगिता के दूसरे दिन अंडर 11 और 13 ग्रुप में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाडि?यों के सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नगर निगम के उप महापौर वीरेंद्र भट्ट उपस्थित हुए। इस अवसर पर टेबल टेनिस एसोसिएशन ने उप महापौर वीरेंद्र भट्ट को शॉल टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान टेबल टेनिस एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष हेमंत वैद्य ने बताया कि स्वर्गीय लाला पी.सी.नंद की याद में हर वर्ष टेबल टेनिस एसोसिएशन द्वारा तीन दिवसीय राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता बैडमिंटन हाल में आयोजित करवाई जा रही है और इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अंडर 11 व 13 ग्रुप के मुकाबलों में खिलाडि?यों ने दमदार खेल का प्रदर्शन किया और जिन खिलाड़ियों ने इन ग्रुप के मुकाबलों में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया है उनको नगर निगम के उप महापौर वीरेंद्र भट्ट द्वारा सम्मानित किया गया।उन्होंने कि इस प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश से 170 के करीब लडके और लड़कियां खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

### पेयजल एवं स्वच्छता सेवाओं में सुधार के लिए सरकार के सशक्त प्रयास

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

जल एवं स्वच्छता, स्वास्थ्य और पोषण स्तर के मुख्य निर्धारक हैं। सुरक्षित पेयजल और स्वच्छता, स्वास्थ्य के लिए नितांत आवश्यक और इनके दीर्घकालिक लाभकारी प्रभाव होते हैं। हाल ही में प्रदेश सरकार द्वारा राज्य के पांच शहरों मनाली, बिलासपुर, पालमपुर, नाहन और करसोग में स्वच्छता सेवाओं में सुधार लाने के लिए फ्रेंच डवेलेपमेंट एजेंसी, फ्रैकेइस डे डेवलपमेंट एएफडी के साथ 817.12 करोड़ रुपये की परियोजना के लिए समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया है।

# किन्नौर जिला के रा.व.मा.पा. रारंग में आयोजित किया गया परिचय अभ्यास

**टीम एक्शन इंडिया/किन्नौर/अनिल**

राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल एनडीआरएफ द्वारा किन्नौर जिला में आयोजित किए जा रहे परिचय अभ्यास के तहत आज जिला के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रा.व.मा.पा रारंग में प्राकृतिक एवं मानवजनिक आपदाओं के समय त्वरित सहायता पहुंचाने के दृष्टिगत परिचय अभ्यास का आयोजन किया गया।
परिचय अभ्यास में विद्यालय के अध्यापकों व विद्यार्थियों को आपदा की स्थिति में किए जाने वाले राहत कार्यों की तैयारियों को सुदृढ़ करने तथा आपदा के समय बरती जाने वाली सावधानियों और कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर एनडीआरएफ के दल द्वारा एक मॉक ड्रील भी आयोजित की गई जिसमें एक नाटकीय आपदा द्वारा उपस्थित अध्यापकों व विद्यार्थियों को आपदा से निपटने बारे जानकारी दी गई। गौरतलब है कि एन.डी.आर.एफ के दल द्वारा 30 अप्रैल को किन्नौर जिला के शलखर, लियो व चांगो में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों, 01 मई को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ज्ञाबुंग, 02 मई को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लिप्पा, 03 मई को निचार स्थित रमेश हाईड्रो इलैक्ट्रिक प्रोजेक्ट, 04 मई को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला उरनी व निगुलसरी तथा 05 मई को निगुलसरी स्थित राष्ट्रीय उच्च मार्ग-5 में भू-स्खंलन स्थल में आपदा की स्थिति से निपटने के लिए परिचय अभ्यास किया जाएगा।

# पांचों भाजपा मंडलों में सुना जाएगा मन की बात कार्यक्रम 100वां एपिसोड

**इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

जिला हमीरपुर भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री अभयवीर सिंह लवली एवं जिला उपाध्यक्ष व जिला हमीरपुर मन की बात कार्यक्रम की संयोजक उषा बिरला ने शुक्रवार को यहां जारी संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस रविवार 30 अप्रैल को मन की बात कार्यक्रम का 100 वां एपिसोड आयोजित होने जा रहा है। जिला हमीरपुर के पांचों भाजपा मंडलों हमीरपुर, सुजानपुर, नादौन, बड़सर एवं भोरंज में बूथ स्तर पर कार्यक्रमों

का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर माह के अंतिम रविवार को अपने मन की बात रेडियो के माध्यम से जनता से करते हैं। पिछले कुछ वर्षों में प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम को काफी लोकप्रियता भी हासिल हुई है। अब जबकि इस कार्यक्रम का 100वां एपिसोड प्रसारित होने जा रहा है तो इसके लिए जिला भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के रूप में देश को एक यशस्वी नेतृत्व मिला है जिसे पाकर देश विकास की नई गाथा लगातार लिखता जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से अपने मन की बात जनता के समक्ष रखने पर उनका आभार भी व्यक्त किया है।
उन्होंने जिला वासियों से भी आग्रह किया है कि वह रविवार 30 अप्रैल को रेडियो के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का 100वां एपिसोड अवश्य सुनें।

# केसर की खेती के लिए किन्नौर जिला का सांगला क्षेत्र है बेहद उपयुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/किन्नौर/अनिल**

जनजातीय जिला किन्नौर जहां अपनी समृद्ध संस्कृति, वेश-भूषा, पहरावा, खान-पान व सेब की खेती के लिए देश सहित विदेश भर में जाना जाता है तो वहीं किन्नौर जिला की सम-शीतोष्ण जलवायु इसे और अधिक खास बनाती है। जिला के मेहनतकश किसान व बागवान प्रकृति के इस वरदान का यथासंभव दोहन कर रहे हैं तथा सेब के साथ-साथ अन्य फसलों की खेती कर अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। इसी दिशा में जिला किन्नौर में विश्व की सबसे महंगी फसल केसर की खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार निरंतर प्रयासरत है तथा समय-समय पर विभिन्न प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से जिला के किसानों व बागवानों को केसर की खेती के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिला कृषि अधिकारी किन्नौर डॉ ओ.पी बंसल बताते हैं कि केसर समुद्र तल से 1500 से 1800 मीटर की ऊंचाई पर शुष्क और सम-सितोषण जलवायु में उगाया जाता है तथा भोगौलिक दृष्टि से किन्नौर की जलवायु केसर की खेती के लिए अनुकूल है तथा जिला का सांगला क्षेत्र केसर की खेती के लिए सबसे उपयुक्त है। जिला में केसर की खेती होने से जहां किसानों व बागवानों को अच्छी आमदनी प्राप्त होगी वहीं प्रदेश की आर्थिकी में भी वृद्धि होगी। केसर की उपयोगिता व आर्थिक महत्व के बारे में बात करते हुए डॉ.ओ.पी. बंसल बताते हैं कि केसर में औषधीय गुण होते हैं जो हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को सुदृढ़ करने,

आंखों की रोशनी बढ़ाने इत्यादि जैसी कई बीमारियों के उपचार में प्रयोग किया जाता है। उन्होंने बताया कि देश में केसर की माँग लगभग 100 टन है बल्कि पैदावार लगभग 6 से 8 टन ही हो रही है। वर्तमान में केसर की पैदावार केवल जम्मू-कश्मीर के पुलवामा व किश्तवाड़ जिला में हो रही है तथा शेष आवश्यकता को पूर्ण करने के लिए केसर का विदेशों से आयात किया जाता है। इसके दृष्टिगत भारत में केसर की खेती को बढ़ावा देना आवश्यक है। केसर की खेती को जिला किन्नौर में बढ़ावा देने के लिए कृषि विभाग तथा सी.एस.आई.आर-आई.एच.बी.टी पालमपुर के संयुक्त तत्वाधान में जिला में विभिन्न प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जहां जिला के किसानों व बागवानों को केसर उगाने बारे सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की जा रही है। इसी प्रकार के एक प्रशिक्षण शिविर में सी.एस.आई.आर-आई.एच.बी.टी पालमपुर के वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक राकेश कुमार ने जिला के किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि केसर की बिजाई से एक माह पहले खेत को तैयार करना होता है और इसमें देसी खाद का उपयोग करने से अच्छी पैदावार होती है। उन्होंने बताया कि केसर के पौधों में लगभग 15 सेंटीमीटर की दूरी होनी चाहिये और गहराई भी 12 से 15 सेंटीमीटर होनी चाहिए। सितम्बर माह के पहले सप्ताह में इसकी बिजाई होती है और अक्तूबर माह में फूल खिलने शुरू हो जाते हैं। जैसे ही फूल खिल जाये उसे तोडकर सुखाना होता है और डब्बी में बंद करके रखना होता है ताकि उसकी नमी खराब न हो। उन्होंने बताया कि केसर का बीज उत्पादन भी एक अच्छा विकल्प है और यह बाजार में 400-500 रुपए प्रति किलो बिकता है। केसर का अच्छा उत्पादन देश में होने से अफगानिस्तान और ईरान जैसे देशों पर भारत को केसर की आपूर्ति के लिए निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।
सांगला तहसील के किल्बा गांव की निवासी गंगा बिष्ट बताती हैं कि उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा जिला में केसर की खेती को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किए जा रहे प्रशिक्षण शिविरों में भाग लिया जहां उन्हें केसर की खेती करने की प्रेरणा मिली तथा अब वह केसर की खेती कर अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने भी प्रदेश सरकार द्वारा जिला में केसर की खेती को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किए जा रहे विभिन्न प्रशिक्षण शिविरों में भाग लिया जहां उन्हें केसर की खेती करने की प्रेरणा मिली तथा अब वह अपने खेतों में केसरी की खेती कर रही हैं, जिसके उन्हें अच्छे परिणाम प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने जिला में केसर की खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार की सराहना करते हुए कहा कि आने वाले समय में सरकार के इस कदम से जिला के किसानों की आर्थिकी को और अधिक गति प्राप्त होगी।
सांगला के मेहनतकश किसान नितिश कुमार केसर की खेती पर अपने अनुभव सांझा करते हुए कहते हैं कि उन्होंने जिला में केसर की खेती को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किए जा रहे विभिन्न प्रशिक्षण शिविरों में भाग लिया जहां से उन्हें केसर की खेती करने का प्रशिक्षण प्राप्त हुआ। वर्तमान

# स्वास्थ्य मंत्री ने किया आईजीएमसी में आगजनी से क्षतिग्रस्त स्थल का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने गत दिवस आगजनी से प्रभावित आईजीएमसी के न्यू ओपीडी भवन का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से आग लगने के कारणों को जाना। उन्होंने न्यू ओपीडी में व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए फीडबैक लिया।

मंत्री ने आगजनी के कारण विभिन्न प्रकार की बाधित सेवाओं को जल्द दुरुस्त करने के लिए उचित दिशा निर्देश भी जारी किए। इस मौके पर उन्होंने आगजनी की घटना पर दुख जताते हुए कहा कि



यह घटना अप्रत्याशित थी। घटना के बाद ओपीडी में आने वाले मरीजों के लिए व्यवस्था में बदलाव करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग जल्द व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए प्रयासरत है। मरीजों को पहले की तर्ज पर न्यू ओपीडी में इलाज की सुविधा मिले इसके लिए प्रयास किया जा रहा है। आगजनी के कारण विभिन्न मरम्मत कार्य पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा तेजी से कार्य किया जा रहा है। कर्नल धनी राम शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रदेश के लोगों को उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में ही प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल में न्यू ओपीडी का शुभारंभ वर्तमान प्रदेश सरकार द्वारा किया गया है। आगामी समय में भी सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए तत्पर रहेगी। मंत्री के आईजीएमसी दौरे के दौरान उनके साथ संस्थान की प्रधानाचार्य डॉक्टर सीता ठाकुर एमएस डॉक्टर राहुल राव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## उप चुनावों के दौरान हथियार पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ऊना राघव शर्मा ने बताया कि जिला होने वाले पंचायत राज संस्थाओं के उप चुनावों को स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से समपन्न करवाने के लिए मतदान केंद्रों में और इसके आसपास के क्षेत्र में सशस्त्र लेकर चलना प्रतिबंधित रहेगा।

# हिमाचली चित्रकार कमल कुमार द्वारा महामहिम राष्ट्रपति को भेंट की गयी पोर्ट्रेट,

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

गौरतलब है की तहसील बैजनाथ, हिमाचल से सम्बन्ध रखने वाले प्रसिद्ध चित्रकार कमल कुमार को महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने एवं अपने द्वारा चित्रित राष्ट्रपति के पोर्ट्रेट को स्वयं उन्हें भेंट करने का यादगार अवसर प्राप्त हुआ है। महामहिम राष्ट्रपति ने कमल की कला की सराहना की एवं भविष्य में अपनी इस कला को जारी रखने के लिए प्रोत्साहित्त भी किया स चित्रकार कमल ने महामहिम राष्ट्रपति जी का पोर्ट्रेट लगभग 07 माह की मेहनत से बनाया। उल्लेखनीय है कि कमल कुमार जो कि अर्धसैनिक बल में एक अधिकारी के तौर पर पदस्थ हैं एवं बिना किसी सिखलाई या फाइन आर्ट्स सम्बन्धित्त किसी भी





पढ़ाई के 4-5 वर्षों में हॉबी के तौर पर चित्रकला की शुरूआत करके आज देश के प्रथम नागरिक तक पहुँचन पाने का अवसर प्राप्त किया है। इससे पूर्व भी कमल ने महामहिम दलाई लामाए गृह मंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, मंत्री अनुराग ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, सांसद सुश्री इंदु बाला गोस्वामी एवं कई अन्य गणमान्यों के पोट्रेट बनाकर उन्हें भेंट कर चुके हैं। कमल को चित्रकला में कई पुरस्कार भी प्राप्त हैं स कमल का सपना है की आने वाले समय में अपने गृह स्थान बैजनाथ में अपनी आर्टगैलरी खोले एवं चित्रकला के इच्छुक लोगों को भी कला सिखाएं।

## 1 व 2 को बिजली रहेगी बंद

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

11 केवी झलेड़ा फीडर के तहत रख रखाव के चलते 1 व 2 मई को क्षेत्र के अधीन आने वाले क्षेत्रों दुर्गा कॉलोनी, मलाहत, अप्पर कोटलां, अजनोली, डंगोली, बरनोह, समूर कलां, कोटला खुर्द, छबबड़, जोल व डंगेहड़ा में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता ई. ब्रिज मोहन ने दी।

उन्होंने बताया कि सोमवार को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे बिजली बंद रहेगी। वहीं मंगलवार को सुबह 9 बजे से शाम 3 बजे तक बिजली बंद रहेगी। उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

# मोटे अनाज की महत्ता के बारे में कृषि सखियों को किया गया जागरूक

**8 किसानों को मोटे अनाज की गुणवत्ता और मोटे अनाज में उपलब्ध पोषक तत्वों बारे जागरूक किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

विकास खंड ऊना में शनिवार को कृषि विभाग द्वारा जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कृषि सखियों को मोटे अनाज बारे जानकारी दी गई। कृषि विषयवाद विशेषज्ञ प्यारो देवी ने किसानों को मोटे अनाज की गुणवत्ता और मोटे अनाज में उपलब्ध पोषक तत्वों बारे जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि भारतीय उपमहाद्वीप में



पोषक मोटे अनाजों (कोदा, कांगणी, सांवा, चैलाई, कुटकी) इत्यादि का इतिहास 5 हजार वर्ष से भी पुराना माना जाता है। ये पोषणयुक्त मोटे अनाज हमारे भोजन का केंद्र बिंदु थे लेकिन समय के साथ अन्य अनाजों ने इनका स्थान ले लिया। उन्होंने बताया कि देश की खाद्य सुरक्षा को बल मिला, लेकिन पोषण की समस्या बढ़ती चली गई। अन्य अनाजों के उत्पादन पर जलवायु परिवर्तन का असर कम उत्पादन और बढ़ती जागत के रूप में देखा गया, वहीं ये पुराने अनाज जलवायु के अनुकूल हैं और सूखे की स्थिति में भी बिना किसी लागत के साथ उच्च उत्पादन देते हैं।

उन्होंने कृषि सखियों से आहवान किया कि संबंधित गांव के किसानों को मोटे अनाज की खेती करने की ओर प्रेरित करें तथा उन्हें इनकी महत्वत्ता बारे विस्तापूर्वक बताकर जागरूक करें।

शिविर में कृषि विकास अधिकारी बलदेव चंद, सुनीता शर्मा, राजा राम तथा ब्लॉक तकनीकी प्रबंधक अरूण कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### परिवहन निगम में ऑनलाइन आवेदन करने में लोगों को हो रही परेशानी

**टीम एक्शन इंडिया/जवाली/विजय समयाल**

हिमाचल पथ परिवहन निगम में रिक्त चल रहे कंडक्टरों के पदों को भरने के लिए हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग की साइट पर ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं लेकिन साइट व्यस्त करने के कारण ऑनलाइन आवेदन करने में काफी परेशानी हो रही है। ओटीपी ही नहीं आ रहे हैं जिस कारण ऑनलाइन आवेदन करने में परेशानी हो रही है। आवेदकों को बार-बार साइबर कैफे के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन करना टेढ़ी खीर बन गया है। कई आवेदक अभी भी ऑनलाइन आवेदन करने को लाइन में हैं लेकिन साइट व्यस्त रहने के कारण आवेदन नहीं हो पा रहे हैं। अगर ऑनलाइन आवेदन नहीं हो पाए तो कई युवा रोजगार से वंचित रह जाएंगे। संजीव, संदीप, राजेश, मनीष, अनिल, सुनील, राजीव, रमेश, कुशल इत्यादि ने कहा कि हम बार-बार चक्कर काट रहे हैं लेकिन लोक सेवा आयोग की साइट व्यस्त रहने के कारण आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम बेरोजगार हैं तथा कंडक्टर लाइसेंस बनवाए हुए हैं। कंडक्टर के खाली पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू होने से रोजगार की आस जगी लेकिन आवेदन न हो पाने के कारण उम्मीद पर पानी फिर रहा है। सुबह से शाम तक कंप्यूटरों पर ऑनलाइन बैठे रहते हैं लेकिन शाम तक आवेदन न हो पाने के कारण मायूस होकर लौट आते हैं। उन्होंने कहा कि हजारों युवा आवेदन करने से वंचित रह रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खु, परिवहन मंत्री से मांग की है कि कंडक्टर हेतु आवेदन की तिथि बढ़ाई जाए ताकि युवा आवेदन कर सकें।

### क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में चिकित्सकों ने जटिल ऑपरेशन कर बचाई महिला की जान

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू /श्याम कुल्वी**

जिला कुल्लू में व्यवस्था परिवर्तन का प्रभाव अब स्पष्ट दिखाने देने लगा है, जिसका लाभ यहां पर विभिन्न क्षेत्रों में सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के रूप में लोगों को मिलना शुरू हो गया है। जिला क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू जिस पर कुल्लू सहित लाहौल स्पीति जिले के लोगों की स्वास्थ्य देखभाल का जिम्मा है, में प्रदेश में नई सरकार का गठन होते ही स्थानीय विधायक व सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में चिकित्सकों व विशेषज्ञ चिकित्सकों के रिक्त पदों को भरने का बीड़ा उठाया।उन्हीं के प्रयासों से आज कुल्लू स्थित क्षेत्रीय अस्पताल में आज सरकार द्वारा रिक्त पड़े हुए सभी पदों को भरा गया है उससे लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं में सभी प्रकार की सुविधाएं अस्पताल में ही मिल रही हैं। जिन सुविधाओं लिए कभी कुल्लू से बाहर शिमला या चंडीगढ़ जाना पड़ता था पर अब जिले के लोग यहां विभिन्न विभागों की विशेषज्ञ सुविधाओं का लोग लाभ ले रहे हैं साथ ही अल्ट्रासाउंड मशीन के पुनः आरम्भ होने से भी लोगों को निजी प्रयोगशाला में भारी फीस देकर टेस्ट करवाने से भी निजात मिली है, जो ब्यबस्था परिवर्तन का ही एक प्रतीक है। अब क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में चिकित्सकों द्वारा जटिल से जटिल ऑपरेशन भी यही किये जा रहे हैं। गत दिवस देर रात एक महिला को पेट दर्द और अर्धबेहोशी की हालत में क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के इमरजेंसी वार्ड में लाया गया, वहां मौजूद डॉक्टर रितुपर्ण शर्मा ने चेकअप किया। टेस्ट के बाद पता चला कि वह महिला गर्भवती है तथा उसकी हालत बिगड़ती जा रही है। स्थिति की गम्भीरता को देखते अस्पताल मे तैनात डॉक्टर ने मुस्तैदी दिखाते हुए अल्ट्रासाउंड विशेषज्ञ पदम नेगी रेडियोलॉजिस्ट जिन्होंने हाल ही में यहां ज्वाइन किया है उन्होंने उस महिला का अल्ट्रासाउंड किया तथा रिपोर्ट में पाया कि महिला को इक्टोपिक प्रेगनेंसी रप्चर यानी ट्यूब में बच्चा ठहरा है और ट्यूब फटने के कारण पेट के अंदर काफी मात्रा में खून का रिसाव हो चुका है। तुरंत यह रिपोर्ट स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ललिता बंसल को दी गई तथा एनेस्थीसिया की डॉक्टर ईशा को भी भेजी गई। बिना समय गवाएं पूरी टीम तैयार कर गई तथा ऑपरेशन थिएटर के स्टाफ को इमरजेंसी ऑपरेशन के लिए निर्देश दिए गए। करीब आधे घंटे में सारी टीम तैयार हो गई तथा ऑपरेशन करीब डेढ़ घंटे तक चला।इस प्रकार से अब इस ऑपरेशन को सफल कर मरीज की जान बचाई गई। इससे पूर्व इस तरह के जटिल केस रेफर कर दिए जाते थे परंतु अब इस प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाओं से सभी लोगों को इसका लाभ मिल रहा है।

# वीपीएस में हुआ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कक्षा पहली से कक्षा चौथी के बच्चों ने एकल नृत्य प्रतियोगिता तथा पांचवी से दसवीं तक के बच्चों ने लिए सलाद मेकिंग प्रतियोगिता में किया गया।

एकल नृत्य प्रतियोगिता में स्टोबेरी ग्रुप से कक्षा प्रथम में आकषीर्का प्रथम, अमायरा एवं कृषिका द्वितीय, प्रीशा एवं काशवी तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा दूसरी में शिवाय प्रथम, स्वरा द्वितीय, काशवी एवं रियांश भारद्वाज तृतीय स्थान पर रहे। एकल नृत्य प्रतियोगिता में एप्पल ग्रुप में कक्षा तीसरी में कन्वी प्रथम स्वास्तिक पटियाल द्वितीय तथा परिधि शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा चौथी में ख्वाहिश राणा प्रथम, सीरत द्वितीय तथा गुंजन तृतीय स्थान पर रहे। ऑरेंज ग्रुप में सलाद मेकिंग प्रतियोगिता में कक्षा पांचवी में दिव्यम सोनी, अभिनंदन, दृष्टि व प्रांशी प्रथम, अश्मित, ऋषिक, विराज व मानिक द्वितीय और स्मृद्धि, वानिया, अंजिका, इशिका तथा ईशा तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा छठी में आर्यवीर, प्रत्यूष, पलक, जसकीत प्रथम स्थान, मनमीत, जिनीषा, मानय, ईशान्वी द्वितीय स्थान, आरव सिंह, कुलजीत सिंह, करण सैनी व केशव ऐरी तृतीय स्थान पर रहे। मैंगो ग्रुप में कक्षा सातवीं में कनिष्का, रिधिमा, अंशिका, इशिता व ईशा प्रथम, राधिका वशिष्ठ, जीनिया, नवदीप, उदय, हरमंदीप सिंह, स्वास्तिक, गौरव तथा अक्षित कौंडल द्वितीय स्थान अमोदीता भारद्वाज, धृति शर्मा, कनन ठाकुर, समायरा सैनी, दिव्यम शर्मा, माधव भारद्वाज, हर्ष कुमार, राघव वाली तथा सूर्यांश तृतीय स्थान पर रहे। स्कूल निदेशक अनुज वशिष्ट ने विजेता रहे छात्रों को बधाई दी। स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने से बच्चों के मनोबल में वृद्धि होती है।

## बहड़ाला में महिला से मारपीट, जान से मारने की दी धमकी

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

सदर थाना ऊना के तहत बहड़ाला में एक महिला को पड़ोसी व्यक्ति द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सीमा देवी निवासी बहड़ाला ने बताया कि शुक्रवार शाम को अपने घर के आंगन में झाड़ू लगा रही थी। इस दौरान पड़ोस का ही बलवीर घर के आंगन में आ गया और गंदी-2 गाली गालौच करने लगा। इतना हीं नहीं डंडा से प्रहार करने लगा। जिसके चलते सिर, कान व शरीर पर चोटें आई है।

# जोल में हलवाई की दुकान पर चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

उप तहसील जोल के मेन बाजार चौंक पर आधी रात को अज्ञात लोगों ने मिठाई दुकान के पिछले दरवाजे को तोड कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। शातिरों ने दुकान के अंदर रखी नकदी व इंडेक्शन चुल्हा, दो टीन रिफायड व घी, दो बड़े पतीले तथा पांच पेटी ठंडे की बोतलों सहित मिठाईयां तथा अन्य सामान चुराया है। वहीं पुलिस द्वारा आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज को चैक किया जा रहा है। सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति मुंह पर कपड़ा बांध कर दुकान के आगे-पीछे घुमता हुआ दिखाई दे रहा है।

**8 सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति मुंह पर कपड़ा बांध कर दुकान के आगे-पीछे घुमता हुआ दिखाई दे रहा है**

वहीं पर कुछ दुरी पर एक पिकअप ट्राला भी दिखाई दे रहा है।

बता दें कि यह चोरी की घटना जोल पुलिस चौकी से मात्र 500 मीटर की दूरी पर हुई है। चोरी का यह पहला मामला नहीं है। चंद रोज पहले तलमेहड़ा के गांव लालशाह में गांव के मध्य एक घर मे चोरों ने हाथ साफ करके एक परिवार के सोने के आभूषण एवं नकदी उड़ा ली थी, लेकिन अभी तक पुलिस के हाथ खाली है। ताजा मामला जोल चौक का है, जहां पर शातिरों ने लक्ष्मी चंद की दुकान से लाखों की चोरी की है। लक्ष्मी चंद ने बताया कि शुक्रवार रात रोजाना की तरह अपनी मिठाई की दुकान बंद कर घर चला गया। शनिवार सुबह आकर देखा, तो पिछले दरवाजे को तोड कर चोरी की गई है। मामले की शिकायत के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। वहीं डीएसपी हैडक्वार्टर अजय ठाकुर ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से चोरों की तलाश की जा रही है। वहीं पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आगामी जांच जारी है।

# सुंदर सिंह ठाकुर ने पीपल जातर का दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू /श्याम कुल्वी**

मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने कुल्लू के ऐतिहासिक पीपल जातर वसंतोत्सव मेला का दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ इस अवसर पर पहली सांस्कृतिक संध्या के अवसर पर ऐतिहासिक स्वर्गीय लाल चंद प्रार्थी कला केंद्र में लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मेले हमारी संस्कृति का एक अभिन्न अंग है जिसके माध्यम से हम अपने कलाए संगीत को संरक्षित करते हैं। उन्होंने कहा कि देव भूमि कुल्लू अपनी समृद्ध संस्कृति के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा कि वसंतोत्सव कुल्लू राज्यस्तरीय पीपल जातर मेला



आज देवता गौहरी के आगमन के साथ ही शुरू होता है। देवता गौहरी ढोल-नगाड़ों की थाप पर ढालपुर के प्रदर्शनी मैदान पहुंचे। यहां नगर परिषद कुल्लू के अध्यक्ष व अन्य पार्षदों की ओर से देवता का स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि 28 से 30 अप्रैल तक चलने वाले राज्यस्तरीय पीपल जातर मेले में ऐतिहासिक लाल चंद प्रार्थी कलाकेंद्र में स्थानीय कलाकारों को तरजीह दी गई है। नगर परिषद कुल्लू के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

# उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत ने उपचुनावों को लेकर जारी किए आदेश

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत अपूर्व देवगन ने विभिन्न विकास खंडों में पंचायती राज संस्थाओं के उप चुनावों के दृष्टिगत हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के अंतर्गत स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक तरीके से मतदान व्यवस्था संपूर्ण करने को लेकर आदेश जारी किए हैं।

जारी आदेश के अनुसार मतदान प्रक्रिया की समाप्ति के समय से 48 घंटे पहले तक की अवधि के दौरान किसी भी तरह का स्पिरिट, शराब या समान प्रकृति के अन्य पदार्थों को होटल,



खानपान गृहों, सराय, दुकान या किसी अन्य सार्वजनिक या निजी स्थान पर बेचने या वितरित करने पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। आदेश में यह भी कहा गया है

**8 आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित बनाई जाएगी।**

मतदान प्रक्रिया की समाप्ति के समय से 48 घंटे पहले किसी भी तरह के सार्वजनिक जुलूस, चुनावी सभा, बैठक और अन्य सार्वजनिक आयोजन नहीं किए जा सकेंगे।

आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि कानून एवं व्यवस्था के लिए तैनात अधिकारियों को छोडकर मतदान केंद्र और आस-पास के क्षेत्र में हथियार लेकर चलने पर पूर्ण प्रतिबंध लागू रहेगा। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत द्वारा जारी आदेश में ये भी कहा गया है कि विकासखंड भटियात, तीसा, चंबा और सलूणी के तहत पंचायत सदस्य, उपप्रधान और पंचायत समिति सदस्य के रिक्त पदों के लिए 2 मई को मतदान होगा। उप प्रधान और पंचायत सदस्य के लिए मतगणना का कार्य 2 मई को ही पंचायत मुख्यालय में होगा। पंचायत समिति सदस्य के लिए मतगणना का कार्य 4 मई को विकासखंड मुख्यालय में किया जाएगा। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित बनाई जाएगी।

**यहां होगा मतदान**

विकासखंड भटियात
1.पंचायत सदस्य, वार्ड 4 बनेट, ग्राम पंचायत बनेट
2.पंचायत सदस्य, वार्ड 5 हटली द्रम्मन, ग्राम पंचायत हटली
3.पंचायत सदस्य, वार्ड 3 जंद्रोग, ग्राम पंचायत जंद्रोग
4.उप प्रधान, ग्राम पंचायत ककरोटी

विकासखंड तीसा
1.पंचायत सदस्य, वार्ड 3 चिल्ली-2,ग्राम पंचायत शंतेवा चिल्ली

विकासखंड चंबा
1.पंचायत सदस्य, वार्ड 3 मउआ-1 ग्राम पंचायत भड़ोह

विकासखंड सलूणी
1.पंचायत समिति सदस्य, वार्ड 13 ब्रगांल

## बल्ह के विशाल ने पास की ऑल इंडिया बार की परीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

उपमंडल बंगाणा के तहत बल्ह से संबंध रखने वाले एडवोकेट विशाल बंगा ने ऑल इंडिया बार की परीक्षा पास की की। बता दें कि विशाल बंगा ने अपनी पढ़ाई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंदली से विज्ञान (नॉन मेडिकल) से की है।

साथ ही अपनी बीए हिंदी साहित्य में फर्स्ट श्रेणी में राजकीय महाविद्यालय बंगाणा से पूरी करने के पश्चात, 3 साल की एलएलबी पंजाब से भी प्रथम श्रेणी में पूरी की है।

DIRECTOR AGRICULTURE SHIMLA-05
DEPARTMENT OF AGRICULTURE
Website: https://www.hptenders.gov.in
Email: [illegible]
Short Tender Document
Tender Reference Number: Agr.H(AIS) A(7)-38/2008-XV Dated: 28-04-2023
[illegible] Providing & Installation Of 15 Nos. Aluminium Octanorm Stalls With Fully Covered Waterproof Canopy having size 10x10 Feet At Padamdev Complex Phase -I, Ridge Shimla, H.P. w.e.f 11th May 2023 to 16th May 2023 (6 Days).

| Sr. No. | Name of Institution/Works | Earnest Money (in Rs.) | Time | Cost of form. (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | PROVIDING & INSTALLATION OF 15 NOS. ALUMINIUM OCTANORM STALLS WITH FULLY COVERED WATERPROOF CANOPY HAVING SIZE 10X10 FEET AT PADAMDEV COMPLEX PHASE -I, RIDGE SHIMLA, H.P. w.e.f 11th MAY 2023 TO 16th MAY 2023 (6 DAYS) | 52,000/- | 1 Month from date of Award of Contract | 500/- |

The last date and time for submission & uploading of filled in tender documents is 06-05-2023 upto 12.30 PM. The Tender will be opened on 06-05-2023 at 02.30 PM. Duly completed tender form along with Cost of Tender Document, Earnest Money Deposit in the form of Fixed Deposit Receipt (FDR) or Demand Draft (DD) issued by any of the Scheduled Bank (pledged) in favour of Director of Agriculture, H.P. Shimla-171005 along with other required documents should be uploaded on the website https://www.hptenders.gov.in. All subsequent corrigendum, modifications and clarifications in respect of this tender will be published only on aforesaid websites only. The bidders are advised to visit the aforesaid website regularly. The undersigned reserves the right to reject any or all the tender offers without assigning any reason.

RO No. 0393/2023-2024
Director of Agriculture
H.P. Shimla 171005.

## न्यूज फ्लैश

### सेंट जोसेफ मैनेजमेंट द्वारा कैरियर काउंसलिंग सेशन का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धक हेतु सेंट जोसेफ मैनेजमेंट द्वारा कैरियर काउंसलिंग सेशन का आयोजन किया गया कजिसमें कनाडा से आई कैरियर काउन्सलर मिस शबानी ने विद्यार्थियों को कनाडा में किस प्रकार उच्च शिक्षा प्राप्त करने के साथ साथ वीजा व ढफसे संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की कतथा विद्यार्थियों द्वारा पूछी गई कई बातों का खुलासा किया कसेंट जोसेफ मैनेजमेंट समय समय पर ऐसे कई सेशन आयोजित करती रहती है ताकि विधार्थी इन सब से परिचित होकर अपने भविष्य को और निखार सके कयह सेशन वाकई बहुत लाभकारी व बेहद महत्वपूर्ण था क्योंकि इसमें विद्यार्थियों की कई शंकाओं को दूर करने के साथ साथ उन्हें उच्च शिक्षा हेतु कनाडा कैसे जा सकते हैं की जानकारी भी दी गई क

### बीआर अम्बेडकर मेधावी संशोधित छात्रवृति योजना के लाभार्थियों के जिला प्रशासन का अहम फैसला

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा/नारनौल** । उपायुक्त मोनिका गुप्ता आईएएस के दिशा निदेर्शानुसार जिला कल्याण विभाग की ओर से एक मई को लघु सचिवालय में सरल केंद्र के नजदीक स्थित अंत्योदय केंद्र में डा. बीआर अम्बेडकर मेधावी संशोधित छात्रवृति योजना के तहत किए गए आवेदनों की त्रुटि को ठीक करने के लिए कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिला कल्याण अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि डा. बीआर अम्बेडकर मेधावी संशोधित छात्रवृति योजना के तहत जिन छात्र छात्राओं ने आवेदन किया था परन्तु उनके आवेदन पत्रों में आवश्यक दस्तावेजों की कमी के कारण उनके आवेदन पत्र ऑनलाइन सेंड बेक है। इस कारण उन्हें प्रोत्साहन राशी अब तक प्राप्त नहीं हुई है। ऐसे सभी छात्र छात्राओं के लिए विभाग की ओर से 1 मई को अंत्योदय केंद्र में सुबह 10 से दोपहर बाद 3 बजे तक आवेदनों की त्रुटि को दूर करने के लिए कैंप का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन छात्र छात्राओं के आवेदन पत्रों में कमी होने के कारण योजना का लाभ उन्हें नहीं प्राप्त हुआ है वे अपने सम्पूर्ण दस्तावेज आवेदन पत्र की सरल आईडी, जाति प्रमाण पत्र, रिहायशी प्रमाण पत्र, सभी साधनों से माता पिता का आय प्रमाण पत्र, आधार कक्षा की अंकतालिका, आवेदक के बैंक खाता की प्रति, वर्तमान कक्षा के आईडी कार्ड की प्रति साथ लेकर आएं। उन्होंने बताया कि मौके पर ही आवेदन पत्र में जो त्रुटियां हैं उन्हें दूर किया जाएगा।

### माता-पिता की मौत के बाद रिश्तेदारों ने किया मकान पर कब्जा

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) अंबाला** जिले में पति-पत्नी की मौत के बाद उनके परिजनों और रिश्तेदारों ने मकान पर कब्जा कर लिया। दंपती की 2 बेटियों ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत सौंप मकान को कब्जा मुक्त कराने की गुहार लगाई है। पुलिस ने मृतक के भाई, भतीजे और बहन को नामजद करते हुए मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला नग्गल थाना एरिया के अंतर्गत आने वाले गांव हिमायुपुर का है।

एसपी को सौंपी शिकायत पर जसविंदर कौर उर्फ टोनी और पमनी ने बताया कि उसकी मां करनैल कौर व पिता काका सिंह की मृत्यु हो चुकी है। माता-पिता की मौत के बाद उसके ताऊ गुरदेव सिंह ने अपने बेटे सोहन सिंह, मान सिंह और उसकी बुआ राम कौर के साथ मिलकर उसके पिता के मकान पर कब्जा कर लिया।

शिकायत में बहनों ने कहा कि आरोपियों ने मकान में रखा 6-7 लाख रुपए का सामान भी हड़प लिया। उनका पंचायती व महिला पुलिस थाने में भी फैसला हो चुका है, लेकिन उसके ताऊ का रिश्तेदार अरक मुकेश आरोपियों का सहयोग कर रहा है। आरोप लगाए कि उसका ताऊ, अरक मुकेश कुमार और बुआ राम कौर उनके मकान के डॉक्यूमेंट्स नहीं दे रहे। आरोपियों ने उनके मकान पर कब्जा किया हुआ है। रढ को शिकायत सौंपते हुए कब्जा दिलाने की गुहार लगाई है। नग्गल थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी गुरदेव सिंह, सोहन सिंह, मान सिंह व राम कौर के खिलाफ धारा 447 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सुप्रीम कोर्ट की तत्परता से समलैंगिकता पर समाज में गलत असर

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** विश्व हिन्दू परिषद् ट बजरंग दाल के कार्यकर्ताओं ने अजब सिंह राणा (जिला-मंत्री), समीर गुप्ता (जिला-अध्यक्ष) के नेतृत्व में डी. सी. श्रीमान डॉ शालीन जी के माध्यम से राष्ट्रपति ट सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के नाम ज्ञापन भेजकर समलैंगिकता विवाह कानून के सम्बन्ध में न्यायालय में चल रही कार्यवाही पर आश्चर्य जताते हुए चिंता व्यक्त की. विश्व हिन्दू परिषद् ने ज्ञापन में कहा है की विवाह एक पुरातन संस्कार है ट सभी धर्मो ने मिलकर इसके लिए नियम व मयादाएँ बनाई है. जिससे समाज आगे बढ़ा। समाज का प्रतिनिधित्व करने वाले धर्म गुरुओ ट विद्वानो को भी माननीय सर्वोच्च न्यायालय को सुनना चाहिए. माननीय सर्वोच्च न्यायालय से विनम्र निवेदन है की समितियां बनाकर देशभर से समाज की राय जानना भी आवशयक है. इस कार्यक्रम में करणदीप शर्मा, राकेश खन्ना, रमन सैनी रजनीश राणा, रतीन्द्र राणा, बंटू सेठी, वशु मेघा, ज्ञान चाँद शर्मा, रणजीत, शिवम्, पियूष, गंगा प्रसाद, कंवलजीत सहगल ट शिवम् आदि सम्मिलित हुए।

# एनएचएम कर्मियों ने मांग पत्र सौंपा

## संविदा कर्मचारियों को ठेका प्रथा से मुक्त कर नेशनल हेल्थ मिशन के अधीन किया जाए

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार)**

**अखिल** भारतीय स्वास्थ्य एवं एनएचएम कर्मचारी महासंघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय वित्त सचिव दिनेश कुमार कौशिक ने बताया पूरे भारतवर्ष मे जिला स्तर पर उपायुक्त महोदय के द्वारा प्रधानमंत्री के नाम 27 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया।

भारत मे सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्वास्थ्य एवं नेशनल हेल्थ मिशन में लगे संविदा कर्मचारियों को ठेका प्रथा से मुक्त कर स्वास्थ्य विभाग या नेशनल हेल्थ मिशन के अधीन किया जाए। स्वास्थ्य के क्षेत्र में आज के दिन मुख्य भूमिका नेशनल हेल्थ मिशन की है क्योंकि इसमें मुख्य तौर से एंबुलेंस सेवा 108,102, टी.बी ,एडस.कुष्ठ रोग, स्कूल हेल्थ, आयुष विभाग जैसी अति महत्वपूर्ण लगभग 208 प्रोग्रामो का संचालन किया जाता है। इसमें कार्यरत कर्मचारी जो दिन रात मेहनत कर सेवाओं को सुचारू रूप से चलाने में दिन-रात प्रयासरत हैं लेकिन उच्च अधिकारी और सरकार के द्वारा जो निरंतर इनका शोषण किया जा रहा है और मेहनत की कमाई से भी ये वंचित है जिस कारण आर्थिक और मानसिक तौर से परेशानी कर्मचारी झेल रहें और उतर प्रदेश जैसे कई राज्यो में आत्महत्या जैसे कदम उठाने पर मजबूर हैं। सरकार और कर्मचारी के बीच टकराव की स्थिति उत्पन्न करने वाली कर्मचारियों की गाढ़ी कमाई को हड़प करने वाली कंपनियों के टेंडर निरस्त किए जाने चाहिए।

राष्ट्रीय स्कीम वर्कर प्रभारी श्री सुरेंद्र कुमार पांडे जी के नेतृत्व में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की ऑनलाइन हुई मीटिंग में राष्ट्रीय महामंत्री विश्वराध्य यमोजी, और राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रमेश कुमार के द्वारा सभी प्रदेशों के कार्यकारिणी सदस्यों को संबोधित कर आगे के दिशा निर्देश दिए और पूरे भारतवर्ष में उपायुक्त महोदय के मार्फत प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन देने का निर्णय हुआ।

जिसमें मुख्य मांगे 60 वर्षों तक कर्मचारी की सेवा सुरक्षा दी जाए। सेवा आधारित वेतन वृद्धि की जाए कर्मचारी कल्याण आयोग का गठन और सामाजिक सुरक्षा का लाभ पेंशन की गारंटी ग्रेजुएटी का लाभ सभी प्रदेशों में कार्यरत कर्मचारियों को मिलना चाहिए संसाधन नीति का कार्यान्वयन और कर्मचारी कल्याण उपाय पर भारत सरकार को विशेष ध्यान देना चाहिए एक देश एक एचआर पॉलिसी, एक देश एक समान अवकाश पॉलिसी, स्थानांतरण नीति कपल केस को उनके निरंतर सेवा को देखते हुए पूरे देश में सरकार को लागू करनी चाहिए।

# विकास के वायदे पर विशाल मांग रहे वोट

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा नगर** निगम मथुरा वृंदावन में चुनाव प्रचार धीरे धीरे अपने चरम पर पहुंच रहा है। मैदान में डटे प्रत्याशी लगातार जनता के बीच संदेश देने का प्रयास कर रहे हैं कि वह जीते तो क्षेत्र का भरपूर विकास कराएंगे। नगर निगम के वार्ड नंबर 18 (जनरल गंज) से कई प्रत्याशी मैदान में हैं। वार्ड 18 से निर्दलीय पार्षद प्रत्याशी विशाल सिंह ने जनरल गंज, राजा बलि टीला, बाड़ा बिहारी दास, अम्बाखार, अंतापाडा आदि इलाकों में अपने समर्थकों के साथ जुलूस निकाला। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के लोगों से मुलाकात की। वहीं आम आदमी, व्यापारी, दुकानदार क्षेत्र के सभी वर्ग के लोगों को आश्वासन दिया कि क्षेत्र का भरपूर विकास कराया जाएगा। विशाल सिंह का कहना है कि पिछले पांच साल से वार्ड का विकास न होने पर जनता में नाराजगी है। वार्ड 18 में जगह जगह गंदगी और टूटी फूटी सड़कों और पानी की समस्याएं है।

# सुरक्षित सड़क सुरक्षित जीवन के तहत जागरूकता अभियान चलाया

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

**भारत विकास परिषद** महर्षि दयानंद शाखा द्वारा "सुरक्षित सड़क सुरक्षित जीवन" के तहत अम्बाला शहर की नई अनाज मंडी व मानव चौंक पर प्रकल्प किया जाएगा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डीएसपी ट्रैफिक पूर्व भारतीय क्रिकेटर जोगिन्दर शर्मा शिरकत करेंगे। इस प्रकल्प के तहत परिषद सदस्यों द्वारा ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से ट्रालियों व अन्य वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने के साथ टू-व्हीलर चालकों को हेलमेट लगाने,फोर व्हीलर चालकों को सीट बैल्ट लगाने व सभी चालकों को वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस बाबत परिषद की ओर से अध्यक्ष अजय अग्रवाल के निर्देशन में सचिव राकेश मक्कड़ व प्रकल्प संयोजक किरण छिब्बर द्वारा अम्बाला के एसपी जश्नदीप सिंह रंधावा को अपने इस प्रकल्प की जानकारी देते हुए निवेदन किया जिसमें उन्होंने डीएसपी ट्रैफिक जोगिन्दर शर्मा के इस प्रकल्प में शामिल होने पर सहमति व्यक्त की ।

इस प्रकल्प के लिए संरक्षक प्रदीप गोयल, सह संरक्षक दीपक राय आनंद, सह संरक्षक विवेक गुप्ता के निर्देशन में टीम का गठन किया गया है जिसमें उपरोक्त के साथ कोषाध्यक्ष राकेश शर्मा, बाल एवं महिला संयोजिका रचना गुप्ता के साथ सह संयोजक के रूप में शरद सिंघल, विवेक गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य व व सभी अन्य सदस्यगण उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी शाखा के प्रैस सचिव श्रीकृष्ण सैनी ने सांझा करते हुए सभी से ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए इस मुहिम को सफल बनाने की अपील की है।

## पटेल रोड के देवेंद्र की जगाधरी गेट स्विफ्ट कार चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

**अंबाला में** चोरों का आंतक तेजी से बढ़ता जा रहा है। पुलिस भी इन चोरों को पकडने में नाकामयाब सिद्ध हो रही है। चोरों ने गत दिवस अंबाला शहर की जगाधरी गेट स्थित मदरासी डोसे की दुकान के बाहर खड़ी कार को चुरा लिया। पटेल रोड़ निवासी दवेंद्र सचदेवा ने बताया कि वह सेना नगर में बर्तन का काम करते हैं। रात्रि उन्होंने जगाधरी गेट पर अपनी स्वीफट डिजायर कार खड़ी की थी लेकिन सुबह जब वह आए तो उन्होंने ने देखा की उनकी कार घायब थी। हालांकि जब उन्होंने आसपास के सीसीटीवी कैमरे देखे तो पता चला कि एक कार से तीन चार लोग उतरते हुए दिखाई दे रहे हैं।

# लॉजिस्टिक हब बनने पर निजामपुर की होगी कायाकल्प: तेज एडवोकेट

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा/नारनौल**

**आगामी सात** मई को गांव गहली में प्रस्तावित जन सम्मान समारोह की भव्य सफलता के लिए जजपा नेताओं ने शनिवार को नांगल चौधरी हलके के नलवाटी क्षेत्र में ग्रामीणों को निमंत्रण देने पहुंचे। इस दौरान जजपा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट तेजप्रकाश यादव ने कहा कि सरकार की इस क्षेत्र को लॉजिस्टिक हब की सबसे बड़ी देन है और जिस दिन यह शुरू हो जाएगा, यहां पर विकास की झड़ी लग जाएगी। रोजगार के न केवल अवसर पैदा होंगे, बल्कि समूचे इलाके की कायाकल्प हो जाएगा। इस हब की स्थापना में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का बहुत बड़ा योगदान है और वह यहां मल्टी नेशनल कंपनियां लाकर यहां की कायाकल्प करने को तैयार हैं। अब वह दुष्यंत चौटाला सात मई को गांव गहली में जनसम्मान समारोह में आएंगे, जहां हम सभी को मिलकर भारी संख्या में उनका गर्मजोशी से स्वागत करना है। हलका अध्यक्ष हजारी लाल लंबौरा ने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे सात मई को भारी संख्या में गांव गहली पहुंचे और जन-जन के प्रियनेता दुष्यंत सिंह चौटाला का स्वागत करें। समारोह के संयोजक एवं जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने भी ग्रामीणों से जनसम्मान समारोह में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

# दिवाली से पहले अंबाला से डोमेस्टिक एयरलाइंस शुरू कर दी जाएगी: कपिल

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार) कपिल विज** ने कहा कि हरियाणा के गृह मंत्री श्री अनिल विज जी के प्रयासों के तहत आगामी दिवाली से पहले-पहले अंबाला से डोमेस्टिक एयरलाइंस शुरू कर दी जाएगी।

श्री कपिल विज अम्बाला में प्रयास सोसायटी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रयास सोसाइटी पिछले कई वर्षों से सामाजिक कार्य निरंतर करती आ रही है। मुझे यह जानकर बहुत ही प्रसन्नता हो रही है कि सोसाइटी हर वर्ष 5 कन्याओं

की शादी करवाती है, अस्कूलों में गरीब बच्चों की फीस सोसायटी द्वारा दी जाती है, रक्तदान शिविर भी लगाया जाता है जोकि सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि सोसायटी द्वारा इस प्रकार के जन कल्याण के प्रयास किए जा रहे हैं जो बहुत ही अच्छी बात है। श्री विज ने कहा कि जो प्रयास करता है वही सफलता पाता है जिसने प्रयास ही नहीं करना उसको क्या सफलता मिलनी है। वर्ष 1997 में हमारे विधायक श्री अनिल विज जी ने यह प्रयास किया कि अंबाला में भी एक सरकारी कॉलेज होना चाहिए और वह सफल रहे। आज इस सरकारी कॉलेज में लगभग 4000 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। ऐसे ही, उनके प्रयास से अंबाला में स्वास्थ्य सेवाओं के तहत नागरिक अस्पताल और कैंसर अस्पताल का निर्माण हुआ। इन्हीं प्रयासों की कड़ी में जगाधरी रोड को फोरलेन किया गया। उन्होंने कहा कि वे प्रयास करते रहे तो सफल रहे और आज यह सभी चीजें धरातल पर है। उन्होंने कहा कि इन्हीं प्रयासों की दिशा के तहत यह सड़क बना कर दी है और इसका सभी लोगों को बहुत लाभ हो रहा है।

उन्होंने कहा कि इस सोसाइटी का नाम जिसने भी प्रयास सोसाइटी रखा, उसका मैं धन्यवाद करता हूं क्योंकि प्रयास का बहुत गहरा अर्थ है। उन्होंने नई टीम के गठन पर अपनी ओर से बहुत-बहुत शुभकामनाएं और बधाई दी और कहा कि मैं उम्मीद रखता हूं कि यह टीम पहले से ज्यादा सामाजिक कार्य करेंगी। उन्होंने बताया कि नई टीम को प्रोत्साहन के रूप में गृह और स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज जी की ओर से अनुदान के रूप में दो लाख रूपए देने की घोषणा की गई है।

## ब्रिटिश डिप्टी हाई कमिश्नर केरोलिन रोवेट ने रेनी सिंह की पुस्तक बियोंड दी स्टार्स का किया विमोचन

**चंडीगढ़:** जानी मानी लेखिका, प्रसिद्ध स्तंभकार और मैनेजमेंट गुरु रेनी सिंह ने शुक्रवार को होटल हयात रेजेंसी में आयोजित एक समारोह के दौरान ट्राईसिटी के पुस्तक प्रेमियों की उपस्थिति में अपनी चैथी काव्य पुस्तक बियोंड दी स्टार्स का विमोचन किया। इस पुस्तका का विमोचन चंडीगढ़ में ब्रिटिश डिप्टी हाई कमीशनर कैरोलिन रोवेट ने आमंत्रित बुद्धिजीवियों सहित लेखिका निरुपमा दत्त और राईवर्स पब्लिशिंग ग्रुप के निदेशक अफान येसवी के बीच किया। एक स्ट्रेस मैनेजमेंट कसंल्टेंट होने के नाते, रेनी सिंह का मानना है कि पूरी दुनिया स्नेह और आपसी प्रेम के इर्द गिर्द घूमती है और वहीं से लेखिका ने 130 पृष्ठों वाली इस पुस्तक के लिये प्रेरणा प्राप्त की। ये कवितायें प्रकृति के साथ गहरे जुड़ाव और अपने अंतर्मन के साथ तालमेल से लेखिका की भावनाओं तक पहुंचीं थी रेनी मानती है कि कविता एक गीतात्मक तरीके को अभिव्यक्ति का रुप है जो किसी को भी आंतरिक इंद्रियों को मुक्ति की भावना देती है और दुनिया से जुड़ने की अनुमति देती है। रेनी सिंह की यह काव्य कृति प्रेम के विभिन्न पहलुओं पर एक ग्रंथ है जो पाठक के तनाव को दूर करने में मदद करती है। पुस्तक की कीमत 325 रुपये है और यह ऑनलाइन प्लेटफार्म जैसे ऐमोजन और आफलाईन भी उपलब्ध है।

रेनी की तीन काव्य पुस्तकें - सेक्रेड लांगिंग्स, सेक्रेड कर्मा और सेक्रेड डिजायर लिखी है। वह वर्तमान में विज्ञान और अध्यात्म के विषय में अपनी नई किताब पर जुटी हुई है। रेनी सिंह जो सेक्रेड लाईफ फाउंडेशन की संस्थापिका भी हैं, एक व्यापक दृष्टिकोण से वैलनेस सोल्यूशंस प्रदान करवाने में प्रयासरत एक संस्था है जिसका उद्देश्य दुनिया भर के लोगों में जागरुकता और चेतना को बढ़ाना है।

## रेडीनेस मेले के जरिए अभिभावकों को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा/नारनौल**

**आंगनवाडी** केन्द्र मारोली के प्ले स्कूल में आंगनवाडी कार्यकताओं द्वारा शनिवार को रेडीनेस मेले का आयोजन किया गया। जिसमें गांव की महिला पंच सुरमा देवी मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक भाषा व गणित के विकास की जांच की गई। आंगनवाडी वर्कर रजनी ने बताया कि सरकार की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनवाडी केन्द्रों में प्ले स्कूल शुरू किए गए हैं। जिसमें 3 से 6 साल तक के बच्चों को खेल खेल में शिक्षा व स्वास्थ्य पोषण के विषय में जागरूक किया जाता है। आंगनवाड़ी केंद्रों को स्कूलों में अपग्रेड कर प्ले स्कूलों की तर्ज पर खेल खेल में बच्चों को पढ़ाई की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी, ताकि बच्चे खेल खेल में ही पढ़ाई भी कर सके।

# ग्रामीण अंचल की छात्रा को राज्यपाल ने किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया /नांगल चौधरी**

**सादा जीवन** उच्च विचार की मिसाल पेश करने वाली कुमारी ज्योति मंगला शिक्षा जगत में किसी नाम व परिचय की मोहताज नहीं। इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी मीरपुर की छात्रा रही 22 वर्षीय ज्योति मंगला को उनकी उपलब्धियों के लिए 25 अप्रैल को हरियाणा के महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय द्वारा इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में प्रथम स्थान अर्जित करने पर सम्मानित किया गया। महामहिम राज्यपाल ने कहा बेटियों के बढ़ते कदम शिक्षा जगत में नए आयाम स्थापित करेंगे। कुमारी ज्योति मंगला वर्तमान में बाबा खेतानाथ पॉलिटेक्निकल के हायर एजुकेशन डिपार्टमेंट में प्रवक्ता पद पर आसीन हैं। उन्होंने अपने साक्षात्कार में बताया वे दो बार नीट की परीक्षा पास कर चुकी हैं। नीट की परीक्षा में देश में 38 वां रैंक, आईआईटी में देश में 15वां रैंक हासिल किया व गेट में भी 78 वां रैंक हासिल किया है। कुमारी मंगला ने बताया मेरा लक्ष्य यूपीएससी की परीक्षा पास करना है, जो कठिन तो है, परंतु असाध्य नहीं। मंगला की इस उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल दिखाई दिया। धार्मिक प्रवृत्ति की ज्योति मंगला प्रतिदिन सुबह-शाम दो घंटे भगवत भजन में गुजारती है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय दादा गजानंद, दादी चंद्रकला, पिता हरेंद्र गुप्ता, माता चंचल गुप्ता ,चाचा लालचंद व गुरुजनों को देते हुए कहा चाचा गोपी मंगला के मार्गदर्शन का धन्यवाद, जिन्होंने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया । कुमारी मंगला ने दोहराया यूपीएससी की मंजिल अभी बाकी है,जिसे वह हासिल करके ही दम लेगी। वहीं होनहार विद्यार्थी की इस उपलब्धि पर नांगल चौधरी के लोगों में खुशी की झलक देखी गई।

# एस ए जैन विजय वल्लभ पब्लिक स्कूल में ओरिएंटेशन का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार) एस ए जैन**

विजय वल्लभ पब्लिक स्कूल में प्री०प्राइमरी व प्राइमरी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्कूल की प्रधानाचार्या डा० रूचिका भूटानी जी के दिशा-निर्देशों पर किया गया। इसमें बच्चों व उनके अभिभावकों ने विशेष तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या जी द्वारा दीप प्रज्वलन कर सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके साथ ही नवकार मंत्र का उच्चारण भी किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने संदेशपरक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण वृक्ष बचाओ, जीवन बचाओ लघु नाटिका व मनमोहक नृत्य रहे। अभिभावकों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्या डा० रूचिका भूटानी जी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि ओरिएंटेशन कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों को विद्यालय की शैक्षिक नीतियों से अवगत करानाऔर यह जानकारी प्रदान करना है कि

### 8 कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या जी द्वारा दीप प्रज्वलन कर सरस्वती वंदना के साथ किया गया

बच्चों के भविष्य को कैसे काबिल बनाया जाए और उनके अंदर छिपी प्रतिभा को कैसे बाहर निकाला जाए। अभिभावकों को बताया गया कि किस प्रकार विद्यालय प्रांगण में बच्चों के मनोविज्ञान को ठीक से समझ कर उन्हें आगे बढ़ने का सदैव सुअवसर प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा स्कूल का मुख्य उद्देश्य बच्चों के सर्वपक्षीय विकास पर ध्यान देना है इस कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों की ओर से प्रधानाचार्या जी से कुछ सवाल भी किए गए। अभिभावकों ने भी अपने विचारों के माध्यम से बताया कि बच्चों को शिक्षा थोपने की बजाय उनकी रुचि अनुसार बेहतर माहौल मिले यही अभिभावक की इच्छा होती है जिनके प्रधानाचार्या जी ने बहुत ही संतोषजनक जवाब दिए। इस पर अभिभावकों ने खुशी जाहिर की। प्रधानाचार्या जी ने बताया कि स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। विद्यालय पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक सरोकार और राष्ट्र हित के कार्यों में भी विशेष रुचि लेता है।

# आर्य गर्ल्ज कॉलेज में एजूकेशनल फेस्ट का आयोजन

### 8 कार्यक्रम में 31 संस्थानों ने भाग लिया और कॉलेज में स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न स्टॉल लगाए गए

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**आर्य** गर्ल्ज कॉलेज, अम्बाला छावनी के प्रांगण में करियर गाइडेंस सैल द्वारा एजूकेशनल फेस्ट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 31 संस्थानों ने भाग लिया और कॉलेज में स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न स्टॉल लगाए गए। इस एजूकेशन फेयर में साथ अकादमी, महेंद्रा इंस्टीच्यूट, ए.आई,एम.टी., अम्बाला शहर, मारूति ड्राइविंग स्कूल, एकांश व्हील, अम्बाला शहर, लैक्मे अकेडमी, विद्यापीठ आई.ए.एस., फलाइंग कलर इंस्टीच्यूट, सन स्टोन यूनिवर्सिटी, वी.एल.सी.सी. इंस्टीच्यूट, ग्लेक्सी ग्लोबल, वेस्टर्न ओवरसीज, स्टडी वर्ल्ड टूडे, भारती एक्सा लाईफ, पृथ्वीशील आयुर्वेद, रमाड़ा, क्रॉस लैंड, स्कॉलर द विजा डेस्टीनेशन आदि ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं के ज्ञान में वृद्धि हुई।

## संपादकीय

# भविष्य का निर्माण वर्तमान के कठिन परिश्रम का प्रतिफल

**हमें** सदैव वर्तमान में जीना चाहिए, इतिहास से शिक्षा लेनी चाहिए और भविष्य के प्रति सकारात्मक सोच के साथ आगे सदैव अग्रसर होते रहना चाहिए। किसी भी राष्ट्र को बड़ा बनाने या समृद्ध बनाने के लिए वर्षों की मेहनत अथक प्रयास और सकारात्मक सोच के साथ संयम एवं उच्च मनोबल की आवश्यकता होती है, तब जाकर ही राष्ट्र एक मजबूत तथा विकासवान राष्ट्र बन पाता है। आजादी के 75 वर्ष के बाद भारत ने विकास की गति को बहुत मजबूती के साथ थामा हुआ है। 135 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में युवा जनसंख्या का प्रतिशत बहुत ज्यादा है, आने वाले भविष्य में देश की बागडोर इन्हीं युवा हाथों में होने वाली है। एक बहुत अच्छी कहावत है कि "आशाओं पर आकाश टिका हुआ है" और निसंदेह आशा,उम्मीद, संभावना बहुत ही सारगर्भित एवं चमत्कारिक शब्द भी हैं। उम्मीद जो इतिहास में कई बार चमत्कार करती आई है। यह आशा एवं उम्मीद का ही प्रतिफल है कि हम सकारात्मक होकर उच्च मनोबल के साथ किसी लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ते है। फिर यदि लक्ष्य मेडिकल साइंस में किसी नई दवा को इजाद करना हो या स्पेस रिसर्च में नई टेक्नोलॉजी लाना हो या देश मे विकास की नई धारा को प्रवाहित करना हो, तो सकारात्मक ऊर्जा हमें इस संदर्भ में मदद करने वाला तत्व होता है। अच्छी और सही सोच हमेशा अच्छे परिणाम देने वाला होती है, पर बिना सकारात्मक सोच के और बिना किसी सार्थक परिणाम की कल्पना किए हुए उस पर पसीना बहाना बड़ा ही दुष्कर कार्य प्रतीत होता है। अच्छे पद अथवा अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी सकारात्मक सोच और उच्च मनोबल तथा संयम को लेकर ही आगे अपनी तैयारी करता है एवं उच्चतम अंक या उच्च पद की प्राप्ति करता है। कोई भी खिलाड़ी ओलंपिक में बिना पदक की लालसा के तैयारी नहीं कर सकता और पदक को लक्ष्य मानकर जब वह पूर्ण मनोबल के साथ आशाओं की लकीरों के मध्य वह जब अपना पसीना मैदान में बहाता है तो वह लक्ष्य प्राप्ति की ओर लगातार अग्रसर होता है और उसे अंत में अपनी सकारात्मक ऊर्जा के कारण वह पदक अवश्य प्राप्त होता है। दार्शनिक भी कहते हैं कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए एक बेहतर और अच्छी शुरूआत सफलता का बहुत बड़ा हिस्सा होती है। हम संभावनाओं के दम पर जो हमें निरंतर प्रेरित करती है अपना पहला कदम उठाकर सफलता सुनिश्चित करते हैं। जीवन की कटु सच्चाई तथा जिंदगी के उतार-चढ़ाव को झेलने के लिए एवं सफलता की ओर अग्रसर होने के लिए हमें आशा एवं सकारात्मक सोच की सदैव मदद करती इसके बिना किसी सफलता के बारे में सोचना भी बेमानी होगा। संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए हमें अपने संपूर्ण मनोबल के साथ उस कार्य को अंजाम देने के लिए अपनी तरफ से पूरी पूरी कोशिश करनी होगी एवं लक्ष्य के साथ दे तथा साधनों के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त कर उस के संदर्भ में उसके अंतर्निहित हर तत्व को भलीभांति पहचान कर उस पर मेहनत करनी होगी अन्यथा बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए यदि मेहनत और कठोर श्रम न किया जाए तो असफलता ही हाथ लगती है ।यही वजह है कि जिन भी बड़े लोगों ने बड़ी सफलता प्राप्त की है निसंदेह उन्होंने कठिन परिश्रम अपने लक्ष्य के लिए किया था, है और करेंगे। हर बड़े कार्य को करने के लिए अच्छी योजना ,अच्छा आकलन एवं उस सफलता को अपना बनाने के लिए सही विचार तथा नीतियां बनानी होगी एवं अपने उपलब्ध संसाधनों का विश्लेषण तथा अवलोकन कर उसकी क्षमता का आकलन करना होगा।

# पहलवानों का धरना राजनीतिक मंच बनता जा रहा है ?

**अशोक भाटिया**

"जंतर-मंतर पर जो पहलवान बैठे हैं, उनसे मिलने रअक यानी स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के डिप्टी डीजी शिवकुमार तो कोलकाता से मिलने दूसरे ही दिन आ गए थे। वह पहलवानों से मिले। उन्होंने कहा भी कि पहलवानों ने जांच मांगी थी और उनकी भावनाओं का ख्याल रखते हुए ही दो-दो कमेटियां बनीं। उसमें योगेश्वर दत्त, मैरीकॉम से लेकर आपकी प्रतिनिधि बबीता फोगाट तक शामिल थीं। ऐसे 12 लोग थे कमेटी में। अब अगर उन पर ही पहलवानों को भरोसा नहीं, तो फिर कैसे जांच करवाई जाए? जहां तक बबीता फोगाट के जबरन रिपोर्ट पर साइन करने की बात है या उनको अंधेरे में रखकर हस्ताक्षर करवाने की बात है तो एक बात जान लीजिए। बबीता 56-60 किलोवर्ग की विश्व चैंपियन पहलवान हैं। उनसे किसने और कैसे जबर्दस्ती कर ली?"



**जंतर-मंतर** पर एक बार फिर पहलवानों का धरना-प्रदर्शन जारी है। विनेश फोगाट समेत 7 पहलवानों ने अपनी याचिका में शीर्ष अदालत से WFI के प्रमुख बृजभूषण सिंह के खिलाफ एफआईआर का आदेश देने की मांग की थी । पहलवानों का कहना है कि उनसे जो वादे हुए थे, वे पूरे नहीं हुए हैं। शुक्रवार को बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद भी पहलवानों का धरना जारी है। जो पहलवान विनेश फोगाट के नेतृत्व में जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्होंने तो साफ कह दिया है कि उनका व्यवस्था पर से विश्वास उठ गया है। इन्होंने आज से तीन महीने पहले भी धरना दिया था और खेल-मंत्रालय के साथ ही क्डअ को भी एक शिकायत की थी। इनकी ही शिकायत पर एक जांच समिति तो आइओए ने बनाई थी और दूसरी समिति खेल-मंत्रालय ने बना दी थी। इन समितियों ने अभी तो अपनी रिपोर्ट ही दी है। पहलवानों को अभी एकाध दो हफ्ते तो धैर्य दिखाना ही चाहिए था। उनको प्रतीक्षा करनी चाहिए थी क्योंकि दोनों ही समितियों ने अपने निष्कर्ष सरकार को दे दिए हैं। अब ये तो सरकार पर है न कि वह जब उचित समझेगी तो उनको सार्वजनिक करेगी। इस बीच कुश्ती संघ ने तो अपनी गतिविधियां दुबारा प्रारंभ कर दी हैं। अभी हाल ही में गोंडा में अंडर 17 की नेशनल चैंपियनशिप का भी आयोजन हुआ है। यह बहुत ही बढ़िया टूनार्मेंट रहा, काफी शानदार पार्टिसिपेशन रहा। तो, कुश्ती संघ तो अपने हिसाब से चल रहा है। पहलवानों को वापस धरने पर बैठने से पहले आइओए और ओवरसाइट कमेटी की रिपोर्ट का इंतजार तो करना ही चाहिए था न। इस कमेटी में मैरीकॉम, योगेश्वर दत्त जैसे वर्ल्ड चैंपियन हैं। डोला बनर्जी, तृप्ति मरुगंडे जैसे खिलाड़ी, दो बड़े वकील, राजगोपाल जैसे सीईओ, स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया की पूर्व एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर राधिका श्रीमान भी उसी कमिटी में थे। अब ऐसी जांच कमेटी को भला आप कैसे गलत कह सकते हैं। खुद बबीता फोगाट भी उस कमिटी की एक सदस्य थीं, जो पहली बार धरना-प्रदर्शन का हिस्सा रही थीं। उस कमेटी ने बहुत कायदे से, लगभग 8 सप्ताह तक सभी संबंधित पार्टियों को बुलाकर, ऑन कैमरा उनके बयान लिए। बाकायदा एफिडेविट देकर बयान लिए गए हैं। इस जांच समिति को इतने हल्के में लेने की जरूरत नहीं है। अब आप योगेश्वर दत्त या मैरीकॉम को इतने हल्के में लेंगे क्या? जो पहलवान और खिलाड़ी धरना पर बैठे हैं, उनको कैसे पता कि कमेटी ने कुछ नहीं किया? समिति ने सबको सुना, आपने जो साक्ष्य दिए, वो ऑन रिकॉर्ड बाकायदा वीडियोग्राफी करवा कर रिकॉर्ड किए गए। उन्होंने सवाल पूछे, आपने जवाब दिए, आपने बाकायदा शपथ-पत्र दिया है, तो फिर आप कैसे कह सकते हैं कि समिति ने कुछ नहीं किया।।कम से कम समिति की रिपोर्ट तो आने दीजिए। आप अभी से कैसे और क्यों मान बैठे हैं कि रिपोर्ट में बृजभूषण सिंह को या फेडरेशन को क्लीन-चिट मिल गई है? यह कहना गलत होगा कि सरकार ने पहलवानों को उनके हाल पर छोड़ दिया है। सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता कोर्ट में हैं। जंतर-मंतर पर जो पहलवान बैठे हैं, उनसे मिलने रअक यानी स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के डिप्टी डीजी शिवकुमार तो कोलकाता से मिलने दूसरे ही दिन आ गए थे। वह पहलवानों से मिले। उन्होंने कहा भी कि पहलवानों ने जांच मांगी थी और उनकी भावनाओं का ख्याल रखते हुए ही दो-दो कमेटियां बनीं। उसमें योगेश्वर दत्त, मैरीकॉम से लेकर आपकी प्रतिनिधि बबीता फोगाट तक शामिल थीं। ऐसे 12 लोग थे कमेटी में। अब अगर उन पर ही पहलवानों को भरोसा नहीं, तो फिर कैसे जांच करवाई जाए? जहां तक बबीता फोगाट के जबरन रिपोर्ट पर साइन करने की बात है या उनको अंधेरे में रखकर हस्ताक्षर करवाने की बात है तो एक बात जान लीजिए। बबीता 56-60 किलोवर्ग की विश्व चैंपियन पहलवान हैं। उनसे किसने और कैसे जबर्दस्ती कर ली? अगर बिना पढ़े उन्होंने डॉक्यूमेंट साइन किए तो यह तो बहुत ही हास्यास्पद है। क्या बबीता बिना देखे किसी भी कागज पर साइन कर देती हैं? वह तो वैसे भी जांच कमेटी की सदस्य थीं। पूरी की पूरी जांच कैमरे में हुई है। जो जानकारी छन कर आ रही है, उसमें 90 फीसदी प्रश्न तो बबीता ने खुद ही पूछे हैं। सवाल यह है कि आप खुद की कमेटी को ही कैसे नकार सकते हैं? सरकार को 5 अप्रैल को रिपोर्ट मिली है। सरकार क्या उस रिपोर्ट का अध्ययन करेगी, लीगल ओपिनियन लेगी, चार लोगों को पढ़वाएगी-लिखवाएगी कि नहीं? फिर, इस जल्दबाजी की तुक क्या है? जो रिपोर्ट चार हफ्ते में देनी थी, वह तीन महीने में दी गई न। तो, जब पहलवानों ने तीन महीने तक इंतजार किया तो दो हफ्ते और कर लेते। एक और बात जो छन कर आई है, वह ये है कि सबसे बड़ा असहयोग तो इन खिलाड़ियों की तरफ से था, जो आज धरने पर बैठे हैं। खुद बबीता फोगाट 10 बार बुलाने पर एक बार हाजिर हुईं। तब उनके साइन हुए हैं। वह तो अपना फोन ही बंद कर बैठ गई थीं। ऐसा राधिका श्रीमान और योगेश्वर दत्त ने बताया है। तो ये जो विश्वस्तर के खिलाड़ी हैं, ये सब झूठे हैं? जहां तक FIR की बात है, तो उसका एक रडढ यानी स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रॉसिजर होता है। अगर ताजा मामला है, जैसे कल रात की घटना है और पीड़िता अगर थाने पहुंचती है, तो तुरंत एविडेंस इकट्ठा करने के लिए आरोपित को तुरंत हिरासत में लेती है, ताकि फॉरेंसिक एविडेंस मिल सकें। यहां तो मामला 10 साल पुराना है, 5 साल पुराना है, तो पुलिस ने इनकी शिकायत ले ली है और जांच शुरू कर दी है। उस जांच में सरकार से दिल्ली पुलिस ने दोनों कमेटी की रिपोर्ट भी मांगी है। अब आरोप लगाने वाले पहलवानों को पुलिस बुलाएगी और साक्ष्य में अगर दम हुआ तो एफआईआर दर्ज हो जाएगी। ये कोई मसला ही नहीं है। पिछली बार जब पहलवान धरने पर बैठे थे तो वृंदा करात जैसी नेत्री को भी इन्होंने मंच से उतार दिया था। यहां तक कि बॉक्सर विजेंद्र सिंह को भी मंच नहीं दिया था। अब इस बार ये कह रहे हैं कि जो भी उनका समर्थन करने आएगा, उसका स्वागत है। तो, इसका तो मतलब यही है कि ये सीधा-सादा पॉलिटिकल मंच बन गया है। पिछली बार आपने किसी को मंच पर झांकने नहीं दिया, इस बार आप न्योता देकर बुला रहे हैं। जबकि पहलवानों के लंबे संघर्ष के बाद पुलिस ने 28 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि मामले में त्रक्ष्फ दर्ज की जाएगी। राजनीतिज्ञों को न्योता मिलते ही पहलवानों के धरने को समर्थन देने के लिए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी शनिवार 29 अप्रैल सुबह जंतर मंतर पहुंची। कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा भी उनके साथ रहे। जंतर मंतर पर पहलवानों के धरने का शनिवार को सातवां दिन है। आज शाम तक दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल भी धरना स्थल पर आने वाले है । शुक्रवार को बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद भी पहलवानों का धरना जारी है।इसके अलावा आंदोलनकारी पहलवानों को और भी कई राजनीतिक दलों, सामाजिक कार्यकताओं, खिलाड़ियों, बॉलीवुड चेहरों और खापों का समर्थन मिला रहा है । 26 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पूर्व गवर्नर सत्यपाल मलिक, कांग्रेस के उदित राज, भूपेंद्र हुड्डा और उढक(ट) लीडर वृंदा करात समेत कई राजनीतिक दलों के नेता पहलवानों के धरने पर पहुंचे थे। पहलवानों ने 28 अपैल को ट्विटर कैंपेन चलया जिसमें कई बड़े चेहरों ने उनका साथ दिया।

## कविता

तेरे सामने मेंरा वजूद बेहतर
भी नहीं ,
तू खुदा नहीं है,पर कमतर नहीं ।

की बंदगी खुदा की,दिखाई तू देती है,
गुमान है यकिनन,तू मुझसे खफा नहीं।

यारों ने आईना दिखाया मुझे बार बार
जानता हूँ,वो फकत आईना तेरा नहीं।

हालात मेरे जैसे है,बदलेंगे भी नहीं,
मेरी इबादत ने बताया तू बेवफा नहीं।

दिखा दो खुलेआम जमाने को रूबरू
महजबीन हो मेरी,कही अलहदा नहीं

जाहिर है,तुम्हारे भी नाजो नखरे है
खामोश हो,समझूँ एक है जुदा नहीं।

लिख गया कोई सूफी,इश्किया किस्से,
शर्तिया ये किस्सा तेरा और मेरा नहीं।

संजीव ठाकुर

# कुत्ता क्लिकिंग बहुविध उपयोगिता

**रामविलास**

**आज के** भाग-दौड़ भरे जीवन में कुत्ते हर एक व्यक्ति के जीवन में नए उल्लास और उमंग भर रहे हैं। तमाम अंतरराष्ट्रीय मुद्दों से लेकर नितांत निजी क्षणों तक कुत्तों का महत्व जगजाहिर है। कुत्तों के लिए विशेष प्रकार के कार्यालय से लेकर शौचालय तक बने हुए हैं। आजकल शेखी बघारने का संकट विकराल रूप लेता जा रहा है। साथ ही लोग बहुत जटिल और भारी स्टेटस शो बाजी भी एक समस्या है। ऐसे में कुत्ते किसी देवदूत से कम नहीं है। जीवन में कुत्तापना ही सर्वाधिक सुखदाई दिखाई पड़ रहा है। सुबह-सुबह व्यायाम करने की नाटक बाजी में कुत्तों की सवारी करना सबसे महत्वपूर्ण काम हो गया है। आजकल हर एक कुत्ते ने एक शानदार मालिक पाल रखा है। हर एक कुत्ता अपने-अपने मालिक की सवारी करता हुआ नजर आता है। सुबह-सुबह कसरत की नाटक बाजी में कुत्ता एक महत्वपूर्ण सवारी के रूप में काम आता है। इसकी सवारी एक वरदान से कम नहीं है। इसके स्वास्थ्यवर्धक लाभ अनगिनत है। आज के सामाजिक संकट के दौर में तो इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। कुत्ते ही एकमात्र ऐसे उपाय बचे हुए हैं, जिनकी कृपा से सोशल स्टेटस आसमान पर छलांग लगाता दिखाई देता है।

आज के वैज्ञानिक शोध भी कुत्ते की सवारी के तमाम लाभों को सिद्ध कर रहे हैं। कुत्ते की सवारी एक बेहतरीन व्यायाम तो है ही, साथ ही इससे शरीर के समूचे अंग-अवयवों की कसरत हो जाती है। जब अच्छा-खासा मालिक अपने निजी कुत्ते की रस्सी थामे सड़क किनारे चलता है, तो कुत्ता उसे एक निश्चित दिशा में खींचता चला जाता है। कुत्ते की ऐसी चलन बाजी एरोबिक व्यायाम है। इससे हृदय, मस्तिष्क एवं रक्त कोशिकाओं के लिए बहुत लाभ मिला है। ठीक साइकिलिंग की तरह ही महत्वपूर्ण है कुत्ता क्लिकिंग! इससे हमारे पैरों, जांघों की मांसपेशियों के साथ पेट, बाजू एवं बुद्धि की भी खासी कसरत हो जाती है। एक बड़ा रुतबा भी कायम होता है। जब कोई अन्य कुत्ता सामने दिखाई देता है तो घरेलू निजी कुत्ता एकदम सरपट दौड़ लगाता है, इससे बंधे मालिक को भी दौड़ना पड़ता है। ऐसा करने से हड्डियां भी मजबूत होती है। नियमित कुत्ता क्लिकिंग से पैरों की मांसपेशियों के साथ पुट्ठों एवं घुटनों के जोड़ मजबूत होते हैं। समाज में मान मयार्दा बढ़ती है। यह पूरे घर परिवार के व्यायाम जैसा होता है। इससे पूरे परिवार के स्टेमिना व रोग प्रतिरोधक क्षमता में आशातीत वृद्धि होती है। सोशल स्टेटस वृद्धि से शरीर ऊर्जा के स्तर में वृद्धि होती है, जो दिन भर के लिए बैट्री चार्ज करने जैसा होता है । कुत्ता क्लिकिंग बुढ़ापे और घुटनों के दर्द में भी उपयोगी होती है। जहां खड़े होने पर जोड़ों पर भार पड़ता है, कुत्ते के साथ रहने पर यह दवाब भी नहीं पड़ता। इस तरह कुत्ता क्लिकिंग अपनी बहुविध उपयोगिता के आधार पर तन-मन के सामाजिक स्वास्थ्य के सच्चे हितेषी के रूप में अपनाए जाने योग्य वाहन है। यह हर्ष का विषय है जो कुत्ते पहले गरीब की सवारी और गरीबी का द्योतक समझे जाते थे, वे आज अमीर लोग और अमीर जादे भी शान से उपयोग में लेने लगे हैं।

## विचार

# समलैंगिक शादी या सांस्कृतिक बर्बादी

**विनोद बंसल**

**भारतीय ज्ञान** विज्ञान, परंपराएं, रीति रिवाज व सांस्कृतिक मान्यताएं आज विश्व पटल पर स्वीकार की जाने लगी हैं। भोगवादी जीवन से तंग लोग अपनी पाश्चात्य संस्कृति को तिलांजलि देकर जहां वे एक ओर भारतीय संस्कारों व मान्यताओं को अपना रहे हैं वहीं, कुछ मुट्ठी भर लोग भारतीय जीवन मूल्यों का मखौल उड़ाते हुए अपने अमर्यादित, अप्राकृतिक व असांस्कृतिक कुकृत्यों को वैधानिक मान्यता दिलाने पर तुले हैं। दुर्भाग्य से ऐसे लोगों के साथ हमारे यहां के कुछ कथित बुद्धिजीवी, वकील तथा न्यायाधीश भी उनके सहयोगी की भूमिका में दिख रहे हैं। हाँ! हम बात कर रहे हैं दो समलैंगिकों के अप्राकृतिक व्यवहार को विवाह की मान्यता की। संस्कार भारतीय जीवन मूल्यों तथा सामाजिक व्यवस्था की धुरी होते हैं। यूं तो भारतीय परंपरा में गभार्धान पुंसवन, सीमंतोनयन, जातकर्म, नाम करण, निष्क्रमण, अन्नप्राशन, चूड़ा कर्म, कर्णवेध, उपनयन, वेदारंभ, समावर्तन, विवाह, वानप्रस्थ, संन्यास तथा अंत्येष्टि संस्कार सहित सोलह संस्कारों का वर्णन मिलता है। किन्तु इनमें मात्र एक ही संस्कार ऐसा है जिसमें दो लोग मिलकर सामूहिक रूप से एक साथ संस्कारवान होते हैं। इसे विवाह संस्कार कहते हैं जिसके लिए स्त्री व पुरुष दोनों का होना अनिवार्य है। इस संस्कार का मुख्य प्रयोजन योग्य संतानोत्पत्ति कर समाज व राष्ट्र को उन्नत करना है। यूं तो विवाह भी आठ प्रकार के बताए हैं। ब्राह्म, दैव, आर्ष, प्राजापत्य, असुर, गंधर्व, राक्षस व पैशाच नामक विवाहों में से ब्राह्म विवाह को ही सर्वश्रेष्ठ बताया गया है। विवाहों की जो निकृष्टतम पद्धति भी है उसमें भी स्त्री व पुरुष दोनों का होना अनिवार्य है। यदि हिंदू मान्यताओं को छोड़ भी दें तो पाएंगे कि दुनियां के अन्य किसी भी मत, पंथ, संप्रदाय में भी सर्वत्र स्त्री के साथ पुरुष या पुरुष के साथ स्त्री के विवाह को ही मान्यता दी गई है। आदिकाल से ही विवाह को हमारे यहाँ एक बड़े उत्सव के रूप में मनाया जाता रहा है। भारतीय समाज में चार आश्रमों यथा ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ व सन्यास आश्रम में से गृहस्थ आश्रम का विशेष महत्व है। इसमें प्रवेश ही विवाह संस्कार के माध्यम से होता है। यह आश्रम शेष सभी आश्रमों की धुरी भी है। यदि यही कलंकित या दूषित हो जाएगा तो अन्य आश्रमों का क्या होगा। भारतीय मान्यताओं के अनुसार विवाह बंधन में बंधने वाले युगल एक दूसरे के प्रति समर्पित भाव से दायित्व का भाव लेकर एक होने का संकल्प लेते हैं ना कि अपने अपने अधिकारों के लिए लड़ते हैं। वे अपनी संतान माता-पिता, रिश्तेदारों व समाज के लिए दायित्व बोध से काम करते हैं। विवाहों को कानूनी मान्यता हेतु हमारे यहाँ अलग अलग रिलीजन के हिसाब से अलग अलग कानून बनाए गए हैं। ये सभी संविधान के अनुच्छेद 246 के अंतर्गत संसद को प्रदत्त शक्तियों के अंतर्गत बनाए गए है। जो उन कानूनों के अंतर्गत नहीं आता उनके लिए विशेष विवाह अधिनियम 1954 है। इसके अंतर्गत दो विविध मतों के मतावलंबी अपने अपने मत का पालन करते हुए बिना मतांतरित हुए भी विवाह कर सकते हैं। किन्तु किसी भी कानून में दो समलैंगिक व्यक्तियों को पति-पत्नी के रूप मान्यता देने का कोई विधान नहीं है। संसार का कोई भी धर्म समलैंगिक विवाह को मान्यता नहीं देता। अब यदि दो समलैंगिकों अर्थात महिला का महिला के साथ या किसी पुरुष का पुरुष के साथ सह-जीवन को विवाह की स्वीकृति दी जाती है तो उसके क्या परिणाम होंगे उन पर विचार करते हैं। यदि समलैंगिक विवाह को मान्यता दी जाती है तो संतानोत्पत्ति कैसे होगी? इन्हें बच्चा कोई गोद देगा ही क्यों? क्या कानून ऐसे जोड़ों को दत्तक गृहण का अधिकार देगा? बच्चे यदि गोद भी ले लिए जाएं तो क्या उन समलैंगिकों के आचरण व व्यवहार के दुसप्रभाव से बच्चा अछूता रह सकता है? दत्तक बच्चों को मातृत्व और पितृत्व का सुख कैसे संभव है? बच्चा जब विद्यालय जाएगा तो उसके माँ व बाप का नाम क्या होगा? संतानोत्पत्ति होगी ही नहीं तो गोद लिए बच्चे के प्रति उस कथित दम्पत्ति का व्यवहार और बच्चे पर उसका दुसप्रभाव दोनों ही अकल्पनीय होंगे। बच्चों व बड़ों में पारिवारिक संस्कार कहां से आयेंगे जो कि जीवन की शांति, व्यवस्था व नैतिक मूल्यों पर आधारित समाज के लिए बहुत आवश्यक हैं?


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# क्या मजदूरों को मिलने वाला अधिकार मिला

**संजय कुमार सुमन**

**हर वर्ष अं**तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मई महीने की पहली तारीख को मनाया जाता है। एक मई का दिन कामगारों के लिए खास दिन है।इस दिन को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के रूप में मनाया जाता है।यह दिन हर साल ज्यादातर देशों में एक मई को मनाया जाता है। यह दिन दुनिया भर में मजदूरों के उत्सव के तौर पर मनाया जाता है।क्योंकि इसी दिन उनको सबसे बड़ा अधिकार मिला।उनके लिए काम का घंटा तय हुआ।इससे पहले कामगारों का काफी शोषण होता था।कामगारों को यूं ही यह अधिकार नहीं मिल गया।जिसका मुख्य उद्देश्य उस दिन मजदूरों की भलाई के लिए काम करने व मजदूरों में उनके अधिकारों के प्रति जागृति लाना होता है। मगर आज तक तो कहीं ऐसा हो नहीं पाया है।मजदूर दिवस दुनिया के सभी कामगारों, श्रमिकों को समर्पित होता है। दुनिया में मजदूर दिवस मनाने का चलन करीब 132 साल पुराना है। मजदूरों ने काम के घंटे तय करने की मांग को लेकर आंदोलन शुरू किया।इसमें 11,000 फैक्टरियों के कम से कम तीन लाख अस्सी हजार मजदूर शामिल हुए।इस दौरान यह दुनिया के विभिन्न देशों में फैलने लगा। एक मई 1886 को पूरे अमेरिका के लाखों मजदूरों ने एक साथ हड़ताल शुरू की। इसकी शुरूआत 1886 में शिकागो में उस समय शुरू हुई थी, जब मजदूर मांग कर रहे थे कि काम की अवधि आठ घंटे हो और सप्ताह में एक दिन की छुट्टी हो।हड़ताल के दौरान एक व्यक्ति ने बम फोड़ दिया और प्रदर्शनस्थल पर अफरातफरी मच गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने मजदूरों पर गोलियां चलाई। गोलीबारी में कुछ मजदूरों की मौत हो गई, साथ ही कुछ पुलिस अफसर भी मारे गए।इस मामले में एक ट्रायल चला, जांच के अंत में चार अराजकतावादियों को सरेआम फांसी दे दी गई। हेमार्केट घटना, दुनिया भर के लोगों को क्रोधित करने का कारण बनी। बाद के वर्षों में, हेमार्केट शहीदों की स्मृति को विभिन्न मई दिवस नौकरी संबंधी कार्रवाई और प्रदर्शनों के साथ याद किया गया। इसके बाद 1889 में पेरिस में अंतरराष्ट्रीय महासभा की द्वितीय बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया गया कि 1 मई को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के रूप में मनाया जाए, तब से ही दुनिया के 80 देशों में मई दिवस को राष्ट्रीय अवकाश के रूप में मनाया जाने लगा।

# लोगों की जीवनशैली में अभिन्न हो चुका मोबाइल

**विजय गर्ग**

**लेकिन** सुविधा साबित हो रहा कोई सामान अगर हमारी सेहत के लिए बहुस्तरीय चुनौती खड़ी कर रहा हो तो एक बार ठहर कर उसके उपयोग को लेकर सजग होने की जरूरत है। हाल ही में मोबाइल और इसके उपयोग को लेकर हुए एक अध्ययन में जिस तरह की चिंताएं जाहिर की गई हैं, वे बताती हैं कि हर वक्त साथ रहने वाला मोबाइल मामूली लापरवाहियों की वजह से लोगों की सेहत के लिए चुपके-चुपके कई तरह के जोखिम पैदा कर रहा है, कई बीमारियों को न्योता दे रहा है। अध्ययन में यह पाया गया कि जो मोबाइल हमारे हाथ में एक तरह से अभिन्न होता गया है, वह दिखने में तो साफ-सुथरा लगता है, लेकिन वास्तव में शौचालय की सीट से भी गंदा होता है। कोई काम करते या खाते समय भी फोन का उपयोग करने के साथ-साथ उसे हर तरह की सतह पर भी रख दिया जाता है, जिससे उस पर रोगाणु जमा होते हैं। अंदाजा लगाया जा सकता है कि हमारे हाथ में आने के बाद उसका असर किन-किन शक्लों में हमारे शरीर में जाता होगा। यों मोबाइल फोन के उपयोग में अतिरेक के संदर्भ में अक्सर कई तरह की चिंता जताई जाती रही है। इसके बावजूद इसे लेकर जागरूकता का स्तर अभी पर्याप्त नहीं है और लोगों के बीच इसके जोखिम के प्रति लापरवाही आम दिखती है। जबकि जीवाणु और विषाणुओं की दुनिया कुछ ऐसी है कि पता भी नहीं चलता है और उसके संक्रमण से शरीर में कोई बड़ा नुकसान हो जाता है।

मोबाइल फोन के सूक्ष्मजीवी उपनिवेशन पर किए गए कई अध्ययनों में बताया गया है कि वे कई अलग-अलग प्रकार के संभावित रोगजनक जीवाणु से दूषित हो सकते हैं। ये जीवाणु त्वचा संक्रमण, डायरिया, तपेदिक से लेकर मूत्र पथ में संक्रमण तक के वाहक बन सकते हैं। नए शोधों के ऐसे संकेत ज्यादा चिंता का कारण होने चाहिए कि फोन पर कई रोगजनक जीवाणु प्रतिरोधी होते हैं। यानी इनकी वजह से हुई बीमारी का इलाज पारंपरिक दवाओं के जरिए नहीं किया जा सकता और अगर ये त्वचा, आंत या फिर श्वास नली में संक्रमण का कारण बन जाए तो किसी की जान भी जा सकती है। जाहिर है, शहरों-महानगरों से लेकर गांवों तक में लोगों की जीवनशैली में अभिन्न हो चुका है।

# रुद्राक्ष धारण करने से शरीर और मस्तिष्क को मिलते हैं ये 5 फायदे

## चित्त और मन शांत रखने में लाभदायी

हिंदू धर्म के अनुसार रुद्राक्ष पहनना शुभ माना जाता है। रुद्राक्ष पहनना केवल धर्म की परंपरा के अनुसार ही शुभ नहीं है, बल्कि इसके कई स्वास्थ्य लाभ भी हैं। रुद्राक्ष आपके चित्त एवं मन शांत रखने में लाभदायी है। रुद्राक्ष पहनने से व्यक्ति का आध्यात्मिक एवं मानसिक सेहत दोनों को फायदा होता है। रुद्राक्ष में इलेक्ट्रोमैग्नेटिक गुणों के कारण अद्भुत शक्ति होती है। इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी फ्लोरिडा के वैज्ञानिक डॉक्टर डेविड ली के अनुसार रुद्राक्ष विद्युत ऊर्जा के आवेश को संचित करता है, जिससे इसमें चुंबकीय गुण विकसित होते हैं। इसे डाय इलेक्ट्रिक प्रापर्टी कहा गया है। रुद्राक्ष की डायनमिक पोलेरिटी अद्भुत होती है, यह आपके मस्तिष्क में कुछ केमिकल्स को प्रोत्साहित करते हैं। आइए हम आपको बताते हैं कि रुद्राक्ष के क्या-क्या फायदे हैं।

## रुद्राक्ष के मानसिक प्रभाव

रुद्राक्ष आपके तन एवं मन दोनों के लिए फायदेमंद है। रुद्राक्ष आपकी बौद्धिक क्षमता एवं स्मरण शक्ति के बेहतर बनाने में फायदेमंद है। इसके अलावा तनाव एवं चिंता की समस्या से परेशान लोगों को रुद्राक्ष धारण करना चाहिए। इससे आपका मानसिक तनाव कम होता है और शरीर की ऊर्जा में वृद्धि होती है। इसके अलावा इसे पहनने से तनाव डिप्रेशन एवं सिर दर्द की समस्या होने के कम आसार रहते हैं।

## दिल के लिए भी फायदेमंद रुद्राक्ष

रुद्राक्ष आपके दिल के लिए भी सही माना जाता है। इसमें मौजूद कीमोफार्माकोलॉजिकल विशेषताओं के कारण यह दिल संबंधी समस्यों को दूर करने में मदद करता है। रुद्राक्ष हृदयरोग, रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बनाए रखने में भी प्रभावी है।

# अधिक चिकन खाने से लोगों में कम हो रहा है फर्टिलिटी रेट

- जानवरों को मोटा करने दिया जाता है ऑक्सिटोसिन इंजेक्शन।
- चिकन खाने से हम छोटी-छोटी मात्रा में लेते हैं ऑक्सिटोसिन।
- बीमार मुर्गियों के अंडे और मांस खाने से लोग हो रहे हैं बीमार।

भागती-दौड़ती जिंदगी में हेल्दी रहने के लिए और अधिक से अधिक पोषक-तत्वों का सेवन करने के लिए लोग शाकाहारी चीजों के बजाय मांसाहारी चीजों का सेवन करते हैं। जबकि मांसाहारी पदार्थों से कई सारी बीमारियों होती हैं।

जी, हां। ये खबर सुनकर चौंकने की जरूरत नहीं है। नॉनवेज खाने से कई सारी बीमारियां पैदा होती हैं। खासकर फर्टिलिटी रेट कम होने जैसी समस्या इस कारण ही होती है। दरअसल आजकल जानवरों को ऑक्सिटोसिन का इंजेक्शन देकर जल्दी-जल्दी बड़ा और मोटा किया जाता है। उन जानवरों को तो ऑक्सिटोसिन का इंजेक्शन जरूर ही दिया जाता है, जिन्हें मांस के लिए काटा जाता है। इस ऑक्सिटोसिन के इंजेक्शन द्वारा मोटे और बड़े हुए जानवरों का मांस खाने से शरीर में कई सारी बीमारियां पैदा होती हैं, लेकिन सबसे खतरनाक इसका जो प्रभाव होता है वो ये कि इससे महिलाओं में फर्टिलिटी रेट कम हो जाती है। कोई भी दुकानदार ये तो मानेगा नहीं की उसने अपने बूचड़खाने में पल रहे मुर्गे-मुर्गियों को ऑक्सिटोसिन का इंजेक्शन लगाया है। ऐसे में आप दुकानदार की बात मानकर चिकन को साफ और हेल्दी समझकर ले रहे हैं तो अन्य कारणों की भी जानकारी ले लें।

दरअसल इन ढेर सारे मुर्गे-मुर्गियों को जिस जगह में रखा जाता है, वहां उनके लिए सांस लेना भी मुश्किल होता है। इन जगहों में वे ठीक ढंग से चलना-फिरना तो दूर ठीक ढंग से सांस भी नहीं ले पाते। जिसके कारण वे अनेक प्रकार की बीमारियों से ग्रस्त हो जाते हैं। इन बीमार मुर्गियों के अंडे तथा मांस के सेवन से उसमें जो हानिकारक व वायरस बैक्टीरिया उपस्थित होते हैं वे मनुष्य के शरीर में पहुंच जाते हैं तथा उनमें कई सारी बीमारियां पैदा होने का कारण बनते हैं।

## रेसिपी

### ब्रेड चीज बॉल्स

**सामग्री**

- स्लाइस ब्रेड: 4
- प्याज (बारीक कटी हुई): 1-2
- ब्रेड क्रम्ब्स: 1 कप
- मोजरेला चीज (कद्दूकस किया हुआ): 1 कप
- चीज क्यूब्स (कद्दूकस किया हुआ): 1 कप
- हरी मिर्च (बारीक कटी हुई): 1 टेबलस्पून
- कलियां लहसुन की कली (बारीक कटी हुई): 3-4
- उबले हुए आलू (मैश किए हुए): 3
- काली मिर्च पाउडर: 1 टेबलस्पून
- हरा धनिया: जरूरत के अनुसार
- तेल: जरूरत के अनुसार
- नमक स्वाद के अनुसार

**विधि**

सबसे पहले एक बाउल में मोजरेला चीज, चीज क्यूब, हरा धनिया, हरी मिर्च, काली मिर्च पाउडर, प्याज और लहसुन डालकर अच्छे से मिलाएं। इसके बाद इस मसाले के छोटे-छोटे बॉल्स बनाकर फ्रिज में 10-15 मिनट के लिए रख दें। अब एक कटोरी में पानी लें और इसमें एक-एक कर ब्रेड की स्लाइस डालकर पानी को पूरी तरह से निचोड़ते हुए एक दूसरी कटोरी में रखते जाएं। अब उसी कटोरी में मैश किए हुए आलू, नमक, हरा धनिया डालकर अच्छे से मिला लें। इस तैयार मिश्रण के गोल-गोल बॉल्स बनाकर इसमें गड्ढा कर पहले से तैयार मसाले को बॉल्स को भरते हुए बड़े बॉल्स बना लें। अब बॉल्स की आउटर कोटिंग के लिए एक प्लेट में ब्रेड क्रम्ब्स को फैला लें और सारे बॉल्स को इससे कोट कर लें। अब एक कढ़ाही में तेल डालकर मीडियम आंच पर चढ़ाएं। तेल के गरम होते ही इसमें बॉल्स डालकर गोल्डन ब्राउन और क्रिस्पी होने तक फ्राई करते जाएं और एक प्लेट में निकाल कर किनारे रखते जाएं। ऊपर से नींबू का रस डालकर गर्मागर्म सर्व करें।





### वेजिटेबल रायता

**सामग्री**

- दही: 1 कप
- जीरा पाउडर: 1 टीस्पून
- काला नमक: 1/2 टीस्पून
- काली मिर्च पाउडर: 1/4 टीस्पून
- लाल मिर्च पाउडर: 1/4 टीस्पून
- प्याज, बारीक कटी हुई: 1
- टमाटर, बारीक कटा हुआ: 1
- बारीक कटी शिमला मिर्च: 2 टेबलस्पून
- बारीक कटा खीरा: 3 टेबलस्पून
- बारीक कटी पुदीनापत्ती: 1 टीस्पून
- धनियापत्ती: 1 टीस्पून
- हरी मिर्च, बारीक कटी: 2
- नमक स्वाद के अनुसार

**विधि**

वेजिटेबल रायता बनाने से पहले दही को 10-12 मिनट तक फ्रिजर में रख दें। इसके बाद एक बड़े बर्तन में दही लेकर अच्छी तरह फेंट लें। ध्यान रहे दही में एक भी गांठ नहीं रहनी चाहिए। इसके बाद दही में जीरा पाउडर, काला नमक, काली मिर्च पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और स्वाद के अनुसार नमक डालकर अच्छी तरह फेंट लें। इसके बाद दही में बारी-बारी से सब्जियां डालेंगे। वेजिटेबल रायता के लिए दही में सबसे पहले प्याज, खीरा और शिमला मिर्च डालकर मिलाएंगे। फिर इसमें टमाटर, धनिया और पुदीने की पत्तियां और इसके बाद हरी मिर्च डालकर अच्छी तरह मिला लें। इसे सर्विंग बाउल में डालकर सर्व करें। यह रायता अपने मनपसंद पदार्थों के साथ खाएं।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में संक्रियता रहेगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-5-8-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शुभांक-4-6-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। परिवारजनों के सहयोग से काम बनाना आसान रहेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। शुभ कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। शुभांक-3-6-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): परिवारजन का सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्धिक उलझनें बनी रहेंगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। शुभांक-5-7-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक-2-6-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-2-5-7

**तुला** (रा री रू रे रो ता ती तू ते): कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुख-सुख की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्यवधानक स्थितियां पैदा होंगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते चले जाएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-6-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू): स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा हो जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-5-7-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-3-5-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। शुभांक-3-4-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यावसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-4-7-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। शुभांक-3-5-7

## हंसी के फुव्वारें

एक सखी-मेरे पति प्रतिदिन सैकड़ों लोगों को भोजन करवाते हैं.

दूसरी- हां बहन, ऐसे देवता स्वरूप लोग होते ही कितने हैं. वैसे वे करते क्या हैं?

पहली सहेली-वे होटल में वेटर हैं.

□ □ □

प्रबन्धक-फिलहाल मैं तुम्हें हजार रुपये महीना दे सकता हूं. छह महीने बाद बारह सौ दूंगा.

प्रत्याशी-ठीक है मैं छह महीने बाद ही आ जाऊंगा.

□ □ □

मां ने दूध में डबलरोटी खाने को दी. थोड़ी देर में बालक रोने लगा तब मां ने पूछा, 'क्यों क्या हुआ? रो क्यों रहे हो?'

बालक ने रोते हुए कहा, 'सारा दूध तो डबलरोटी पी गई मैं क्या पिऊं?'

□ □ □

अपने पिता के साथ चिड़ियाघर देखते हुए बच्चा शेर के पिंजरे के सामने आकर सोचने लगा. बाप ने कारण पूछा तो बच्चे ने कहा, 'कुछ नहीं पिताजी, मैं सोच रहा था कि अगर शेर ने पिंजरे से निकलकर आपको खा लिया तो मैं कौन से नम्बर की बस में घर जाऊंगा.'

□ □ □

पत्नी-तुमने अपना वादा तोड़ दिया.

नेता-कोई बात नहीं जल्दी ही नया वादा कर लूंगा.



## काकुरो पहेली - 4039



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर, नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आगे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः

काकुरो - 4038 का हल



## सुडोकु -4039



| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सुडोकु -4038 हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

## फिल्म वर्ग पहेली - 4039



**बायें से दायें:-**

१. बॉबी, करिश्मा की 'ओ मेरे ढोलना' गीत वाली फिल्म-३
३. 'कहूँ तुम्हें' गीत वाली अमिताभ, शशिकपूर की हिट फिल्म-३
५. संजय कपूर, तब्बू की 'मैंने जी लिया' गीत वाली फिल्म-३
७. 'साल के बारा महीने' गीत वाली कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
८. ऋषि, माधुरी की 'मेरा पिया घर आया' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'सीता और गीता' में धर्मेन्द्र के किरदार का क्या नाम था?-२
१२. 'पलकें हो खुली या बंद' गीत वाली सुनील शेट्टी, सोनाली की फिल्म-३
१३. संजयदत्त, अनिल राज की 'आते जाते तेरी' गीत वाली फिल्म-२,१,२
१४. सुनील शेट्टी, मोनो अली की 'ना वादा करती है' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'पर्दे में कोई बैठा है' गीत वाली अमजद खान की फिल्म-२
१७. राजकुमार, नाना पाटेकर, ममता कुलकर्णी, वर्षा की 'पीले पीले ओ मेरे राजा' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'कदे कदे पिया' गीत वाली विजय आनंद, जया की फिल्म-२,३
२१. राजकपूर, नर्गिस की 'ये रात की तनहाइयां' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'शहरों की गलियों में' गीत वाली राजेश, शर्मिला की फिल्म-२,२
२६. गोविंदा, रवीना की 'सजुजी वाले लक्ष्य' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'दिल दिया तेरा हो' गीत वाली अमिताभ बच्चन, अक्षय कुमार, प्रियंका चोपड़ा की फिल्म-२
२८. मिथुन, अतुल, पूजा की 'जो जिन में कुछ नहीं' गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'मैं दुनिया भुला दूंगा' गीत वाली राहुल, अनु अग्रवाल की फिल्म-३
२. राजकपूर, नूतन की 'रुक जा ओ जानेवाली' गीत वाली फिल्म-३
३. 'ऐ सनम जिसने तुझे' गीत वाली राजकपूर, माधव की फिल्म-३
४. ऋषि, नीतूसिंह की 'किसी से दिल अगर' गीत वाली फिल्म-५
६. सोमदत्त, विनोद खन्ना, लीना चंदावरकर की पहली फिल्म-२,१,२
९. गोविंदा, करिश्मा की 'पर्द सलाए तेरे' गीत वाली फिल्म-२,२
११. फिल्म 'लक्ष्य' के गीत 'मैं ऐसा क्यों हूँ' का गायक-२
१२. सलमान, करिश्मा की 'हवा में क्या है' गीत वाली फिल्म-३
१४. अक्षय, लारा की फिल्म-३
१५. सुनील, आशा पारेख की 'आज नाचूँ ऐसे' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'मेरे दिल में आज' गीत वाली राजेश, शर्मिला, राखी की फिल्म-२
१८. कमल सदाना, आयशा, दिव्याकी 'दिल चोर के' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'ले के चली मुझे' गीत वाली विश्वजीत, वहीदा की फिल्म-३
२०. जैकी, डिम्पल की 'क्या है तुम्हारा नाम' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'हवा ना बोले' गीत वाली फिल्म-३
२२. फिल्म 'कोशिश' में नायक कौन है-३
२३. फिल्म 'जोश बीस' में नायक कौन है-२
२५. टी. वी. धारावाहिक 'सास' की नायिका कौन थी?-२
२६. दीनो मोरिया, बिपाशा की 'जो भी कसमें' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली 4038



## शब्द पहेली -4039





**बाएँ से दाएँ**

1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त,अकाल-5
20. प्रयास,कोशिश-5
23. टोंटी,नलका-2
24. कामदेव,पुष्कर-2,3
25. डर,भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा,व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**

2. बिंदु,बिंदी,शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा,नुकसान-2
6. मूर्ख,बेवकूफ-4
7. बिना कारण,बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम,संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह,किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद्,अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

शब्द पहेली 4038 का हल



# प्रियंका चोपड़ा

## का बेटी मालती को लेकर खुलासा, हर मिनट चेक करती थीं धड़कन, 2-2 मिनट पर टूट जाती थी नींद



प्रियंका चोपड़ा (Priyanka Chopra) इन दिनों अपने वेब सीरीज 'सिटाडेल' को लेकर चर्चा में हैं. अपने इस सीरीज का एक्ट्रेस ने जमकर प्रमोशन किया है. प्रियंका अपनी बेटी और पति के साथ इंडिया आई हुई थीं और इस दौरान अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर कई तरह के खुलासे किए. प्रियंका के लिए इन दिनों पूरी दुनिया बेटी मालती मैरी चोपड़ा है. अपनी बेटी के प्री-मैच्योर बर्थ के समय और बाद में प्रियंका बेहद परेशान रहीं. एक मां के तौर पर अपने डर का खुलासा एक्ट्रेस ने किया.प्रियंका चोपड़ा और निक जोनास ने साल 2022 में सेरोगेसी के जरिए बेटी के माता-पिता बने. हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में प्रियंका चोपड़ा ने बताया है कि प्री-मैच्योर बर्थ के समय उन्हें अपनी बेटी को खो देने का डर सता रहा था. मालती जन्म के बाद करीब 100 दिन तक एनआईसीयू में रही थी. इस समय एक्ट्रेस बुरी तरह घबरा गई थीं तो पति निक जोनास ने मजबूती से संभाला.

**मुझे बेटी की ताकत बनना था**

प्रियंका चोपड़ा ने टुडे शो में बेटी के जन्म के समय को याद करते हुए बताया 'मेरे हस्बैंड की ताकत का एक और उदाहरण है. मैं तो जैसे खामोश हो गई थी, मुझे समझ नहीं आ रहा था कि कैसे रिएक्ट करूं. मुझे याद है कि निक ने मेरे कंधों को पकड़ रखा था, मैंने पूछा बताओ मुझे क्या करना है? उसने कहा कि बस मेरे साथ कार में बैठो और हम अस्पताल के लिए निकल पड़े. वह पैदा हो चुकी थी, जब से पहली सांस ली, तब से लेकर आज तक हम में से किसी एक के बिना कभी नहीं रही. ये मेरी नहीं उसकी परीक्षा थी. मेरे पास डरने या कमजोर होने का मौका नहीं था, क्योंकि मां के रूप में मुझे उसकी ताकत बनना था, हमे उसे पल-पल ये महसूस करवाना था कि वो अकेली नहीं है'.

**मालती मैरी की धड़कन चेक करती रहती थीं**

प्रियंका चोपड़ा ने आगे कहा कि 'जब हम उसे घर ले आए तो कई दिनों तक सो नहीं पाई थी. अस्पताल में मॉनिटर पर उसके दिल की धड़कन को देख सकते थे लेकिन घर पर मॉनीटर नहीं था. मैं उसके सीने पर कान लगा कर सुनती थी. वो ठीक है या नहीं ये देखने के लिए मैं हर 2 मिनट में जग जाती थी और ये हफ्तों तक चलता रहा'.

# जिया खान

## केस में बरी होने के बाद, पहली बार सूरज पंचोली ने किया रिएक्ट, सच्चाई और जीत पर वायरल हुआ पोस्ट



जिया खान केस (Jiah Khan Case) में 10 साल बाद फैसला आया है, जिसमें मुंबई की एक अदालत द्वारा एक्टर सूरज पंचोली को बरी कर दिया गया है. इस बीच, जिया खान की मां ने भी सूरज के बरी होने पर प्रतिक्रिया दी और CNN News18 को बताया कि वह अपनी दिवंगत बेटी के लिए न्याय के लिए लड़ती रहेंगी. उन्होंने हमें बताया, 'मैं उम्मीद नहीं छोड़ूंगी, लड़ती रहूंगी.' उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वह हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाएंगी.बता दें, जिया खान मौत मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने सूरज पंचोली को सबूतों के अभाव में शुक्रवार को बरी कर दिया. सूरज अपनी मां व दिग्गज अभिनेत्री जरीना वहाब के साथ अदालत में मौजूद थे. इसी बीच सूरज ने इस मामले में पहली बार अपना बयान जारी और अपने इंस्टा स्टोरी में लिखा, 'सत्य हमेशा जीतता है'. इसके साथ उन्होंने हैशटैग 'गॉड इज ग्रेट' भी जोड़ा.गौरतलब है कि जून 2013 में जिया खान को उनकी मां राबिया खान ने अपने घर पर मृत्य पाया था. खान ने कथित तौर पर सूरज पंचोली के साथ अपने संबंधों का वर्णन करते हुए 6 पन्नों का एक पत्र भी लिखा था. जिया की मौत के बाद उनकी मां ने सूरज और उसके परिवार पर जिया के साथ 'दुर्व्यवहार' करने का आरोप लगाया था. इसके बाद उन पर मामला दर्ज करवाया था. सूरज को गिरफ्तार भी किया गया था, लेकिन बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया था.सूरज की जमानत के बाद जिया की मां ने बॉम्बे हाईकोर्ट का रुख किया और जांच को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने की मांग की. केंद्रीय जांच एजेंसी ने दिसंबर 2015 में चार्जशीट दायर की जिसमें उन्होंने पंचोली पर भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया था.

## किम कर्दाशियन से भी पतली कमर, प्लास्टिक सर्जरी से पाए हूबहू सुपरमॉडल जैसे लुक्स, पॉपुलर एक्ट्रेस की हुई मौत



हॉलीवुड की जानी मानी एक्ट्रेस किम कार्दशियन की हमशक्ल मानी जाने वाली कैलिफोर्निया की रहने वाली मॉडल क्रिस्टीना एश्टन की मौत हो गई. वह 34 साल की थीं. क्रिस्टीना एश्टन ने हॉलीवुड एक्ट्रेस किम कार्दशियन की तरह दिखने के लिए प्लास्टिक सर्जरी करवाई थी, जिसके बाद उन्होंने किम जैसा फिगर और फेस पाया था. क्रिस्टन का महज 34 साल की उम्र में कार्डियक अरेस्ट से निधन हो गया. क्रिस्टीना के परिवार ने 26 अप्रैल को सोशल मीडिया पर उनकी मौत की खबर दी है. इस दुखद खबर से फैंस के बीच शोक की लहर है.मॉडल क्रिस्टीना एश्टन ने कई प्लास्टिक सर्जरी करवाकर किम जैसा फिगर और फेस पाया था. सर्जरी के बाद वो बिल्कुल किम की तरह दिखने लगी थीं. इस वजह से उनकी अच्छी खासी फैन फॉलोइंग भी हो गई थी. उनके परिवार ने जानकारी दी 20 अप्रैल को दुखद घटना घटी है.मॉडल क्रिस्टीना एश्टन के परिवार ने इस दुखद जानकारी को शेयर करते हुए बताया, '20 अप्रैल 2023 को सुबह 4:31 बजे, हमारे परिवार को एक दुखद फोन कॉल आया। दूसरी तरफ से परिवार का ही एक सदस्य चिल्ला रहा था और रो रहा था॰ एश्टन मर रही है, एश्टन मर रही है. एक फोन कॉल ने पलक झपकते ही हमारी दुनिया को बर्बाद कर दिया. उनका कहना है कि चिकित्सकीय प्रक्रिया के बिगड़ने की वजह से' मॉडल को कार्डियक अरेस्ट हुआ है'.क्रिस्टीना के परिवार का दावा है कि उसकी अचानक मौत की जांच वर्तमान में 'चिकित्सा प्रक्रिया से संबंधित एक हत्या' के रूप में हो रही है, जो फेल हो गई थी. मेयो क्लिनिक के मुताबिक, कार्डिएक अरेस्ट तब होता है जब हार्ट के इलेक्ट्रिकल सिस्टम में किसी समस्या के कारण दिल की धड़कन अचानक बंद हो जाती है.34 साल की मॉडल के इंस्टाग्राम पर 6,26,000 से ज्यादा फैंस हैं. वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ओनलीफैंस पर काफी लोकप्रिय थी. आपको बता दें कि इससे पहले हाल ही में कनाडाई एक्टर सेंट वॉन ने भी ब्लैकपिंक-सिंगर जिमिन की तरह दिखने के लिए 12 कॉस्मेटिक सर्जरी करवाई थीं, जिनमें जबड़े की सर्जरी, इंप्लांट्स, फेस लिफ्ट, नाक की सर्जरी, आई लिफ्ट, आइब्रो लिफ्ट, लिप रिडक्शन और अन्य कई सर्जरी शामिल थीं. उनकी भी कुछ समय पहले मौत हो गई थी.

## करोड़ों की प्रॉपर्टी के मालिक हैं शरमन जोशी, खूंखार विलेन की बेटी पर हार बैठे थे दिल, महज 21 साल में रचा ली थी शादी



बॉलीवुड एक्टर शरमन जोशी अपने एक्टिंग और कॉमिक टैलेंट से दर्शकों को खूब एंटरटेन किया है. आज वह अपना 44वां बर्थडे सेलिब्रेट करने वाले हैं. नागपुर में जन्मे शरमन को एक्टिंग की शिक्षा घर से ही मिली और जब वह करियर बनाने के लिए आगे आए तो पहले थिएटर का रुख किया. शरमन एक गुजराती परिवार से ताल्लुख रखते हैं. महज 21 साल में वह उन्होंने अपनी गर्लफ्रेंड संग शादी रचा ली थी. उनकी पत्नी बॉलीवुड के जाने माने विलेन की बेटी हैं. जिन्हें पहली नजर में देखते ही शरमन अपना दिल हार बैठे थे. असल जिंदगी में शरमन करोड़ों की प्रॉपर्टी के मालिक हैं.शरमन ने एक्टिंग की दुनिया में कदम थिएटर की बारीकियां समझने के बाद ही रखा था. साल 1999 में फिल्म 'गॉडमदर' से उन्होंने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी. इस फिल्म को बेस्ट हिंदी फिल्म के साथ 6 नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिले थे. इसके बाद उन्होंने कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया. बात अगर शरमन के करियर की हिट फिल्मों की करें तो उन्होंने 'गोलमाल', 'स्टाइल', '3 इडियट्स', 'रंग दे बसंती' और 'एक्सक्यूज मी' जैसी कई शानदार फिल्मों में काम किया. जिन्होंने एक्टर को अलग पहचान दी. 'रंग दे बसंती' और '3 इडियट्स' जैसी फिल्मों में जबरदस्त अभिनय कर चुके शरमन जोशी को फिल्म 'फरारी की सवारी' के लिए 40 ऑडिशन देने पड़े थे.

**21 साल में रचा ली थी शादी**

शरमन जोशी ने अपने एक इंटरव्यू में बताया था कि वह अपनी पत्नी प्रेरणा को पहली नजर में दिल दे बैठे थे. दोनों के रिश्ते की शुरुआत दोस्ती से हुई थी और धीरे-धीरे उनका रिश्ता गहरा होता गया. लेकिन इनकी लव स्टोरी की दिलचस्प बात ये है कि शरमन और प्रेरणा ने कभी भी एक-दूसरे से अपने दिल की बात नहीं कही थी. इस कपल की मुलाकात साल 1999 में हुई थी. पूरे एक साल बाद ही साल 2000 में ये कपल शादी के बंधन में बंध गया था.

## जेट एयरवेज के मनोनीत सीईओ संजीव कपूर ने पद छोड़ा, एक साल पहले किया था ज्वाइन

**नई दिल्ली।** जेट एयरवेज के मनोनीत सीईओ संजीव कपूर ने एयरलाइन से इस्तीफा दे दिया है। कार्यालय में उनका अंतिम दिन 29 अप्रैल 2023 था। वह 4 अप्रैल 2022 को जेट एयरवेज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के रूप में ग्राउंडेड एयरलाइन जेट एयरवेज ज्वाइन किया था।

## बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर पांच माह में सबसे कम, क्रूड उत्पादन 2.8 फीसदी घटा

**नई दिल्ली।** देश के आठ बुनियादी उद्योगों में उत्पादन की वृद्धि दर मार्च, 2023 में सालाना आधार पर 3.6 फीसदी रही।?वृद्धि की यह रफ्तार अक्तूबर, 2022 के बाद पांच माह में सबसे कम है। उस समय बुनियादी उद्योगों में उत्पादन की वृद्धि दर सबसे कम 0.7 फीसदी रही थी।

सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, मार्च, 2022 में इन प्रमुख उद्योगों का उत्पादन 4.8 फीसदी की दर से बढ़ा था।?फरवरी, 2023 में इसकी वृद्धि दर 7.2 फीसदी रही थी। आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2022-23 के अंतिम महीने मार्च में कच्चे तेल का उत्पादन 2.8 फीसदी घट गया।?बिजली क्षेत्र में 1.8 फीसदी और सीमेंट में 0.8 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।

दूसरी ओर, कोयला उत्पादन में 12.2 फीसदी की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई।?उर्वरक क्षेत्र का उत्पादन 9.7 फीसदी, इस्पात क्षेत्र 8.8 फीसदी, प्राकृतिक गैस 2.8 फीसदी और रिफाइनरी उत्पाद 1.5 फीसदी की दर से बढ़ा। वित्त वर्ष 2022-23 में आठ बुनियादी ढांचा क्षेत्रों - कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली की वृद्धि दर वित्त वर्ष 2023 में 7.6 प्रतिशत रही, जो वित्त वर्ष 2021-22 10.4 प्रतिशत से कम है। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में कोर सेक्टर या प्रमुख बुनियादी ढांचा उद्योगों का भारांश 40.27 प्रतिशत है।

कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग और मालिक पर 21 करोड़ जुर्माना

वहीं, पावर ऑफ अटॉर्नी का दुरुपयोग कर ग्राहकों के धन की हेराफेरी के लिए सेबी ने कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग लि. (केएसबीएल) व उसके प्रवर्तक कोमांदुर पार्थसारथी को सात साल के लिए प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है। साथ ही, 21 करोड़ का जुर्माना भी लगाया है। सेबी ने आदेश में कहा, पार्थसारथी अगले 10 साल तक किसी भी सूचीबद्ध कंपनी में निदेशक या अन्य मुख्य पद पर नियुक्त नहीं हो सकते हैं।

## कैम्पा कोला को देशभर में वितरित करने के लिए हुई साझेदारी, रिलायंस ने इस कंपनी पर जताया भरोसा

**नई दिल्ली।** 'उड़ान' ने पूरे भारत में कैंपा कोला वितरित करने के लिए रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के साथ साझेदारी की है। बी2बी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म उड़ान ने यह साझेदारी पूरे भारत में कैंपा कोला उत्पादों को वितरित करने के लिए की है। रिलायंस रिटेल की सहायक कंपनी आरसीपीएल ने अगस्त 2022 में 22 करोड़ रुपये में प्रतिष्ठित पेय ब्रांड कैम्पा कोला का अधिग्रहण किया था और इस साल मार्च में इसे फिर से लॉन्च किया। वितरण साझेदारी से उड़ान को शुरू में 50,000 से अधिक खुदरा विक्रेताओं और किराना स्टोरों तक पहुंचने की अनुमति मिलेगी, जो अंततः दो महीने में एक लाख स्टोर तक बढ़ जाएगी। उड़ान की ओर से कोला, ऑरेंज और क्लियर लाइम सहित तीन नए कैंपा कोला फ्लेवर, 200 मिलीलीटर, 500 मिलीलीटर और 2,000 मिलीलीटर की बोतल में वितरित किए जाएंगे। उड़ान में एफएमसीजी कारोबार के प्रमुख विनय श्रीवास्तव ने कहा कि बी2बी ई-कॉमर्स यूनिकॉर्न उड़ान का विशाल खुदरा विक्रेता आधार और कम खर्चीला वितरण नेटवर्क पूरे भारतीय बाजार में कैम्पा कोला ब्रांड को अपनी पैठ बनाने में मदद करेगा। कैंपा कोला के लिए आरसीपीएल के साथ साझेदारी उड़ान के 'प्रोजेक्ट विस्तार' का हिस्सा है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में एफएमसीजी और खाद्य श्रेणी के उत्पादों की पहुंच बढ़ाने से जुड़ी पहल है। उड़ान ने दावा किया है कि उसकी पहुंच कम से कम 3,000 की आबादी वाले हर ग्रामीण बाजार तक है।

## एयर इंडिया के अधिकांश पायलटों ने मुआवजा प्रणाली को स्वीकारा: कैंपबेल विल्सन

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया (एआई) के अधिकांश पायलटों ने मुआवजा प्रणाली को स्वीकार कर लिया है। एयरलाइंस प्रमुख कैंपबेल विलसन ने कहा कि एयर इंडिया के संशोधित वेतन संरचना एवं नौकरी की शर्तों के खिलाफ पायलटों के संघ के विरोध के बीच अधिकांश पायलट ने पिछले हफ्ते पेश मुआवजा प्रणाली को स्वीकार कर लिया है। कैंपबेल ने टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया कर्मचारियों को अपने साप्ताहिक सूचना में कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि 90 फीसदी एआई चालक दल के सदस्यों और ज्यादातर पायलटों ने पिछले हफ्ते पेश मुआवजा प्रणाली को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा कि एयरलाइन कार्यस्थल

प्रौद्योगिकी और प्रशिक्षण के साथ-साथ नए तथा बेहतर कर्मचारी लाभों में निवेश कर रही है। टाटा समूह ने केंद्र सरकार से विमानन कंपनी एयर इंडिया का अधिग्रहण जनवरी 2022 में किया था। घाटे में चल रही एयर इंडिया ने 17 अप्रैल को अपने पायलटों और चालक दल के सदस्यों के लिए एक नई मुआवजा प्रणाली की घोषणा की थी। एआई की इस घोषणा को दो संघों भारतीय वाणिज्यिक पायलट संघ (आईसीपीए) और इंडियन पायलट गिल्ड (आईपीजी) ने खारिज कर दिया था। फिलहाल एयर इंडिया में 1,800 से अधिक पायलट कार्यरत हैं।

## शेयर बाजार में लगातार 5वें दिन तेजी, निवेशकों को 2.66 लाख करोड़ का फायदा

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार ने लगातार पांचवें दिन मजबूती के साथ कारोबार का अंत किया। आज के शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार कुछ देर के लिए कमजोर जरूर हुआ था, लेकिन सुबह 11 बजे की करीब खरीदारों ने अपना जोर बना लिया। खासकर कारोबार के आखिरी घंटे में बाजार में जमकर लिवाली हुई, जिससे निफ्टी और सेंसेक्स दोनों सूचकांक मजबूती के साथ बंद हुए। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स उछलकर 61 हजार अंक और निफ्टी 18 हजार अंक के स्तर के पार जाकर बंद हुए। बाजार में आई तेजी के कारण निवेशकों को एक दिन में ही करीब 2.66 लाख करोड़ रुपये का फायदा हो गया। आज के कारोबार में कंज्यूमर ड्यूरेबल को छोड़ कर सभी सेक्टर में मजबूती दर्ज की गई। खासकर बैंकिंग, यूटिलिटी, इंडस्ट्रियल, टेलीकम्युनिकेशन, पावर, कमोडिटी और टेक सेक्टर के शेयरों में जोरदार बढ़त देखी गई। बाजार में आई तेजी के कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.32 प्रतिशत उछल गया। इसी तरह स्मॉल कैप इंडेक्स भी 0.91 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ।

आज बाजार में आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 2.66 लाख करोड़ रुपये से अधिक का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 271.71 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 269.05 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.66 लाख करोड़ रुपये का लाभ हुआ। दिनभर के कारोबार में बीएसई में 3,629 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,249 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,249 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 131 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। दूसरी ओर एनएसई में आज 2,030 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,350 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में और 680 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 24 शेयर बढ़त के साथ और 6 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 41 शेयर हरे निशान में और 9 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 72.23 अंक की मामूली बढ़त के साथ 60,721.61 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसके कारण ये सूचकांक 141.92 अंक लुढ़क कर आज के सबसे निचले स्तर 60,507.83 अंक तक पहुंच गया।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.16 अरब डॉलर घटकर 584.24 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** आर्थिक मोर्चे पर झटका लगने वाली खबर है। विदेशी मुद्रा भंडार में फिर गिरावट दर्ज हुई है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 21 अप्रैल को समाप्त हफ्ते में 2.164 अरब डॉलर घटकर 584.248 अरब डॉलर रह गया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी है।आरबीआई ने जारी आंकड़ों में बताया कि 21 अप्रैल को समाप्त हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार 2.164 अरब डॉलर घटकर 584.248 अरब डॉलर रह गया। इससे पिछले हफ्ते देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.657 अरब डॉलर बढ़कर 586.412

अरब डॉलर पर पहुंच गया था। इस दौरान विदेशी मुद्रा भंडार में अहम योगदान देने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 2.146 अरब डॉलर घटकर 514.489 अरब डॉलर रह गई है। रिजर्व बैंक के मुताबिक स्वर्ण भंडार का मूल्य इस दौरान 2.4 करोड़ डॉलर घटकर 46.151 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में रखा देश का मुद्रा भंडार 1.4 करोड़ डॉलर घटकर 5.176 अरब डॉलर रह गया। हालांकि, आंकड़ों के मुताबिक विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 1.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.431 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर 2021 में देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

## बीबीसी के चेयरमैन रिचर्ड शार्प ने दिया इस्तीफा, बोरिस जॉनसन को ऋण दिलाने से जुड़ा है मामला

**नई दिल्ली।** बीबीसी प्रमुख (चेयरमैन) रिचर्ड शार्प ने सरकारी नियुक्तियों से संबंधित सरकारी नियमों का उल्लंघन करने वाली एक रिपोर्ट आने के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इस रिपोर्ट में खुलासा किया गया कि कंजर्वेटिव पार्टी के दानदाता शार्प ने सरकार की सिफारिश पर बीबीसी अध्यक्ष पद पर नियुक्त होने से कुछ हफ्ते पहले 2021 में तत्कालीन प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के लिए ऋण की व्यवस्था करने में मदद की थी। इस खुलासे के बाद से सरकार द्वारा वित्तपोषित राष्ट्रीय प्रसारणकर्ता बीबीसी दबाव में है। शार्प ने कहा कि वह अनजाने में नियमों का उल्लंघन होने के बाद बीबीसी के हितों को प्राथमिकता देते हुए पद छोड़ रहे हैं। इस घटनाक्रम पर वरिष्ठ अधिवक्ता एडम हैप्पिन्स्टॉल की रिपोर्ट प्रकाशित होने के बाद पद छोड़ा है। रिपोर्ट के मुताबिक, रिचर्ड ने ब्रिटेन के पूर्व पीएम बोरिस जॉनसन के लिए ऋण की व्यवस्था करने में अहम भूमिका निभाई थी। वह जून के अंत तक पद पर बने रहेंगे और इस दौरान उनके उत्तराधिकारी की तलाश की जाएगी। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया था कि जॉनसन ने शार्प की चेयरमैन के तौर पर नियुक्ति के लिए मजबूती के साथ सिफारिश की थी। सिफारिश से पहले बोरिस जॉनसन को 800,000 पाउंड यानी करीब 8.15 करोड़ रुपए के लोन के लिए गारंटी अरेंज करने में शार्प ने मदद की थी।

## देश के आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर मार्च में 3.6 फीसदी रही

**नई दिल्ली।** अर्थव्यवस्था के मोर्चे में झटका लगने वाली खबर है। देश के आठ बुनियादी उद्योगों (आईसीआई) का उत्पादन मार्च महीने में सालाना आधार पर 3.6 फीसदी की दर से बढ़ा है, जो पांच महीनों में सबसे कम है।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी है। मंत्रालय के मुताबिक देश के आठ बुनियादी उद्योगों का उत्पादन मार्च महीने में 3.6 फीसदी की दर से बढ़ा है। एक साल पहले मार्च 2022 में इन प्रमुख उद्योगों का उत्पादन 4.8 फीसदी की दर से बढ़ा था। फरवरी 2023 में इसकी वृद्धि दर 7.2 फीसदी रही थी। बुनियादी उद्योगों क्षेत्रों का उत्पादन अक्टूबर 2022 के बाद मार्च में सबसे कम रहा है। इससे पहले अक्टूबर में बुनियादी क्षेत्रों की वृद्धि दर सबसे कम 0.7 फीसदी रही थी। आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2022-23 के अंतिम महीने मार्च में कच्चे तेल का उत्पादन 2.8

फीसदी गिरा है, जबकि बिजली क्षेत्र में 1.8 फीसदी और सीमेंट क्षेत्र में 0.8 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि, कोयला के उत्पादन में 12.2 फीसदी की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई है। इसी तरह उर्वरक क्षेत्र में 9.7 फीसदी, इस्पात क्षेत्र में 8.8 फीसदी, प्राकृतिक गैस क्षेत्र में 2.8 फीसदी और रिफाइनरी क्षेत्र का उत्पाद 1.5 फीसदी की दर से बढ़े हैं। मंत्रालय के मुताबिक समूचे वित्त वर्ष 2022-23 में इन आठों प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 7.6 फीसदी रही है, जबकि वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान इनका उत्पादन 10.4 फीसदी बढ़ा था। गौरतलब है कि देश के आठ बुनियादी उद्योगों का औद्योगिक उत्पादन के कुल सूचकांक में 40.27 फीसदी की हिस्सेदारी होती है।

## सिद्धार्थ मोहंती जून, 2024 तक एलआईसी के चेयरमैन नियुक्त

**नई दिल्ली।** सरकार ने सिद्धार्थ मोहंती को भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का चेयरमैन नियुक्त किया है। मोहंती 29 जून, 2024 तक चेयरमैन पद की जिम्मेदारी को संभालेंगे। उसके बाद वह जून, 2025 तक एलआईसी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) रहेंगे।

केंद्र सरकार ने सिद्धार्थ मोहंती को एलआईसी का चेयरमैन नियुक्त किया है। मोहंती उन चार प्रबंध निदेशकों में से एक हैं, जिन्हें मार्च में 3 महीने के लिए एलआईसी का अंतरिम अध्यक्ष बनाया गया था।

मोहंती एलआईसी में एमडी के तौर पर कार्यभार संभालने से पहले एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस के एमडी और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर थे।

पिछले महीने ही सार्वजनिक

क्षेत्र बैंकों और वित्तीय संस्थानों के निदेशकों का चयन करने वाली वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (एफएसआईबी) ने एलआईसी के नये स्थाई चेयरमैन के लिए सिद्धार्थ मोहंती का नाम तय किया था। एफएसआईबी की सिफारिश पर अंतिम निर्णय प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति को करनी थी।

## सर्राफा बाजार: सोने-चांदी में लगातार दूसरे दिन कमजोरी का रुख

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार दूसरे दिन कमजोरी का रुख बना रहा। सोना और चांदी दोनों चमकीली धातुओं ने भाव की तुलना में आज सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन गिरावट का प्रदर्शन किया। आज के कारोबार में सोना 346 रुपये प्रति 10 ग्राम तक लुढ़क गया। इसी तरह चांदी की कीमत में आज प्रति किलोग्राम 481 रुपये की कमजोरी दर्ज की गई। बाजार में आई गिरावट के बावजूद सोना अभी 60 हजार रुपये के स्तर से ऊपर कारोबार कर रहा है। वहीं आज की गिरावट के कारण चांदी 74 हजार रुपये के स्तर से नीचे फिसल गया। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को सोना का अंतिम बंद भाव 60,515 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। आज के कारोबार में इस चमकीली धातु में प्रति 10 ग्राम 346 रुपये की कमजोरी दर्ज की गई, जिससे सोना फिसलकर 60,169 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर तक पहुंच गया। अलग-अलग श्रेणियों में सोने ने आज 346 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 202 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की नरमी दिखाई।

इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक घरेलू सर्राफा बाजार में आज कारोबारी सोना यानी 24 कैरेट (999)

सोने की औसत कीमत 346 रुपये की नरमी के साथ गिर कर 60,169 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) हो गई। इसी तरह 23 कैरेट (995) सोने की कीमत 345 रुपये की कमजोरी के साथ 59,928 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) हो गई। जबकि जेवराती यानी 22 कैरेट (916) सोने की कीमत में आज 317 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट दर्ज की गई। इसके साथ ही 22 कैरेट सोना 55,115 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा 18 कैरेट (750) सोने की कीमत आज प्रति 10 ग्राम 269 रुपये गिर कर 45,127 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गई। जबकि 14 कैरेट (585) सोना आज 202 रुपये सस्ता होकर 35,199 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गया।

सोने की तरह ही चांदी की कीमत में भी आज गिरावट का रुख नजर आया। आज के कारोबार में चांदी (999) की कीमत में 481 रुपये प्रति किलोग्राम की कमजोरी दर्ज की गई। आज की गिरावट के कारण इस चमकीली धातु की कीमत पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार के आखिरी बंद भाव 74,415 रुपये प्रति किलोग्राम से फिसल कर 73,934 रुपये प्रति किलोग्राम (अस्थाई) के स्तर पर आ गई।

जानकारों का मानना है कि अमेरिका समेत वैश्विक अर्थव्यवस्था में लगातार जारी उथल पुथल के कारण वर्ल्ड गोल्ड मार्केट भी दबाव की स्थिति में काम कर रहा है। वर्ल्ड गोल्ड मार्केट में होने वाले उतार-चढ़ाव का असर भारतीय बाजार पर भी स्वाभाविक रूप से पड़ता है। ऐसे में मौजूदा समय में भारतीय बाजार में भी लगातार अस्थिरता बने रहने की संभावना है। इसलिए फिलहाल छोटे और खुदरा निवेशकों को बाजार में बड़ा निवेश करने की जगह फिलहाल हर बड़ी गिरावट पर छोटे छोटे निवेश करने की नीति अपनानी चाहिए।

## देश के प्रमुख बंदरगाहों ने 2022-23 में रिकॉर्ड 79.5 करोड़ टन माल संभाला: सोनोवाल

**नई दिल्ली।** देश के प्रमुख बंदरगाहों ने वित्त वर्ष 2022-23 में व्यापार और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित हुआ है। इन बंदरगाहों ने 79.5 करोड़ टन माल संभाला, जो अब तक का रिकॉर्ड स्तर है। यह इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 10.4 फीसदी अधिक है। केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने यहां भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) के आयोजित एक कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने कहा कि बीते वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान प्रमुख बंदरगाहों का प्रतिदिन का उत्पादन सर्वाधिक

17,239 टन रहा है, जो वित्त वर्ष 2021-22 की तुलना में छह फीसदी अधिक है। उन्होंने बताया कि पिछले वित्त वर्ष में प्रमुख बंदरगाहों पर 21,846 पोतों को संभाला गया। उद्योग मंडल फिक्की के कार्यक्रम में अपने संबोधन में सोनोवाल ने कहा कि यह आंकड़ा विश्लेषण और कृत्रिम मेधा का लाभ उठाकर भारत परिचालन और बंदरगाहों को और प्रभावी बना सकता है। उन्होंने बताया कि प्रमुख बंदरगाहों को हरित हाइड्रोजन के परिवहन, भंडारण और साज-संभाल के लिए हाइड्रोजन केंद्र के तौर पर विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत का लक्ष्य 2030 तक हरित पोत विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनना है। इसके लिए 'ग्रीन टग ट्रांजिशन प्रोग्राम' शुरू किया गया है। भारत के 12 प्रमुख बंदरगाहों में दीनदयाल (कांडला), मुंबई, मोरमुगाओ, न्यू मैंगलोर, कोचीन, चेन्नई, एन्नोर (कामराजार), तूतीकोरिन (वी ओ चिदंबरनार), विशाखापत्तनम, पारादीप और कोलकाता (हल्दिया समेत) और जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह शामिल हैं।

## गडकरी ने कहा- एससीओ देशों के साथ संपर्क भारत की प्राथमिकता

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के देशों के साथ संपर्क भारत की प्राथमिकता है। भारत परिवहन क्षेत्र को अधिक कुशल और विश्वसनीय बनाने को लेकर समाधानों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

गडकरी ने नई दिल्ली में एससीओ देशों के परिवहन मंत्रियों की 10वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। गडकरी ने कहा कि हमें हर देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए

सहयोग, मांग आधारित विकास और सम्मान सुनिश्चित करना चाहिए। भारत इस क्षेत्र में अर्थव्यवस्था और जनसंपर्क को बढ़ावा देने के लिए एससीओ पर विशेष ध्यान देता है। भारत परिवहन क्षेत्र को ज्यादा कुशल और विश्वसनीय बनाने को लेकर समाधानों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उल्लेखनीय है कि भारत अभी शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का अध्यक्ष है। एससीओ 15 जून 2001 को शंघाई में स्थापित एक अंतर-सरकारी संगठन है। एससीओ में फिलहाल आठ सदस्य देश हैं, जिसमें भारत, चीन, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान शामिल हैं।

## इंडोनेशिया में नौका डूबने से 11 लोगों की मौत, एक लापता

**पेकनबारू।** पश्चिमी इंडोनेशिया में 74 लोगों को ले जा रही एक नौका के डूबने से 11 लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति अब भी लापता है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

पेकनबारू तलाश एवं बचाव एजेंसी के प्रमुख न्योमन सिदकार्य ने बताया कि बचावकर्मियों को अभी तक 11 शव बरामद हुए हैं, जिनमें से अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक 62 लोगों को बचाया गया है, इनमें से कई लोग घंटों तक पानी में रहने के कारण बेहोश हो गए थे।

स्थानीय टेलीविजन पर प्रसारित वीडियो फुटेज में एक पलटी हुई नौका (स्पीडबोट) पर खड़े लोग मछली पकड़ने वाली नौका तक पहुंचने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। सिदकार्य ने बताया कि एवलिन कैलिस्टा 01 नामक नौका में 68 यात्री और चालक दल के छह सदस्य सवार थे। अधिकतर लोग परिवार के सदस्यों के साथ ईद-उल-फितर की छुट्टी मनाने के लिए अपने गृहनगर से लौट रहे थे। रियाउ प्रांत में इंद्रगिरि हिलिर रीजेंसी के टेम्बिलाहन कस्बे में एक बंदरगाह से निकलने के करीब तीन घंटे बाद बृहस्पतिवार दोपहर को नौका डूब गई थी।

## हत्या के आरोप में फरार नेपाल के सांसद कोइरी को संसदीय समिति में रखे जाने पर विवाद

**काठमांडू।** नेपाल में हत्या के आरोप में फरार सीपीएन (यूएमएल) के सांसद लक्ष्मी महतो कोइरी को संसद की उद्योग और वाणिज्य समिति के सदस्य के रूप में सिफारिश किए जाने के बाद विवाद खड़ा हो गया है। संसद सत्र में यूएमएल के अलावा अन्य सांसदों ने कोइरी की तत्काल गिरफ्तारी और कार्रवाई की मांग की है। आज संसदीय समितियों के गठन के लिए सांसदों के नामों की सिफारिश की गई है। इस समिति में हत्या के आरोपित लक्ष्मी महतो कोइरी को भी शामिल किए जाने का संसद में मुद्दा उठा है। स्पीकर देवराज घिमिरे ने कोइरी को समिति में नामांकन का प्रस्ताव दिया है। इस पर सांसद रामहरि खातीवाड़ा, चित्र बहादुर केसी, हित राज पाण्डे एवं अन्य ने विरोध करते हुए कहा कि भगोड़े को गिरफ्तार करने के बजाय उन्हें कमेटी में शामिल करने का प्रयास किया जा रहा है।

कोइरी सांसद बनने के बाद केवल 3 बार संसद की बैठक में उपस्थित हुए। तभी से वे पुलिस की फरार सूची में है। वर्ष 2015 में अदालत ने कोइरी को हिरासत में रखने और सशस्त्र पुलिस के एक अधिकारी को मार डालने के आरोप में रिमांड पर लेने का आदेश जारी किया था। उनके खिलाफ हत्या के आरोप में कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया को बढ़ाया गया लेकिन 20 नवंबर, 2022 संसदीय चुनाव में कोइरी उम्मीदवार बने और जीत हासिल की । संसद बनने के बाद से वे फरार है। कोइरी ने पिछले साल के चुनाव में महोत्तरी निर्वाचन क्षेत्र नंबर 3 से पूर्व मंत्री और माओवादी नेता गिरिराजमणि पोखरेल को हराया और सांसद बने। उन्होंने नेपाली कांग्रेस से राजनीति की शुरुआत की और कई दल बदले। संसदीय चुनाव के पांच माह बीत जाने के बाद भी समिति का गठन नहीं किया जा सका है।

## नेपाल में आरएसपी अध्यक्ष लामिछाने ने प्रचंड सरकार को दी समर्थन वापसी की चेतावनी

**काठमांडू।** नेपाल में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के अध्यक्ष रवि लामिछाने ने प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार से समर्थन वापस लेने की चेतावनी दी है। सिंहदरबार में सांसद पद एवं गोपनीयता की शपथ लेने के बाद उन्होंने यह भी साफ कर दिया कि वे सरकार में शामिल नहीं होंगे। लामिछाने ने कहा कि सरकार को दिए गए समर्थन पर चर्चा करनी होगी। इसकी समीक्षा की जानी चाहिए, क्योंकि यह एक आपत्तिजनक घटनाक्रम है। उन्होंने कहा कि वह किसी भी सूरत में सरकार का साथ नहीं देंगे। 23 अप्रैल को हुए संसदीय उपचुनाव में लामिछाने चितवन 2 से दोबारा निर्वाचित हुए हैं। तीन सीटों के उपचुनाव में लामिछाने की पार्टी ने एक और सीट जीतकर संसद में 21 सीटें हासिल कर ली हैं।

आरएसपी नेपाल की संसद में चौथी सबसे बड़ी पार्टी है। लामिछाने पहले प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार में उप प्रधान मंत्री के साथ गृह मंत्री के रूप में कार्य कर चुके हैं। हालांकि, नागरिकता मामले में सर्वोच्च अदालत के दिये आदेश से उनकी संसद सदस्यता खत्म हो गई थी। अगर लामिछाने के नेतृत्व वाली आरएसपी अपना समर्थन वापस ले लेती है तो भी प्रधानमंत्री प्रचंड सरकार अपना बहुमत नहीं खोएगी। हालांकि, प्रधानमंत्री प्रचंड ने आरएसपी को सरकार में शामिल करने की कोशिश शुरू कर दी है।

# पोप फ्रांसिस ने किया यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए यूरोप से एकजुट प्रयास का आह्वान

**बुडापेस्ट।** पोप फ्रांसिस ने यूरोप से यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए एकजुट होकर प्रयास करने का आग्रह किया और कहा कि इस महाद्वीप को समस्या के शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में काम करना चाहिए।

हंगरी की तीन दिवसीय यात्रा पर आए फ्रांसिस ने यूरोप के भविष्य के लिए अपने दृष्टिकोण को रेखांकित किया। उन्होंने मांग की कि यूरोपीय संघ प्रवासियों के प्रवेश के लिए सुरक्षित और कानूनी तरीकों को मंजूरी दे और हंगरी सरकार लोकलुभावन मांगों के लिए यूरोप को बंधक नहीं बनाए।

फ्रांसिस ने कहा कि ऐसा लगता है कि हम शांति के उस सामूहिक सपने को चकनाचूर होते

देख रहे हैं क्योंकि अब युद्ध के नायक सत्ता संभाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक मोड़ पर, यूरोप की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यूरोप को अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी और लोगों को एकजुट करना होगा। पोप फ्रांसिस ने रूस-यूक्रेन युद्ध के शांतिपूर्ण समाधान का आह्वान किया और यूक्रेनी लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त की।

हंगरी के अधिकारियों का कहना है कि फ्रांसिस यात्रा के दौरान देश के कैथोलिक समुदाय के बीच जाएंगे और उनके सदस्यों से मिलेंगे। उन्होंने कहा कि पोप फ्रांसिस हंगरी की राष्ट्रपति कैटलिन नोवाक और प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन से मिलेंगे। पोप रविवार को बुडापेस्ट के कैथोलिक विश्वविद्यालय में शैक्षणिक और सांस्कृतिक हस्तियों को संबोधित करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि इस बीच फ्रांसिस 35,000 यूक्रेनी शरणार्थियों से भी मिलेंगे।

## नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड ने खुलकर की शी जिनपिंग की तारीफ

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की खुलकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि वे विशेष रूप से शी के वैश्विक दृष्टिकोण की सराहना करते हैं।

काठमांडू में चीन द्वारा सिविल अस्पताल के उन्नयन और पुनर्निर्माण के हैंडओवर समारोह में प्रधानमंत्री प्रचंड ने कहा, ''चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की निर्माण कार्य और ग्लोबल कम्युनिटी ऑफ हेल्थ फॉर ऑल विजन की हम विशेष सराहना करते हैं।''

प्रधानमंत्री प्रचंड ने यह भी कहा कि वे कई क्षेत्रों में चीन के साथ सहकार्य कर आगे बढ़ना चाहते हैं। उन्होंने स्वास्थ्य और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में चीन से और अधिक समर्थन की उम्मीद की है। प्रधानमंत्री प्रचंड ने नेपाल की स्वास्थ्य सेवाओं में चीन के बढ़ते सहयोग का भी जिक्र किया। इनमें भरतपुर अस्पताल भी शामिल है। नेपाल के सिविल अस्पताल को सरकारी कर्मचारियों के इलाज पर फोकस के साथ बनाया गया था। चीन इस अस्पताल को तकनीकी सहायता प्रदान करता रहा है। चीन नेपाल के प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भी निवेश बढ़ा रहा है।

# रूसी मिसाइल और ड्रोन हमले में यूक्रेन में 19 लोगों की मौत

**कीव/उमान।** यूक्रेन में तड़के राजधानी कीव और आसपास के क्षेत्रों में रूस ने 20 से अधिक क्रूज मिसाइल और दो ड्रोन दागे जिसमें 19 लोगों की मौत हो गई। इनमें से अधिकतर लोगों की मौत मध्य यूक्रेन में एक आवासीय इमारत पर हुए दो मिसाइल हमलों में हुई है। कीव शहर प्रशासन के अनुसार, लगभग दो महीने में पहली बार राजधानी के चारों ओर हवाई हमलों को लेकर आगाह करने वाले सायरन बजने लगे और यूक्रेन की वायु सेना ने कीव के ऊपर 11 क्रूज मिसाइल और दो ड्रोन को रोका।

उमान शहर में नौ मंजिला आवासीय इमारत पर हमला किया गया जो कीव से लगभग 215 किलोमीटर दूर दक्षिण में स्थित है। राजधानी क्षेत्र के गवर्नर इहोर तायुरेत्स के मुताबिक इस हमले में तीन बच्चों समेत 17 लोगों की मौत हो गई। यूक्रेन पुलिस के अनुसार 17 लोग घायल हुए हैं और तीन बच्चों को मलबे से निकाला गया है।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उन जगहों पर क्रूज मिसाइल दागी गईं जहां यूक्रेनी सैन्य रिजर्व इकाइयां युद्ध के मैदान में अपनी तैनाती से पहले ठहरी हुई थीं।

रूस के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल इगोर कोनाशेंकोव ने कहा, हमले में लक्ष्य पर सटीक निशाना साधा गया। सभी तयशुदा स्थानों को निशाना बनाया गया। उन्होंने किसी

खास क्षेत्र या आवासीय इमारतों को निशाना बनाए जाने का उल्लेख नहीं किया। पूर्वी शहर निप्रो के गवर्नर सेरही लिसाक ने बताया कि शहर में एक हमले में 31 वर्षीय महिला और उसकी दो वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। चार अन्य लोग घायल हुए हैं। ये हमले ऐसे समय किए गए हैं जब कुछ दिन पहले ही यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि उन्होंने और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने फोन पर लंबी और सार्थक बातचीत की। उनके मुताबिक, शी ने कहा कि उनकी सरकार यूक्रेन और अन्य देशों के लिए शांति दूत भेजेगी।

यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने कहा कि शुक्रवार के हमले दिखाते हैं कि रूस शांति समझौते में दिलचस्पी नहीं रखता। उन्होंने ट्वीट किया, मिसाइल हमले में दो वर्षीय बच्चे समेत निर्दोष लोग मारे गए। सभी शांति प्रयासों के लिए रूस का यह जवाब है।

कीव शहर के प्रशासन के अनुसार, कीव की विमान-रोधी प्रणाली सक्रिय हो गई थी। सुबह करीब चार बजे हमलों को लेकर आगाह करने वाले सायरन बजने लगे। यह सब कुछ करीब दो घंटे तक चला। यूक्रेन की राजधानी में नौ मार्च के बाद पहली बार हमले किए गए। कीव में मिसाइल और ड्रोन हमलों से बिजली की लाइन क्षतिग्रस्त हो गई।

यूक्रेन के सैन्य बल के कमांडर-इन-चीफ वालेरी जालुजिनी के मुताबिक कैस्पियन सागर क्षेत्र में विमान से मिसाइल दागी गई। उन्होंने कहा कि यूक्रेन की प्रतिरक्षा प्रणाली ने 23 केएच-101 और केएच-555 क्रूज मिसाइल में से 21 को नष्ट कर दिया।

## अयोग्य सेनानियों के नाम पर ली गई राशि का हिसाब नहीं दिखाने का मुद्दा नेपाली संसद में उठा

**काठमांडू।** नेपाल में केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली पार्टी सीपीएन (यूएमएल) ने संसद में अयोग्य सेनानियों के नाम पर ली गई राशि का हिसाब नहीं दिखाए जाने का मुद्दा उठाया। पार्टी ने इस मामले में प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड पर 95 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है।

सीपीएन (यूएमएल) के मुख्य सचेतक पदम गिरि ने संसद में कहा अयोग्य सेनानियों के सत्यापन के बाद पुनः सत्यापन के दौरान यह पता नहीं चल सका कि 2,451 कौन है। उन्होंने संसद में सवाल किया कि क्या तत्कालीन सीपीएन (एमसी) ने उसके नाम पर 95 करोड़ रुपये लिए थे? वह पैसा कहां गया? यूएमएल नेता गिरि ने प्रचंड की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह राशि अनियमित होने से प्रचंड सहित माओवादी नेताओं के खिलाफ जांच आयोग में शिकायत दर्ज की गई है। हालांकि, जांच आगे नहीं बढ़ी है। गिरि ने कहा कि महालेखाकार ने रिपोर्ट में ही इसका जिक्र किया है।

वित्त मंत्री डॉ. प्रकाशशरण महत ने संसद में जवाब दिया कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। देश वित्तीय संकट में है। उन्होंने फिर से पूर्व अयोग्य सेनानियों के नाम पर एक अरब 40 करोड़ रुपये आवंटित किए जाने पर आपत्ति जताई।

बताया गया है कि प्रचंड सरकार अयोग्य पूर्व लड़ाकों को प्रति व्यक्ति दो लाख देने का निर्णय लेकर एक प्रक्रिया बना रही है। विपक्ष ही नहीं, बल्कि सत्ता पक्ष के नेता भी इसका विरोध कर रहे हैं।

## पाकिस्तानः ईशनिंदा मामले में गिरफ्तार चीनी नागरिक को मिली जमानत

**अदालत ने कहा, पुलिस ने दर्ज किया झूठा मामला**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बीते दिनों ईशनिंदा मामले में गिरफ्तार किए गए चीनी नागरिक को आतंकवाद रोधी अदालत ने जमानत पर रिहा कर दिया। अदालत ने इस दौरान कहा कि पुलिस ने चीनी नागरिक के खिलाफ झूठा मामला दर्ज किया था। जानकारी के मुताबिक बीती 16 अप्रैल को ग्रासू पनबिजली परियोजना में काम करने वाले एक चीनी नागरिक पर मजदूरों ने इस्लाम का अपमान करने का आरोप लगाया। परियोजना पर काम करने वाले सैकड़ों मजदूरों ने राजमार्ग पर जाम कर दिया और गिरफ्तारी की मांग करने लगे थे। पुलिस ने चीनी नागरिक पर पाकिस्तान की दंड संहिता की धारा 295-सी के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया था। यह कानून पैगंबर मोहम्मद के सम्मान की हिफाजत के लिए बनाया गया है। इस मामले में

उम्रकैद या मौत की सजा का प्रावधान है।

एबटाबाद के उत्तर पश्चिमी शहर की अदालत ने मामले को सुना। अदालत आरोपी चीनी नागरिक को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिये। अदालत ने कहा कि पुलिस ने चीनी नागरिक के खिलाफ झूठा मामला दर्ज किया था। रिकॉर्ड के अनुसार अपराधी ने ऐसा कोई अपराध नहीं किया है, इसलिए उसे जमानत दिया जाता है। अदालत में सुनवाई के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से चीनी नागरिक को वहां नहीं लाया गया था। अदालत ने बताया कि घटना के दो दिन बाद जिन मजदूरों ने मामला दर्ज कराया था, उनमें से कोई भी अपने आरोपों के समर्थन में सबूत पेश नहीं कर पाए हैं। अदालत से जमानत मिलने के बाद चीनी नागरिक से दो लाख रुपये का मुचलका भरवाकर उसे रिहा कर दिया गया।

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव पारित, अफगानी महिलाओं पर लगी पाबंदियां खत्म करे तालिबान

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने प्रस्ताव पारित कर तालिबान से अफगानिस्तान में महिलाओं पर लगी पाबंदियां खत्म करने की मांग की है। साथ ही तालिबान प्रशासन द्वारा महिलाओं को संयुक्त राष्ट्र के लिए काम करने से रोके जाने की निंदा भी की है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में जापान और संयुक्त अरब अमीरात ने संयुक्त प्रस्ताव पेश किया। 15 सदस्य देशों वाली सुरक्षा परिषद ने सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव को पारित किया, जिसमें अफगानिस्तान में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित कर वहां महिलाओं और लड़कियों की पूर्ण, समान और अर्थपूर्ण भागीदारी पर जोर दिया गया है। साथ ही, सभी देशों और संगठनों से आग्रह किया गया है कि वे अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर संयुक्त राष्ट्र द्वारा

प्रतिपादित सिद्धांतों के अनुरूप तालिबान द्वारा महिलाओं पर लगाई पाबंदियों को तत्काल वापस लिए जाने की दिशा में प्रयास करें।

सार्वजनिक जीवन में महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों पर पाबंदियां थोप दी गयी हैं। इनमें लड़कियों की माध्यमिक और उच्च शिक्षा पर पाबंदी के साथ अपने किसी परिवार के पुरुष सदस्य की मौजूदगी के बिना बाहर जाने, काम करने, शिक्षा प्राप्त करने और यात्रा करने के अधिकारों पर लगी पाबंदियां शामिल हैं। दिसंबर 2022 में तालिबान ने पहले महिलाओं के गैर-सरकारी संगठनों के लिए काम करने पर और फिर संयुक्त राष्ट्र संघ के साथ काम करने पर भी रोक लगा दी गयी। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य देशों ने कहा कि ऐसी पाबंदियों से अफगानिस्तान में मानवाधिकार और मानव कल्याण सिद्धांत कमजोर हुए हैं। प्रस्ताव में जोर देकर कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र संघ के इतिहास में महिलाओं के काम करने पर लगाई गयी यह रोक अभूतपूर्व है।

## काबुल एयरपोर्ट पर आत्मघाती हमला कराने वाले दो आतंकी संयुक्त राष्ट्र की काली सूची में

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष 2021 में काबुल हवाई अड्डे पर आत्मघाती हमला कराने वाले दो आतंकियों को काली सूची में डाल दिया है। ये दोनों आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट इन इराक एंड लेवेंट-खोरासान (आईएसआईएल-के) से जुड़े हुए हैं।

तालिबान ने 15 अगस्त 2021 को काबुल पर कब्जा किया था, जिसके बाद आनन-फानन में अमेरिका और नाटो देशों के फौजी अफगानिस्तान से निकल रहे थे। बड़ी संख्या में अफगानी लोग भी देश से बाहर जा रहे थे। इसके चलते बड़ी संख्या में लोग काबुल एयरपोर्ट के बाहर जमा थे, तभी एक तेज आत्मघाती हमले में भारी तबाही हुई। इस हमले में 170 अफगानी और 13 अमेरिकी सैनिक मारे गए थे। वहीं डेढ़ सौ से ज्यादा लोग

घायल हुए थे। हमले के बाद 26 अगस्त 2021 को आईएसआईएल-के के प्रवक्ता सुल्तान अजीज आजम और आतंकी संगठन के वरिष्ठ नेता मौलाना राजाब ने हमले की जिम्मेदारी ली थी।अब संयुक्त राष्ट्र संगठन ने इन दोनों आतंकियों को काली सूची में डाल दिया है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा काली सूची में डाले जाने के बाद इन आतंकियों की संपत्तियों को सीज कर लिया जाएगा और इनके यात्रा करने पर भी प्रतिबंध रहेगा। साथ ही इन्हें हथियारों की खरीद-फरोख्त में भी मुश्किल आएगी। 26 अगस्त 2021 को ही इन आतंकियों ने काबुल एयरपोर्ट पर हुए आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी ले ली थी। सुल्तान अजीज आजम एक पूर्व पत्रकार है और इस समय आईएसआईएल-के का प्रवक्ता है। अफगानिस्तान में साल 2015 में आईएसआईएल-के के गठन के बाद से ही आजम इस आतंकवादी संगठन के साथ जुड़ा हुआ है।

# श्रीलंका की संसद ने आईएमएफ के राहत पैकेज को दी मंजूरी, अर्थव्यवस्था में सुधार के संकेत

**कोलंबो।** श्रीलंका की संसद ने देश की अर्थव्यवस्था सुधारने के लिए तीन अरब अमेरिकी डॉलर के अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के राहत पैकेज को मंजूरी दे दी। कई साल के कुप्रबंधन और कोविड महामारी के बाद श्रीलंका भारी आर्थिक संकट से गुजर रहा है।

**120 सदस्यों ने समझौते के पक्ष में किया वोट**

श्रीलंका को आर्थिक संकट से निकलने और अन्य विकास भागीदारों से वित्तीय मदद देने के लिए आईएमएफ ने पिछले महीने राहत पैकेज को मंजूरी दी थी। श्रीलंका ने इस संकटकाल में उसकी मदद करने के इस कदम को 'ऐतिहासिक' बताते हुए इसका स्वागत किया था। तीन दिन चर्चा के बाद 225 सदस्यों वाली संसद में 120 सदस्यों ने इस समझौते के पक्ष में वोट किया, जबकि 25 सदस्यों ने इसका विरोध किया। राष्ट्रपति रनिल विक्रमसिंघे ने संसद को बताया कि संसद की मंजूरी जरूरी है क्योंकि उनकी सरकार गंभीर आर्थिक सुधार कार्यक्रम शुरू कर रही है। वित्त मंत्रालय भी विक्रमसिंघे के पास ही है। उन्होंने अपने संसदीय भाषण में कहा कि अर्थव्यवस्था को स्थिर करने, ऋण स्थिरता को बहाल करने और एक समावेशी और समृद्ध देश बनाने के लिए आर्थिक सुधार के लिए यह महत्वपूर्ण है।

सरकार पर सुविधा प्राप्त करने में पारदर्शिता की कमी का आरोप लगाने वाले मुख्य विपक्षी समागी जन बालवेगया (एसजेबी) के सदस्य सदन में मतदान के समय मौजूद नहीं थे। तीन अरब अमेरिकी डॉलर की राहत प्राप्त करने के बाद श्रीलंका वर्तमान में द्विपक्षीय और बहुपक्षीय लेनदारों के साथ ऋण पुनर्गठन पर बातचीत कर रहा है। विक्रमसिंघे ने कहा कि मई के मध्य तक पुनर्गठन कार्यक्रम लागू हो जाएगा।

अप्रैल में श्रीलंका ने अपने इतिहास में अपने पहले ऋण चूक को 1948 में ब्रिटेन से आजादी के बाद से सबसे खराब आर्थिक संकट के रूप में घोषित किया था। जिसके बाद विदेशी मुद्रा की कमी के कारण सार्वजनिक विरोध भड़क गया था। जुलाई के मध्य में तत्कालीन राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे को पद से हटाने के लिए महीनों तक विरोध-प्रदर्शन किया गया था। उस वक्त राजपक्षे ने अपने समर्थन के लिए वैश्विक ऋणदाता को लाभ उठाने से इनकार करने के बाद आईएमएफ के साथ वार्ता शुरू की थी।

एक बयान में कहा गया है कि यह कार्यक्रम श्रीलंका को आईएमएफ, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों (आईएफआई) और बहुपक्षीय संगठनों से सात अरब डॉलर तक के वित्त पोषण तक पहुंचने की अनुमति देगा।

**कोलंबो-बाउंड चेन्नई फ्लाइट को दक्षिणी श्रीलंका हवाई अड्डे पर भेजा गया**

श्रीलंका की विमानन कंपनी फिट्स एयर के चेन्नई से कोलंबो जा रहे एक विमान को खराब मौसम के कारण देश के दक्षिणी प्रांत मट्टाला हवाईअड्डे ले जाया गया। उड्डयन अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस विमान में 143 यात्री सवार थे। इस उड़ान को शाम 4 बजे कोलंबो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरना था। हालांकि उस समय क्षेत्र में गरज के साथ भारी बारिश हो रही थी।

## राहुल ने इन बल्लेबाजों को दिया जीत का श्रेय

**मोहाली।** आईपीएल 2023 के 38वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स ने पंजाब किंग्स को 56 रनों से धूल चटाई।

राहुल ने कहा, 'खुशी है कि हमें जीत मिली। अब से हर मैच काफी अहम होगा। आखिरी गेम के बाद हमने ब्रेक लिया था। हम उसके बाद फ्रेश होकर वापस आए। हम स्पष्ट थे कि कैसे बल्लेबाजी करनी है। जब आप ऐसे विकेट देखते हैं तो आप बल्लेबाज के रूप में उत्साहित हो जाते हैं। 250 रन बनाना बताता है कि हमने कैसी बल्लेबाजी की। आप जो उम्मीद कर सकते हैं उससे परिचित हैं। सिर्फ विकेटों से परिचित होने से मदद मिलती है। हम हमेशा शुरुआत में टोन सेट करने की बात करते हैं। हमारे पास काइल मायर्स, मार्कस स्टोइनिस जैसे लोग थे। आयुश बडोनी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं और दीपक हुड्डा भी। हमारा थिंक टैंक ज्यादातर सोचता है और मैं यह समझने की कोशिश करता हूं कि वे क्या सोच रहे हैं और अगर यह हमें सूट करता है, तो हम योजना के साथ आगे बढ़ते हैं।'

## ताइक्वांडो चैंपियनशिप में उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने 6 स्वर्ण सहित आठ पदक जीते

**देहरादून।** मध्य प्रदेश के उज्जैन में आयोजित ओपन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप (महाकाल कप) में उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने 06 स्वर्ण सहित कुल 8 पदक जीत कर राज्य का नाम रोशन किया है। ताइक्वांडो उत्तराखंड संस्था के अध्यक्ष अमित मल्होत्रा ने बताया कि उज्जैन में होने वाली ओपन नेशनल चैंपियनशिप के लिए उत्तराखंड ताइक्वांडो की टीम रवाना हुई थी। जिसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल देहरादून के 4 खिलाड़ियों ने उत्तराखंड टीम से भाग किया। इस नेशनल

ताइक्वांडो चैंपियनशिप में उत्तराखंड टीम ने कुल 8 पदक जीते, जिसमें 6 स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक रहा।

मुख्य कोच संदीप सैनी ने कहा कि खिलाड़ियों ने उत्तराखंड का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। पदक जीतने वालों में नमन सैनी ने दो गोल्ड मेडल, इशिका घिल्डियाल ने गोल्ड मेडल, दिल्ली पब्लिक स्कूल के कृष्णा, शौर्य, दीपांक ने गोल्ड मेडल, आदित्य ने रजत पदक और आदर्श ने कांस्य पदक जीता। उत्तराखंड से टीम के कोच की भूमिका सोनिया सैनी और नमन सैनी ने निभाई।

## प्रयागराज की सबजूनियर मंडलीय बालिका वॉलीबाल टीम घोषित

**प्रयागराज।** मदन मोहन मालवीय स्पोर्ट्स स्टेडियम कम्पनी बाग में मंडल स्तरीय बालिका सबजूनियर (अंडर-16) वॉलीबाल टीम का चयन-ट्रायल हुआ। चयनित बालिका टीम आजमगढ़ जिले में तीन

से छह मई तक आयोजित प्रदेशीय बालिका सबजूनियर वॉलीबाल प्रतियोगिता में प्रयागराज मंडल की टीम का प्रतिनिधित्व करेगी।

डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन, प्रयागराज के महासचिव आर.पी शुक्ला के अनुसार चयनित टीम के खिलाड़ी तेजस्वनी शुक्ला (कप्तान), दिव्या, सलोनी कुमारी, नम्रता शर्मा, पल्लवी यादव, अंजली यादव, पूर्णिमा श्रीवास्तव, पलक सिंह, खुशी भारती (सभी प्रयागराज), नेहा गौतम, कीर्ति यादव, काजल (सभी प्रतापगढ़) हैं। आरक्षित खिलाड़ी में इच्छा पांडेय (प्रयागराज), खुशी पाल, प्रियंका यादव (प्रतापगढ़) हैं। जबकि टीम मैनेजर-कोच आशीष यादव हैं।

# मायर्स और स्टोइनिस ने दिलाई लखनऊ को पंजाब पर शानदार जीत

**मोहाली।** काइल मायर्स और मार्कस स्टोइनिस की आक्रामक पारियों के दम पर लखनऊ सुपर जाइंट्स ने आईपीएल के इतिहास का दूसरा सर्वोच्च स्कोर बनाने के बाद पंजाब किंग्स को आईपीएल के मैच में 56 रन से हरा दिया।

मायर्स ने पावरप्ले में बल्ले से आग उगलते हुए 24 गेंद में 54 रन बनाये जबकि स्टोइनिस ने 40 गेंद में 72 रन की पारी खेली जिसके दम पर लखनऊ ने पांच विकेट पर 257 रन बनाये। आयुष बडोनी ने 24 गेंद में 43 और निकोलस पूरन ने 19 गेंद में 45 रन बनाये।

जवाब में पंजाब की टीम 19.5 ओवर में 201 रन पर आउट हो गई। अथर्व तायडे ने 36 गेंद में 66 रन बनाये जो आईपीएल में उनका पहला अर्धशतक है। लियाम लिविंगस्टोन (22 गेंद में 36 रन) और सिकंदर रजा (14 गेंद में 23 रन) हालांकि टिककर नहीं खेल सके। कप्तान शिखर धवन तीन मैचों के बाद लौटे लेकिन दो गेंद ही खेल पाये। युवा तेज गेंदबाज वंश ठाकुर ने चार ओवर

में 37 रन देकर चार विकेट लिये। लखनऊ की यह आठ मैचों में पांचवीं जीत थी जबकि पंजाब की आठ मैचों में चौथी हार रही।

पंजाब का स्कोर एक समय 15 ओवर में चार विकेट पर 152 रन था लेकिन आखिरी पांच ओवर में 106 रन बनाकर लगभग असंभव था।

इससे पहले धवन ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया जो गलत साबित हुआ। राहुल चाहर को छोड़कर उनके सभी छह गेंदबाजों ने दस रन प्रति ओवर से अधिक की औसत से रन दिये। फॉर्म में चल रहे अर्शदीप सिंह ने चार ओवर में 54 रन दे डाले। कैगिसो रबाडा ने चार ओवर में 52 रन दिये हालांकि उन्हें दो विकेट मिले।

यह आईपीएल के इतिहास का दूसरा सर्वोच्च स्कोर है। सर्वोच्च स्कोर का रिकॉर्ड रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के नाम है जिसने 2013 में क्रिस गेल के 175 रन की मदद से 263 रन बनाये थे।

बल्लेबाजों की ऐशगाह पिच पर सिर्फ लखनऊ के कप्तान केएल राहुल नहीं चल सके और नौ गेंद में 12 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मैच की पहली गेंद पर गुरनूर बरार की गेंद पर उन्हें जीवनदान भी मिला लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाये।

मायर्स ने पहले ही ओवर में अर्शदीप को चार चौके लगाये। अपनी पारी में उन्होंने सात चौके और चार छक्के जड़े। मायर्स के आउट होने के बाद स्टोइनिस और बडोनी ने 47 गेंद में 89 रन जोड़े। स्टोइनिस ने अपनी पारी में पांच छक्के और छह चौके लगाये। लखनऊ ने आखिरी छह ओवर में 73 रन बनाये।

स्टोइनिस 13वें ओवर में आउट हो जाते लेकिन लांग आन पर कैच लपकने के प्रयास में लियाम लिविंगस्टोन ने सीमारेखा को छू दिया।

## हार के बाद कप्तान धवन बोले - मैच से पहले किया यह बदलाव गलत साबित हुआ

**मोहाली।** आईपीएल 2023 के 38वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स ने पंजाब किंग्स को 56 रनों से धूल चटाई। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ ने आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया। लखनऊ ने 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 257 रन बनाए, जिसके जवाब में पंजाब 19.5 ओवर में 201 रनों पर सिमट गया। मैच के हार के बाद पंजाब के कप्तान शिखर धवन ने कहा कि टीम ने बहुत फालतू रन दिए और उन्होंने कहा कि स्पिनर की जगह अतिरिक्त तेज गेंदबाज खिलाने का फैसला गलत साबित हुआ। धवन ने कहा, ''हमने बहुत रन फालतू दिए जिसका खामियाजा भुगतना पड़ा। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी के फैसले पर उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज को लेकर उतारने की रणनीति गलत साबित हुई जबकि केएल राहुल ने एक अतिरिक्त स्पिनर उतारा था। मैंने कुछ बदलने की कोशिश की जो आज नहीं चली लेकिन कोई बात नहीं। मेरे लिए यह अच्छा सबक है और अब मजबूती से वापसी करूंगा।

# पोंटिंग का फूटा गुस्सा, बोले- दूसरे टीम के ओपनर्स पृथ्वी शॉ से अच्छा खेल रहे हैं

**नई दिल्ली।** नेट पर कड़ा अभ्यास करने वाले पृथ्वी शॉ से रिकी पोंटिंग को जल्दी ही एक अच्छी पारी की उम्मीद थी, लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच ने स्वीकार किया कि दूसरी टीमों के कई सलामी बल्लेबाज उनसे बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। शॉ को छह मैचों में खराब प्रदर्शन के बाद आखिरकार बाहर रखा गया और अब उनकी जल्दी वापसी मुश्किल लगती है। पोंटिंग ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शनिवार को होने वाले मैच से पहले कहा, ''पिछले 12 आईपीएल मैचों (2022 के मिलाकर) से पृथ्वी ने अर्धशतक नहीं लगाया है। दूसरी टीमों के शीर्षक्रम के कई बल्लेबाज उससे बेहतर खेल रहे हैं।

इस आईपीएल में साथ ने छह मैचों में 47 रन बनाए हैं। पोंटिंग ने कहा, ''फॉर्म में होने पर पृथ्वी मैच विनर है। यही वजह है कि उसे टीम में बरकरार रखा गया था क्योंकि अगर वह टिक गया तो हम मैच जीत सकते हैं। इस सत्र में हालांकि वह अच्छा नहीं खेल सका। छह मैचों में करीब 40 रन बनाए है जिससे हमारा काम नहीं

चलने वाला। उसे बाहर रखने का फैसला कठिन था लेकिन उम्मीद है कि हमने जो टीम चुनी है, वह कल का मैच जीतेगी।उन्होंने कहा, ''इस साल जब वह आया तो कुछ सप्ताह एनसीए में बिताकर आया था। उसने फिटनेस पर काफी मेहनत की है और नेट पर उसकी मेहनत को देखकर मुझे लगता था कि यह साल उसके लिये बड़ा होगा लेकिन अभी तक ऐसा हुआ नहीं।

दूसरी ओर सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान एडेन मार्कराम को उम्मीद है कि आने वाले मैचों में अंतिम एकादश में ज्यादा बदलाव नहीं होगा। टीम के खराब प्रदर्शन के कारण उसमें बार बार बदलाव देखने को मिले हैं। मार्कराम ने कहा, ''ज्यादा बदलाव से निरंतरता नहीं बन पाती द। मेरा मानना है कि निरंतरता रखने से ही नतीजे मिलते हैं। उम्मीद है कि अब बल्लेबाजी में निरंतरता बनी रहेगी।

# प्रभात जयसूर्या ने तोड़ा 71 साल पुराना रिकॉर्ड, सबसे तेज 50 टेस्ट विकेट लेने वाले स्पिनर बने

**गाले।** श्रीलंका के स्पिनर प्रभात जयसूर्या ने गाले में आयरलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के अंतिम दिन 71 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

जयसूर्या ने अपने सातवें टेस्ट में 50 विकेट लेकर स्पिनर के रूप में सबसे कम मैचों में 50 विकेट लेने का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। उन्होंने आयरलैंड के बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग का विकेट लेकर वेस्टइंडीज के अल्फ वेलेंटाइन को पीछे छोड़ दिया है।

31 वर्षीय जयसूर्या ने टेस्ट प्रारूप में अपने पदार्पण के बाद से बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उन्होंने जुलाई 2022 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने पदार्पण मैच में 177 रन देकर 12 विकेट लिए।

जयसूर्या ने गाले में दूसरे टेस्ट में आयरलैंड की पहली पारी में 174 रन देकर पांच विकेट हासिल किये, ये छठी बार है, जब उन्होंने एक पारी में पांच विकेट लिए हैं। उन्होंने तीसरी बार एक मैच में 10 विकेट दर्ज करने के लिए दूसरी पारी में केवल पांच विकेट लेने की जरूरत है।

जयसूर्या से पहले, वेलेंटाइन के नाम यह रिकॉर्ड धारक था। बाएं हाथ के ऑर्थोडॉक्स स्पिनर ने 1951/52 में ऑस्ट्रेलिया के वेस्टइंडीज दौरे के चौथे टेस्ट में अपना 50वां विकेट लिया। उन्होंने अपने आठवें मैच में उपलब्धि हासिल की और एक रिकॉर्ड बनाया जो 71 से अधिक वर्षों तक चला। श्रीलंकाई स्पिनर के सामने अब सबसे कम मैचों में 100 विकेट लेने का रिकॉर्ड है, जो इंग्लैंड के तेज जॉर्ज लोहमन

के नाम है। लोहमन ने 1896 में अपने 16वें टेस्ट में 100वां विकेट लिया, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर जलेरी ग्रिमेट और पाकिस्तान के वासिर शाह उन चार गेंदबाजों में शामिल हैं जिन्होंने अपने 17वें टेस्ट में यहउपलब्धि हासिल की।

# Barcelona लगातार तीसरी बार महिला चैंपियंस लीग के फाइनल में

**बार्सिलोना।** बार्सिलोना ने कैंप नोउ में 72000 घरेलू दर्शकों के सामने चेल्सी को 1-1 से ड्रॉ पर रोककर लगातार तीसरी बार महिला चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। बार्सिलोना ने शनिवार को लंदन में पहले चरण के सेमीफाइनल में 1-0 से जीत दर्ज

इस बार फाइनल में उसका मुकाबला आर्सेनल या वोल्फ्सबर्ग से होगा। फाइनल तीन जून को नीदरलैंड के आइंडहोवन में खेला जाएगा।

की थी और इस तरह से वह 2-1 के कुल योग से जीत हासिल करने में सफल रहा। बार्सिलोना पिछले साल फाइनल में लियोन से हार गया था लेकिन इससे पहले साल उसने चेल्सी को हराकर पहली बार महाद्वीपीय खिताब जीता था। इस बार फाइनल में उसका मुकाबला आर्सेनल या वोल्फ्सबर्ग से होगा। फाइनल तीन जून को नीदरलैंड के आइंडहोवन में खेला जाएगा।

# कतर को मिली बास्केटबॉल विश्व कप के आयोजन की जिम्मेदारी, 2027 में होना है वर्ल्ड कप

**कतर।** कतर बास्केटबॉल फेडरेशन को फीबा बास्केटबॉल वर्ल्डकप 2027 के आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस विश्व कप के सभी खेलों का आयोजन दोहा में किया जाएगा। फीबा का सेंट्रल बोर्ड लगाई गई बोलियों से प्रभावित हुआ। दोहा में होने वाले इस इवेंट में 32 टीमें हिस्सा लेंगी। इसमें सभी मुकाबले खेले जाएंगे।विश्व कप के आयोजन को लेकर फीबा ने कहा कि 32 टीम इवेंट में सभी खेलों का मंचन किया जाएगा। फीबा ने मेट्रो सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क आदि को लेकर कहा कि यहां हर तरह की सुविधाएं खिलाड़ियों, टीमों और दर्शकों के लिए उपलब्ध है। बता दें कि हाल ही में कतर में फीफा विश्व कप 2022 का आयोजन नवंबर और दिसंबर के महीने में हुआ था।

हालांकि फुटबॉल विश्व कप की तैयारी के दौरान कतर को काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। दरअसल कतर में प्रवासी मजदूर के साथ दुर्व्यवहार

की घटना सामने आई थी जिसके बाद काफी आलोचना भी हुई थी। फीबा ने2023 टूर्नामेंट ड्रा की पूर्व संध्या पर अपने निर्णय की घोषणा में श्रम या मानवाधिकारों के मुद्दों का कोई संदर्भ नहीं दिया था। इस आयोजन की खास बात है कि इसका आयोजन सिर्फ एक ही शहर में होगा। ऐसे में सभी टीमें, दर्शक आदि अपने लिए पहले से ही योजना बना सकते है। इस आयोजन के जरिए उन्हें एक अनोखा अनुभव होगा। बता दें कि दोहा की खासियत है कि यहां एक जगह से दूसरी जगह जाने की अधिकतम दूरी सिर्फ 30 मिनट की है। इससे अधिक समय कहीं पहुंचने में नहीं लगता है।

बता दें कि पुरुष बास्केटबॉल विश्व कप के लिए फीबा ने सभी स्थानों का निर्माण पहले ही कर लिया है, जबकि व्यापक रूप से उपयोग की जाने वाली हरित प्रौद्योगिकियाँ फीबा बास्केटबॉल विश्व कप 2027 को कार्बन-न्यूट्रल इवेंट के रूप में वितरित करने में मदद करेंगी।

**इस टीम को मिलेगी डायरेक्ट एंट्री**

बता दें कि 89वें नंबर की कतर टीम मेजबान के रूप में स्वत- ही क्वालीफाई कर लेगी। कतर ने आखिरी बार 2006 विश्व चैंपियनशिप में इस प्रतियोगिता में भाग लिया था और अपने सभी पांच गेम हार गया था। कतर पुरुषों के टूर्नामेंट का तीसरा सीधा एशियाई मेजबान है। चीन ने 2019 की मेजबानी की और फिलीपींस, जापान और इंडोनेशिया ने इस साल के संस्करण की मेजबानी 25 अगस्त-सितंबर से की। 12. स्पेन डिफेंडिंग चैंपियन है। 2026 में महिला विश्व कप की मेजबानी जर्मनी द्वारा बर्लिन में की जाएगी, फीबा ने भी फैसला किया।

# पहलवानों के समर्थन में नहीं आया कोई भी क्रिकेटर, विनेश फोगाट ने पूछा- आप डरे क्यों हैं

**कतर।** जंतर मंतर पर इन दिनों देश के दिग्गज पहलवानों का धरना जारी है। पहलवानों के समर्थन में अब तक कई दिग्गज आ चुके है जिसमें ओलंपिक मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा, खाप पंचायतों समेत कई दिग्गज आ चुके है। जंतर मंतर पर पहलवान मांग कर रहे हैं कि भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए।

इसी बीच पहलवान विनेश फोगाट ने देश के दिग्गज क्रिकेटरों और खिलाड़ियों पर भी निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात का काफी दुख है कि देश के दिग्गज क्रिकेटर पहलवानों के समर्थन में आगे नहीं आ रहे है। जो पॉवर मे आए लोगों के खिलाफ कोई बात नहीं कर रहे है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी सत्ता पर काबिज लोगों की पॉवर देखने के बाद उनके खिलाफ खड़े होने का साहस नहीं कर रहे हैं जिससे उन्हें काफी पीड़ा हुई है। बता दें कि विनेश फोगाट इन दिनों ओलंपिक

मेडल विजेता साक्षी मलिक, बजरंग पूनिया समेत कई पहलवानों के साथ मिलकर जंतर मंतर पर धरना दे रही है, जिसमें भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग की जा रही है। विनेश फोगाट ने कहा कि पूरा देश क्रिकेट को पूजता है मगर अब तक पहलवानों के समर्थन में किसी क्रिकेटर ने कुछ नहीं कहा है। कोई पहलवानों के साथ आकर खड़ा नहीं हुआ है। हम क्रिकेटरों से अपने समर्थन में खड़े होने के लिए नहीं कह रहे हैं मगर उन्हें इस मुद्दे पर अपने विचार साझा करने चाहिए। देश के हर खिलाड़ी को जो किसी भी खेल से जुड़ा है उसे आगे आना चाहिए।

**ब्लैक लाइव्स मैटर का दिया उदाहरण**

ब्लैक लाइव्स मैटर का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जब अमेरिका में इसकी शुरुआत हुई थी तो विश्व भर के खिलाड़ी जातिवाद और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाने एक साथ आए थे। उन्होंने कहा कि हमारे देश में कई बड़े दिग्गज खिलाड़ी हैं जिनका विश्व भर में बड़ा नाम है। अमेरिका में हुए ब्लैक लाइव्स मैटर मूवमेंट में उन्होंने अपना योगदान और समर्थन दिखाया था मगर हमारे साथ कोई समर्थन नहीं दिखाया गया है।

बता दें कि विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने ओपन लेटर्स और वीडियो के जरिए विभिन्न खेलों में खेलने वाले खिलाड़ियों को समर्थन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हम खिलाड़ियों से समर्थन मांग रहे है मगर वो किसी डर के कारण ही हमारे साथ खड़े नहीं हुए है। हो सकता है हमारे साथ आने से खिलाड़ियों की स्पॉन्सरशिप पर असर पड़ेगा जो वो नहीं चाहते है। उन्होंने कहा कि जब हम मेडल जीतकर लाते है तो क्रिकेटर से लेकर कई खिलाड़ी हमें शुभकामनाएं देते हुए ट्विट करते है मगर अभी कोई साथ नहीं आ रहा है।

## Ajinkya Rahane को टीम में शामिल किए जाने पर आया Ravi Shastri का बयान, कहा- अय्यर के चोटिल होने के बाद वो ही विकल्प थे

**नई दिल्ली।** पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि श्रेयस अय्यर के पीठ के निचले हिस्से में 'स्ट्रेस फ्रैक्चर' के कारण बाहर होने के बाद अजिंक्य रहाणे का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए भारतीय टीम में जगह बनाना तय था। डब्ल्यूटीसी का फाइनल सात से 11 जून तक लंदन के ओवल में खेला जाएगा। शास्त्री ने 2014 से 2021 के बीच सात में से छह वर्षों के लिए भारतीय टीम को कोचिंग दी है। उन्होंने उन लोगों पर कटाक्ष किया जिन्हें लगता है कि इंडियन प्रीमियर लीग में तीन बेहतरीन पारियां खेलने से रहाणे को भारतीय टीम के लिए चुना गया। शास्त्री ने कहा, '' ऐसे लोग शायद छुट्टी पर होंगे जब रहाणे ने घरेलू सत्र में 600 (रणजी ट्रॉफी) से अधिक रन बनाये।''इस पूर्व हरफनमौला ने कहा, '' मुझे खुशी है कि उसने इस टीम में जगह बनायी। उसने आईपीएल में खेले गए इन दो-तीन मैचों में खूबसूरती से बल्लेबाजी की है, वह शानदार फॉर्म में दिख रहा है। उसके पास मौजूद अनुभव को नहीं भूलना चाहिए। जिस समय श्रेयस अय्यर चोटिल हुए थे, आपको उस दिशा में देखना था।'' रहाणे की अगुवाई में भारत ने 2021 में ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट श्रृंखला में जीत दर्ज की थी।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 30 अप्रैल 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## न्यूज फ्लैश

### सड़क हादसे में भाजपा नेता जागेश्वर की मौत

**अररिया।** अररिया- फारबिसगंज के बीच फोरलेन पर बारा ओवर ब्रिज के समीप शनिवार के दोपहर बाद हुई सड़क हादसे में बाइक सवार भाजपा नेता जागेश्वर ठाकुर(75) की मौत हो गई। मृतक पलासी प्रखंड के बलुआ ड्योढ़ी का रहने वाला था और जनसंघ काल से ही भाजपा से जुड़े थे।भाजपा के जिला और प्रदेश स्तरीय कमिटी में भी रह चुके थे। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष कुमार विकास ने बताया कि मानिकपुर बारा के समीप एक बाइक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दौरान बाइक में पीछे बैठे वृद्ध जागेश्वर ठाकुर की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। वही बाइक चालक जख्मी हो गया। मौके पर पहुंची सिमराहा थाना पुलिस ने मामले की जांच करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए अररिया भेज दिया।

### पेंसिल के बेकार छिलकों से बच्चों ने बनाई मनमोहक कलाकृतियां

**नवादा।** मॉडर्न स्कूल ग्रुप के तीसरी कक्षा के सैकड़ों नन्हें बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता एवं रचनात्मक गतिविधियों से बेकार एवं रद्दी वस्तुओं की सहायता से रंग-बिरंगी, सुंदर एवं मनमोहक कलाकृतियों का निर्माण कर बेकार वस्तुओं के सदुपयोग के गुण सिखाएं। बच्चों ने पेंसिल को छीलने से निकलने वाले बेकार छिलकों के माध्यम से विभिन्न प्रकार के आकर्षक कलाकृतियों का निर्माण करके अपनी रचनात्मकता से सभी को अभिभूत कर दिया। इस गतिविधि को मॉडर्न इंगलिश स्कूल, बिहारशरीफ की हिंदी शिक्षिका प्रियंका प्रसाद के दिशा निर्देशन में विद्यालय की सभी शाखाओं के कला-शिक्षकों एवं तीसरी कक्षा के वर्गशिक्षक की सहायता से आयोजित किया गया। गतिविधि में भाग लेने वाले तीसरी कक्षा के बच्चों एवं उनकी शिक्षिकाओं के इस बेहतरीन प्रयास की सराहना करते हुए मॉडर्न शैक्षणिक समूह के निदेशक डॉ अनुज कुमार ने शनिवार को कहा कि ऐसे क्रियाकलाप बच्चों में ना सिर्फ रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं बल्कि इसके साथ ही साथ उनके अंदर एकाग्रता एवं सौंदर्यबोध की क्षमता भी उत्पन्न करते हैं। ऐसी गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के अंदर चीजों के सदुपयोग की प्रवृत्ति भी बढ़ती है। बच्चे ना केवल अपने वस्तुओं को संयोजन एवं सवारने की कला सीखते हैं, बल्कि अपनी चीजों को बेकार फेंक देने के बजाए आसपास के वातावरण में बिखरे व्यर्थ की चीजों के माध्यम से कुछ नया बनाने के लिए भी प्रेरित होते रहेंगे। इससे उनके भविष्य को सकारात्मक दिशा प्राप्त होगी। बच्चों के द्वारा बनाए गए फल-फूल, गमले, मछली, पौधे, गुलदस्ते आदि एक से बढ़कर एक आकर्षक एवं मनमोहक कलाकृतियों को देखकर विद्यालयों के सीनियर विद्यार्थियों, शिक्षकगण एवं कई अभिभावकों ने खुले दिल से प्रशंसा की और इतनी कम उम्र में बच्चों के द्वारा ऐसी रचनात्मक कलाकारी को देखकर सभी ने आश्चर्य प्रकट करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की हार्दिक कामना की। कबाड़ से जुगाड़ गतिविधि को सफल बनाने में मॉडर्न ग्रुप के शिक्षक-शिक्षकाओं जयराम कुमार, पंकज पांडे, सुमित्रा शुभा, संतोष कुमार, शुभलता, पायल कुमारी, पूनम कुमारी, कृपा, प्रियंका, मनीषा, लकी, मानसी एवं शिवकिंकर मिश्रा आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# 'उप्र में अब बिना भेदभाव हर व्यक्ति की सुरक्षा की गारंटी'

## निकाय चुनाव को लेकर योगी की गोरखपुर, महराजंगज, देवरिया, कुशीनगर व वाराणसी में सभाएं

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर शनिवार को धुआंधार पांच जनसभाएं गोरखपुर, महराजगंज, देवरिया, कुशीनगर और वाराणसी में कीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने लोगों को बताया कि नगर निकाय का चुनाव विकास के दृष्टि से कितना महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री योगी ने हर जनसभा में भाजपा सरकार के किए कार्यों के आधार पर वोट मांगा तो विपक्षियों पर प्रहार भी किया। उन्होंने बिना भेदभाव हर व्यक्ति की सुरक्षा की गारंटी की भी बात कही। योगी ने अपील की कि चार मई को हर हाल में वोट अवश्य दें और सही लोगों को जिताकर भाजपा का बोर्ड बनाकर विकास की गति दें।

उन्होंने कहा कि कुशीनगर में कभी बीमारी और भूखमरी से मौतें होती थीं पर आज यह जनपद नई आभा के साथ निखर रहा है। योगी ने देवरिया का अस्तित्व पुनः लौटाने का वायदा किया और वाराणसी में कहा कि काशी आने पर मुझे गर्व होता है। मैंने सर्वाधिक यात्रा यहीं की की।

**उप्र में बिना भेदभाव हर व्यक्ति की सुरक्षा की गारंटी:** गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश और गोरखपुर नई आभा के साथ तेजी से विकास पथ पर अग्रसर है। पूर्व में यहां गुंडा टैक्स एवं रंगदारी वसूली जाती थी। गरीबों की सम्पत्तियों, व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर गुंडे, माफिया, सत्ताधारी दल के लोग कब्जा कर लेते थे, जबकि आज यूपी इस अराजकता से मुक्त हो चुका है। व्यापार-उद्योग के क्षेत्र में रिफॉर्म के अनेक कार्य हुए हैं। आज वैश्विक बाजार पूरी तरह भारत के लिए खुला हुआ है। इन सबका सकारात्मक प्रभाव प्रति व्यक्ति आय और जीवन स्तर पर पड़ा है। भाजपा सरकार में वर्ल्ड क्लास सिटी बनाने के लिए स्मार्ट एवं सेफ सिटी के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। केंद्र सरकार ने स्मार्ट सिटी मिशन के तहत उत्तर प्रदेश के 10 शहरों का चयन किया तो गोरखपुर समेत 7 अन्य का चयन राज्य सरकार ने स्टेट मिशन के अंतर्गत किया। यहां 40 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जा रहा है। जल्द ही हम मेट्रो की दिशा में आगे बढ़ेंगे।

जहां आवश्यकता होगी, वहां रोपवे की भी सुविधा देंगे। सीएम ने व्यापारियों की चुटकी ली और कहा कि 4 मई को नेपाल जाने की भूल मत करिएगा। उन्होंने कहा कि पहले एक घंटे की बारिश में गीता प्रेस, साहबगंज जैसे इलाकों में तीन फुट पानी जमा हो जाता था। लगातार 48 घंटे बारिश के बावजूद जलभराव नहीं हुआ। जलभराव के स्थायी समाधान के लिए ही गोड़धोइया नाला परियोजना पर काम शुरू किया गया है।

**आज व्यापारी सीना तानकर चलता है और अपराधी सिर झुकाकर :** महराजगंज में योगी ने कहा कि पहले माफिया सीना तानकर चलता था और व्यापारी झुक कर। आज व्यापारी सीना तानकर चलता है और अपराधी सिर झुकाकर, गले में तख्ती लटकाकर, जान की भीख मांगता है। सरकार बदलने पर कैसे परिवर्तन होता है, ये आज हर कोई महसूस कर सकता है। उन्होंने कहा कि नगर निकाय चुनाव का महत्व क्या है, ये आप सभी को समझने की जरूरत है।

गलत लोग आ जाएंगे तो जनता का नुकसान होगा। ऐसी गलती करने की जरूरत नहीं है। हम लोग अपने नगर निकायों और ग्राम पंचायतों को ऐसा बनाना चाहते हैं, जहां से उसके ज्यादातर काम ऑनलाइन हो जाएं और आपको प्रमाणपत्रों के लिए इधर उधर भटकना ना पड़े।

### भाजपा सरकार में सभी तबकों को मिल रहा योजनाओं का लाभः कौशल

**लखनऊ।** केन्द्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार में समाज के सभी तबकों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि विकास के लिए एक ही विकल्प है कि भारतीय जनता पार्टी की ट्रिपल इंजन की सरकार बने। कौशल किशोर ने भारतीय जनता पार्टी की महापौर उम्मीदवार सुषमा खर्कवाल व विद्यावती द्वितीय वार्ड में भाजपा पार्षद उम्मीदवार कौशलेंद्र दिवेदी व शारदा नगर प्रथम वार्ड के पार्षद उम्मीदवार हिमांशु अंबेडकर को वोट देने की अपील की। कौशल किशोर ने कहा कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार समाज के अंतिम पायदान में बैठे व्यक्ति की चिंता करती है।

# 'मन की बात' कार्यक्रम सुनने को आज भी खुलेंगे विद्यालय'

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

प्रदेश में प्रधानमंत्री की 'मन की बात' कार्यक्रम सुनने को 30 अप्रैल (रविवार) को भी विद्यालय खुलें रहेंगे। विद्यालय स्तर पर प्रसारित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं बनाने को कहा गया है। 'मन की बात' कार्यक्रम का 100वां एपिसोड रविवार को प्रातः 11 बजे ऑल इंडिया रेडियो, डीडी नेशनल और डीडी न्यूज आदि से प्रसारित किया जाना है। राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा बंशीधर तिवारी ने कहा कि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री की ओर से बच्चों,अभिभावकों,अध्यापकों और विद्यालयों के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है, इसलिए कार्यक्रम का प्रसारण सभी हितधारकों जिसमें बच्चे महत्वपूर्ण और उपयोगी है। कार्यक्रम का व्यापक प्रचार प्रसार हो सके और शिक्षक व छात्र-छात्राएं कार्यक्रम से लाभान्वित हो सकें। इसके लिए शिक्षकों व छात्र-छात्राओं की प्रतिभागिता महत्वपूर्ण है। इसको ध्यान में रखते हुए 30 अप्रैल को समस्त विद्यालय संचालित रहेंगे। सभी छात्र-छात्राओं को प्रधानमंत्री की 'मन की बात' कार्यक्रम को दिखाया जायेगा। बंशीधर तिवारी ने कहा कि 'मन की बात'कार्यक्रम विद्यालय स्तर पर प्रसारित करने के लिए विद्यालय स्तर पर आवश्यक व्यवस्थाएं टेलीविजन, एलईडी, रेडियो, वर्चुअल क्लास, स्मार्ट कक्षा, कम्प्यूटर, लैपटॉप करने को कहा है। यदि उल्लिखित संसाधनों की व्यवस्था नहीं हो सकती है तो मोबाइल के माध्यम से भी छात्र-छात्राओं को 'मन की बात' कार्यक्रम से जोड़ने को कहा गया है।

कर्नाटक विधानसभा चुनाव की सरगर्मी बढ़ती जा रही है। सभी पार्टियों के नेता इन अंतिम दिनों में जमकर प्रचार कर रहे हैं। चुनाव आयोग ने भी 10 मई को होने वाले चुनाव की तैयारियां कर ली हैं। इस चुनाव में कई खास चीजें होंगी। जैसे- बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के लिए घर से वोट डालने के लिए एक नई पहल 'वोट फ्रॉम होम' की सुविधा होगी।

### 'विश्व की अनोखी घटना है प्रधानमंत्री का जनता के साथ सीधा संवाद'

**बेगूसरायः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 100वें संस्करण पर बेगूसराय जिले के करीब आठ सौ स्थानों पर इसका आयोजन किया जा रहा है। सभी स्थलों पर सौ-सौ लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है।सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की भागीदारी के आधार पर बड़ा कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा ने शनिवार को बताया कि प्रधानमंत्री के मन की बात का देश के लोगों पर व्यापक असर है।

# जरूर सुनें प्रधानमंत्री के 'मन की बात' : योगी

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की जनता से अपील की है कि रविवार को दिन में 11 बजे प्रसारित होने जा रहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सभी लोग अवश्य सुनें। योगी ने अपने ट्विटर हैंडल से इस बारे में सूचना देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात जन-गण के मन तक पहुंचती है। योगी ने कहा कि लोकतांत्रिक संस्कृति को समृद्ध करते, सभी को प्रेरणा प्रदान करते और आमजन के मन को एकात्मता के भाव से जोड़ते इस कार्यक्रम में 'मन की बात' की बात होती है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से अनेक नवाचारों, विभिन्न सामाजिक सरोकारों एवं विविध मुहिमों को सशक्त मंच प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि कल सभी लोग प्रधानमंत्री की 'मन की बात' के 100वें एपिसोड को अवश्य सुनें और भारत के मन से जुड़ें। वैसे मुख्यमंत्री योगी स्वयं रविवार को कर्नाटक के चुनावी दौरे पर होंगे। वह वहां कोप्पल जिले की गंगावती विधानसभा में पब्लिक मीटिंग के दौरान प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनेंगे।

# 'ऐतिहासिक होगा 'मन की बात' का 100वां एपिसोड'

**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार**

**हरिद्वार सांसद** डा.रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम का 100वां एपिसोड गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज होगा। रविवार को प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। जनपद के प्रत्येक बूथ पर 100 लोग प्रधानमंत्री के मन की बात सुनेंगे। 'मन की बात' का सौ वां एपिसोड ऐतिहासिक होगा। प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए डा.निशंक ने बताया कि ऋषिकुल ऑडिटोरियम में भी 'मन की बात' कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें कई संत मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी पहले प्रधानमंत्री है, जो

मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से 100 करोड़ लोगों से सीधे संवाद स्थापित कर रहे है। 'मन की बात' एक सामाजिक कार्यक्रम है, जो देश जोड़ने और मजबूत करने का माध्यम बन रहा है। 'मन की बात' के जरिए प्रधानमंत्री देश के अंतिम व्यक्ति से संवाद करते हैं। कुछ संतों के हरिद्वार से संत को लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाए जाने की मांग करने पर डा.निशंक ने कहा कि संतों का आशीर्वाद उनके साथ भी है।

## साधा निशाना

### गरीबों को आवास, शौचालय गैस व विद्युत कनेक्शन मिला हैः उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक

# 'जिन्होंने कारसेवकों पर गोली चलाने का काम किया उनकी जमानत जब्त कराएं'

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**

**प्रदेश के** उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने शनिवार को मणिरामदास छावनी के सभागार में आयोजित प्रबुद्धवर्ग सम्मेलन को संबोधित किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार के दौरान सपाईयों का नारा था कि खाली प्लाट हमारा है। माफिया उस काल में गाड़ियों के काफिले के साथ दस- दस बंदूकें लेकर चलते थे। सपा ने अपने शासन काल में प्रदेश को दंगे की आग में झोंकने का कार्य किया था। उस समय एक हजार से अधिक दंगे हुए। आज अपराधी तख्ती

लगाकर घूम रहे है कि हमको गिरफ्तार कर लो, हम गुण्डागर्दी नहीं करेंगे। ब्रजेश पाठक ने कहा कि वह लोग भी चुनाव मैदान में हैं। अयोध्या में जिन लोगों ने कारसेवकों पर गोली चलाने का काम किया था। आज जनता उनकी जमानत जब्त कराने का काम करेगी। सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय की सोच को जमीन पर उतारने का काम किया है। आज हर घर को पानी मिल रहा है। गरीबों को आवास, शौचालय गैस व विद्युत कनेक्शन मिला है।यूपी के सभी जनपदों को 24 घंटे बिजली मिल रही है। इस अवसर पर अयोध्या सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि परियोजनाओं की श्रंखलाओं के माध्यम से केन्द्र प्रदेश सरकार रामनगरी अयोध्या का विकास कर रही है। योजनाओं लाभ कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति को मिला है।

जिससे आम जनता में उत्साह का माहौल है। समारोह में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि भाजपा इस चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने जा रही है। हम सबका साथ सबका विकास के पथ चलते हुए सबका विश्वास हासिल करने के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहे है।

जय श्री श्याम जय श्री श्याम

श्री राम मन्दिर

प्रबंध समिति : श्री राम नाटक संकीर्तन मण्डल (रजि.)

गली नं.7 मजलिस पार्क, दिल्ली-33

श्री खाटू वाले श्याम जी की मूर्ति स्थापना

सोमवार 1 मई 2023 भण्डारा दोपहर 12 बजे

पूजन, हवन एवं प्राण प्रतिष्ठा प्रातः 9 बजे

संकीर्तन प्रातः 10 बजे जोगेन्द्र चंचल एण्ड पार्टी द्वारा

सौजन्य से : श्री अनिल गर्ग जी परिवार

नगर भ्रमण निशान यात्रा रविवार 30 अप्रैल 2023 सायं 5 बजे

महिला एवं पुरुष सकीर्तन मंडल द्वारा

मूर्ति स्थापना एवं भण्डारा सेवा
श्री सुधीर अग्रवाल जी परिवार,
श्री मोहित जिन्दल जी सुपुत्र श्रीमती सुमित्रा जिन्दल जी परिवार
श्री दर्पण गुप्ता जी परिवार
श्री श्याम परिवार कल्याण मजलिस पार्क

छप्पन भोग सेवा — श्री अवधेश गुप्ता जी परिवार

प्रसाद सेवा
श्री सागर नागपाल जी सुपुत्र श्री विनोद नागपाल जी
श्री रोहित त्यागी जी सुपुत्र श्री सुरेन्द्र त्यागी जी,
श्री विकास चौधरी जी, श्री मोहित कुमार जी सुपुत्र डॉ.जी.एस.कुमार जी

जो भी सदस्य एवं भक्तजन निशान यात्रा में निशान उठाना चाहते है वो 51/- रू. देकर 30 अप्रैल 2023 तक मन्दिर में पण्डित जी से या नीचे लिखे पदाधिकारियों से निशान के लिए कूपन ले सकते हैं।

आप सभी इष्ट मित्रों एवं परिवार सहित सादर आमंत्रित हैं।

सम्पर्क सूत्र :

नरेश टण्डन प्रधान 9891406085

सुनील खन्ना महासचिव 9350073195

सुधीर अग्रवाल कोषाध्यक्ष 9811064583